■ **बुक फेयर** में शोरगुल के बीच एक कोना ऐसा है, जहां से गुजरते समय सबके कदम थम जाते हैं। वह कोना नहीं बल्कि एक टाइम मशीन है, जो लोगों को सीधे एक उपन्यास के भीतर ले जाती है। यहां एक दीवार है और उस दीवार में एक खिड़की। लोग यहां रुकते हैं, अपना फोन किसी अजनबी या साथ वाले को थमाते हैं और खुद खिड़की के उस पार खड़े होकर मुस्कुराते हैं। उस एक पल के लिए, वे आम रीडर नहीं रह जाते, बल्कि वो विनोद कुमार शुक्ल के मशहूर उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' के किरदार रघुवर प्रसाद और सोनसी बन जाते हैं।

हाथी और यादें: दीवार पर एक हाथी की पेंटिंग भी उकेरी गई है। ठीक वैसे ही जैसे रघुवर के घर के बाहर हाथी आया करता था और पूरा मोहल्ला उसे देखने उमड़ पड़ता था। हाल ही में विनोद कुमार शुक्ल जी हमें छोड़कर चले गए। हिंद युग्म सेट-अप के जरिए हमको उनसे जोड़ रहा है। हिंदी युग्म के एडिटर शैलेश भारतवासी बताते हैं कि यह सिर्फ फोटो-बूथ नहीं, शुक्ल जी के जादू का अहसास करने की एक कोशिश है।

खिड़की या एक उम्मीद: मैंने खिड़की के उस पार से एक नन्ही जान को झांकते हुए देखा, झट से मैंने फोन निकाला और उसकी तस्वीर क्लिक की। बारी-बारी से फोटो खिंचाने आते लोगों की आंखों की चमक और चेहरे पर मुस्कान देखकर ऐसा लगा जैसे सिर्फ उस पार से लोग नहीं, एक उम्मीद झांक रही है। विनोद कुमार शुक्ल भी अपने लेखन के जरिए ऐसी कितनी ही उम्मीदें हमारे लिए छोड़कर गए हैं।



विनोद कुमार शुक्ल की दुनिया में ले जाता है फोटो-बूथ

बुक फेयर में मस्ती और कल्पनाओं की दुनिया में गोते लगा रहे बच्चे

■ राम त्रिपाठी, नई दिल्ली

वर्ल्ड बुक फेयर-26 में बच्चों की एक बड़ी दुनिया सजी हुई है। यहां बच्चों को मिल रही सुविधाओं से पैरेंट्स भी खुश हैं। कॉमिक्स बुक्स, शॉर्ट स्टोरीज की किताबें और ड्रॉइंग बुक्स आदि सस्ते दामों में बिक रही हैं। यहां बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट भी सिखाया जा रहा है। बच्चों को अपने मन की बात, विचार रखने का भरपूर मौका भी दिया जा रहा है। कहानी और कविता सुनकर बच्चे काफी खुश दिखते हैं।

हॉल नंबर-6 पूरी तरह से प्राइमरी से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चों की सामग्री और एक्टिविटीज से भरा हुआ है। करीब 750 वर्ग मीटर में सुंदर डिजाइन के साथ बनी 'किड्स एक्सप्रेस' में ऊपर की तरफ एक बड़े बोर्ड में लिखा है 'रंग दो दुनिया सारी'। यहां किताबों के कुछ काउंटर के अलावा अन्य काउंटरों में बच्चों के लिए मधुबनी आर्ट कॉर्नर, कलर कॉर्नर, इमोजी मी कॉर्नर, कला और शिल्प कॉर्नर, वर्ली आर्ट कॉर्नर, क्ले प्ले सिखाई जा रही है। इसके अलावा बच्चों के लिए वर्ली कला और कार्टून डिजाइन वर्कशॉप भी लगी है।

Q&A

किताबों की तलाश से टाइमिंग तक...

यहां हैं आपके सवालों के जवाब

■ **नरेंद्र कोहली का महासमर उपन्यास कहां मिलेगा? - MK बरनवाल**
वाणी पब्लिकेशन, हॉल नंबर-2, स्टॉल- L03

■ **क्या मैं अपनी बुक को फेयर में सबके देखने के लिए रख सकती हूं?**
जिस पब्लिकेशन से आपकी बुक छपी है अगर फेयर में उसका स्टॉल लगा है तो आप अपने पब्लिशर से बात करके अपनी बुक वहां रखवा सकती हैं।

■ **क्या बुक फेयर में कॉम्पिटिशन से जुड़ी बुक मिल सकती है**
हां, हॉल नंबर-6 में मिल जाएगी आपको।

■ **अच्छी शॉर्ट स्टोरी से जुड़ी बुक का सजेशन दो।**
कलेक्टिड शॉर्ट स्टोरीज- रस्किन बॉन्ड, ग्यारहवीं-A के लड़के- गौरव सोलंकी, सावंत आंटी की लड़कियां- नीलेश चतुर्वेदी

■ **मुझे हिंदी में इंवेस्टमेंट और शेयर मार्केट से जुड़ी बुक्स सुझाओ।**
शून्य से शुरुआत: शेयर बाजार (वैभव सर्राफ), रिच डैड-पुअर डैड (रॉबर्ट क्योसाकी)

■ **मुझे जानना है कि बुक फेयर का कोई ऐप है, जिससे पता चल सके कि कौन से पब्लिशर का स्टॉल कहां लगा है?**
कोई ऐप तो नहीं है लेकिन नैशनल बुक ट्रस्ट की वेबसाइट पर आपको काफी कुछ जानकारी मिल जाएगी।

■ **क्या फेयर में हिंदी, इंग्लिश के आलावा अन्य भारतीय भाषाओं में अनुवादित बुक्स भी उपलब्ध हैं?-- पैथर तोमर**
हां, एक भाषा से दूसरी भाषा में अच्छे से अनुवाद की गई बुक्स आसानी से मिल जाएगी।

■ **बुक फेयर कब तक चलेगा और टाइमिंग क्या रहती है?**
18 जनवरी तक चलेगा फेयर, टाइमिंग सुबह 10 से रात 8 बजे तक रहती है।

■ **क्या फेयर में होम्योपैथी की किताबों से जुड़े स्टॉल भी हैं?**
जवाब- हां।

■ **मैं बाल साहित्य से जुड़ी फ्रीलांस आर्ट एजुकेटर हूं, फेयर से किस तरह जुड़ सकती हूं? – वंदना गुप्ता**
आप फेयर में आकर नए लोगों से कनेक्ट कर सकती हैं।

■ **13 से 19 साल के स्टूडेंट्स के लिए अच्छी बुक सुझाओ।-- ममता सीनियर लाइब्रेरियन**
सत्य के मेरे प्रयोग, भारत एक खोज, केव्स ऑफ स्टील, डॉलफिन आईलैंड, ब्योमकेश बक्शी की कहानियां, तोत्तो चान

■ **क्या फेयर में फैंटम और मैनड्रेक जैसी कॉमिक्स बुक्स हिंदी में मिल रही हैं?**
जवाब - हां, आपको फेयर में दोनों मैग्जीन मिल सकती हैं, इनके अलावा कई और पुरानी मैग्जीन भी यहां मिल रही हैं।

नन्हे पाठकों के लिए खास इंतज़ाम

■ **पूरे फेयर** में हॉल नंबर-6 और 5 के कुछ प्रकाशकों के स्टॉल में बिक रही कॉमिक्स और लघु कथा आदि की किताबें पढ़ने के लिए कई छोटे चेयर और टेबल रखे गए हैं। यहां बच्चे आराम से बैठकर अपने पसंद की कॉमिक्स आदि पढ़ रहे हैं। यह व्यवस्था सिर्फ बच्चों के लिए है।

प्रकाश बुक्स वंडर हाउस, ओसवाल बुक्स और प्रभात प्रकाशन आदि में कॉमिक्स के साथ दुनिया के बड़े वैज्ञानिक, भारत के स्वतंत्रता सेनानी और संत आदि की जीवनियां भी बच्चे पसंद कर रहे हैं। उन किताबों में आकर्षक स्केच और फोटो की संख्या अधिक है। उन किताबों के रेट में 20 से 70 फीसदी की छूट मिल रही है।

चेयर और टेबल पर बैठ कहानियों में खोए बच्चे

किड्स एक्सप्रेस में स्कूल के बच्चे संगीतमय कहानी सुना रहे हैं। कठपुतली की कहानी सुनाते हुए उसे बनाना भी सिखाया जा रहा है। बाल लेखकों की बैठकें हो रही हैं। बड़े लेखक और कहानीकार बच्चों के बीच इंटरएक्टिव मीटिंग का दौर भी जारी है।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
5 इंस्टीट्यूशनल एरिया, बसंत कुंज, नई दिल्ली–110070
ई–मेल : nro.nbt@nic.in

पुस्तकों की खरीद हेतु
रुचि की अभिव्यक्ति (EOI)

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्यरत् राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत, हापुड़ जिला के अन्तर्गत पंचायत स्तरीय डिजिटल लाइब्रेरी के संचालन हेतु पुस्तकें सभी मानक प्रकाशकों से खरीदने को इच्छुक है।

राष्ट्रीय स्तर पर सभी मानक प्रकाशकों द्वारा हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में पुस्तकों की खरीद हेतु विभिन्न विषयों जैसे, आत्मकथा, प्रतियोगी पुस्तकें, जीवनी, सामान्य ज्ञान, व्याकरण, इतिहास, सामान्य विज्ञान, शब्दकोष, तार्किक कौशल आदि से संबंधित पुस्तकें अधिकतम 10 शीर्षकों की एक–एक प्रति चयनार्थ प्रस्तुत की जा सकती हैं। किसी भी स्थिति में पाठ्य पुस्तकों (Text books) पर विचार नहीं किया जाएगा।

इच्छुक सभी प्रकाशक दिनांक 27 जनवरी, 2026 सायं 5:00 बजे तक पुस्तकें राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत के उपरोक्त पते पर भेजना सुनिश्चित करें।

CBC 21103/12/0075/2526

NATIONAL INSTITUTE FOR MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES (ni-msme)
An Organisation of the Ministry of MSME, Govt. of India, ISO 9001:2015 Certified
Accredited as UTKRISHT / 3-Star Rating by Capacity Building Commission (CBC)
Yousufguda, Hyderabad-500045, Telangana. e-mail: nimsme-admn@nimsme.gov.in

NOTIFICATION

Advertisement No.ni-msme/vacancies notification/2026/01 Date 12.01.2026

Applications are invited from eligible Indian Nationals for filling up of following posts in the National Institute for Micro, Small and Medium Enterprises (ni-msme) on **Direct Recruitment** basis:

S. No.	Name of the Post	No.of Vacancies	Category	Method of Recruitment	Scale of Pay and Category	Other Information
1	Director, SED Director, SEE Director, SEM Director, SEIC	01 01 01 01	General	Direct Recruitment	Level 12 of 7th CPC	For all details, please visit the official website www.nimsme.gov.in
2	Faculty Member (Core Stream)	06	General-5 OBC-1	-Do-	Level 11 of 7th CPC	Last date for receipt of online application 30 days, from the date of publication of this advertisement.
3	Faculty Member (Technology)	01	General	-Do-	Level 11 of 7th CPC	
4	Faculty Member (Trade & Marketing)	01	General	-Do-	Level 11 of 7th CPC	

Terms & Conditions:
- Candidates fulfilling the eligibility criteria may submit **ONLINE** application in the prescribed format only.
- Age for eligibility will be calculated as on the last date of receipt of applications.
- The online application available on the website should be duly filled **separately for each** post at Sr. No.01,02,03 & 04 above, along with updated scanned copies of Certificates / documents i.e. Qualification, Age, Experience, Salary proof and other relevant certificates.
- The **Last Date** for receipt of online applications will be 30 days from the date of publication of this advt.
- Shortlisted candidates will be informed through their **e-mail**. Candidates should check the website notifications only.
- The number of posts is tentative and is liable to change based on the Institute's requirements.

Sd/- Chief Administrative Officer

GOVERNMENT OF INDIA
MINISRTY OF MICRO, SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES
Kartavya Bhawan Building 03, Kartavya Path, New Delhi – 110001.

F.No. 11(6)/2021-EDI **VACANCY CIRCULAR**

The Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises invites application for the post of **Director General** in National Institute for MSME (ni-msme), Hyderabad (an autonomous body under the Ministry of MSME) on contract basis.

Name of the Post	No.of Vacancies	Method of Recruitment	Consolidated Pay/month (fixed)	Place of Posting
Director General, National Institute for Micro, Small and Medium Enterprises (ni-msme), Hyderabad	01	Contract basis	Rs. 2,65,000/- per month (fixed) (An annual increment of 5% shall be admissible, subject to satisfactory performance)	Hyderabad

2. For details regarding eligibility criteria i.e. educational qualification, experience, age, remuneration, facilities, allowances and other general conditions, the applicants are advised to refer to the official website of the Ministry https://msme.gov.in and at ni-msme's website https://www.nimsme.gov.in.
3. The application, in the prescribed format along with self-attested copies of relevant documents should reach the Under Secretary (EDI), Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises, Hall No. 32110, Kartavya Bhawan – 03, New Delhi -110001, in hard copy within 30 days from the date of publication of this Advertisement in the Employment News.

Sd/- (Hemant Sharma), Under Secretary to the Government of India

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMM12 User: cci Time: 01-13-2026 22:43 Color:

फटाफट खबरें

महादेव ऐपः प्रमोटर की संपत्ति अटैच

■ पीटीआई, नई दिल्लीः एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट (ED) ने महादेव ऑनलाइन बैटिंग ऐप के मुख्य प्रमोटर रवि उप्पल और अन्य आरोपियों की संपत्तियां अटैच की है, जिनकी कुल कीमत लगभग 21.45 करोड़ रुपये है। इस आदेश के तहत उप्पल की दुबई स्थित 6.75 करोड़ की संपत्ति को शामिल किया गया है।

अब्बास अंसारी को SC से रेगुलर बेल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को यूपी के विधायक अब्बास अंसारी को राज्य के गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में दी गई अंतरिम जमानत को रेगुलर कर दिया है। अब्बास अंसारी दिवंगत गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के बेटे हैं। चित्रकूट में अब्बास अंसारी और अन्य के खिलाफ वसूली और मारपीट के आरोप में केस दर्ज किया गया था।

बेअंत सिंह हत्याकांडः सुनवाई दो हफ्ते टली

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे जगतार सिंह हवारा की उस याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह के लिए स्थगित कर दी, जिसमें उन्होंने दिल्ली की तिहाड़ जेल से पंजाब की किसी जेल में ट्रांसफर करने की मांग की है।

सावरकर पर अर्ज़ी, कोर्ट की फटकार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को संसद और अन्य सार्वजनिक स्थानों से विनायक दामोदर सावरकर के चित्र हटाने की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए याची पर भारी हर्जाना लगाने की चेतावनी दी, जिसके बाद याची ने अर्जी वापस लेने की इजाजत मांगी।

भ्रष्टाचार निरोधक कानून पर सुप्रीम कोर्ट के जज बंटे

जस्टिस नागरत्ना: यह भ्रष्टों को संरक्षण देने का प्रयास

जस्टिस विश्वनाथन: ईमानदार अफसरों की सुरक्षा ज़रूरी

धारा-17A को निरस्त किया जाना चाहिए। यह जांच को रोक देती है और ईमानदार अधिकारियों की रक्षा करने के बजाय भ्रष्ट लोगों को संरक्षण देती है।

-जस्टिस नागरत्ना

अगर धारा 17A को निरस्त कर दिया गया तो लोकपाल के माध्यम से आने वाली शिकायतों की जांच-पड़ताल होगी, जबकि पुलिस के माध्यम से आने वाली शिकायतों की नहीं होगी।

-जस्टिस विश्वनाथन

भ्रष्टाचार निरोधक कानून (Prevention of Corruption Act) की धारा 17A की संवैधानिक वैधता पर सुप्रीम कोर्ट की दो-जजों जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की बेंच की एक राय नहीं बन सकी। मंगलवार को आए खंडित फैसले में एक जज ने इस प्रावधान को पूरी तरह असंवैधानिक बताते हुए निरस्त करने की बात कही, जबकि दूसरे जज ने इसे वैध ठहराते हुए इसकी सीमित व्याख्या की। मतभेद के चलते मामला अब चीफ जस्टिस के समक्ष भेज दिया गया है, ताकि बड़ी पीठ का गठन कर अंतिम फैसला लिया जा सके। पेश है राजेश चौधरी की रिपोर्टः

यह असंवैधानिक, इसे निरस्त होना चाहिएः जस्टिस नागरत्ना

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि धारा-17A असंवैधानिक है और इसे निरस्त किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व स्वीकृति की यह शर्त भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के उद्देश्य के विपरीत है, जांच की प्रक्रिया को रोक देती है और भ्रष्ट लोगों को संरक्षण प्रदान करती है। उन्होंने टिप्पणी की कि यह प्रावधान 'भ्रष्टों को संरक्षण देने' का प्रयास है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है। यह प्रावधान उन व्यवस्थाओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास है जिन्हें पहले ही विनीत नारायण और सुब्रमण्यम स्वामी मामलों में खारिज किया जा चुका है। पूर्व स्वीकृति की शर्त अधिनियम के उद्देश्य के विपरीत है और यह जांच को रोक देती है और ईमानदार अधिकारियों की रक्षा करने के बजाय भ्रष्ट लोगों को संरक्षण देती है, जबकि वास्तव में ईमानदार और सत्यनिष्ठ अधिकारियों को किसी संरक्षण की आवश्यकता नहीं होती।

AI image

17A ईमानदारों को बचाने वाला प्रावधान हैः जस्टिस विश्वनाथन

जस्टिस के. वी. विश्वनाथन ने धारा-17A को संवैधानिक रूप से वैध ठहराते हुए ईमानदार अधिकारियों की सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 17A को निरस्त करना 'नहाने के पानी के साथ बच्चे को भी फेंक देने' जैसा होगा और ऐसी स्थिति में 'इलाज बीमारी से भी बदतर' हो जाएगा। उनके अनुसार सेंक्शन का फैसला कार्यपालिका से मुक्त किसी स्वतंत्र संस्था द्वारा लिया जाना चाहिए। इसी आधार पर निर्देश दिया कि यह निर्णय लोकपाल या राज्य लोकायुक्त द्वारा किया जाए और इसी सीमा तक धारा 17A की व्याख्या सीमित मानी जाए। उन्होंने चेताया कि ईमानदार लोक सेवकों को निरर्थक और दुर्भावनापूर्ण जांचों से सुरक्षा नहीं मिलने पर नीतिगत पक्षाघात की स्थिति बन सकती है। फैसले में कहा गया कि धारा 17A में अमान्य वर्गीकरण का कोई दोष नहीं है और केवल दुरुपयोग की आशंका इसे रद्द करने का आधार नहीं है।

आखिर क्या है धारा-17 ए?

2018 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 में संशोधन कर धारा 17A जोड़ी गई थी। इसके तहत किसी पब्लिक सर्वेंट के खिलाफ उसकी आधिकारिक ड्यूटी के दौरान लिए गए फैसले या की गई सिफारिश से जुड़े अपराध की जांच, पूछताछ या अन्वेषण शुरू करने से पहले सरकार की सक्षम अथॉरिटी की पूर्व स्वीकृति अनिवार्य है। अगर संबंधित अधिकारी केंद्र सरकार के अधीन पद पर था, तो केंद्रीय सरकार से और राज्य से जुड़े पद पर होने की स्थिति में राज्य सरकार से स्वीकृति लेनी होगी। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति अनुचित लाभ लेते या लेने का प्रयास करते हुए मौके पर गिरफ्तार किया जाता है, तो ऐसी पूर्व स्वीकृति आवश्यक नहीं होगी।

1988 में संशोधन कर धारा 17A जोड़ी गई थी

अर्ज़ी में क्या मांग की गई?

याचिका सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन ने दायर की थी, जिसमें 2018 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में जोड़ी गई धारा 17A को गैर-संवैधानिक घोषित करने की मांग की गई। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने तर्क दिया कि जांच से पहले पूर्व स्वीकृति की शर्त वही संरक्षण फिर लागू करती है, जिसे सुप्रीम कोर्ट पहले ही निरस्त कर चुका है। उन्होंने विनीत नारायण और सुब्रमण्यम स्वामी मामलों का हवाला देते हुए कहा कि वरिष्ठ लोक सेवकों के खिलाफ जांच से पहले कार्यपालिका की मंजूरी असंवैधानिक है। भूषण ने कहा कि धारा 17A कार्यपालिका और मंत्रियों को जांच शुरू होने से रोकने की शक्ति देती है, जिससे हितों का टकराव पैदा होता है।

धारा 17A को गैर-संवैधानिक घोषित करने की बात कही

केंद्र सरकार का तर्क क्या?

केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व निर्णय सभी प्रकार की पूर्व स्वीकृति पर पूर्ण रोक नहीं लगाते। विनीत नारायण और सुब्रमण्यम स्वामी के मामले मुख्य रूप से अनुच्छेद 14 के तहत वर्गीकरण के प्रश्नों से जुड़े थे, जबकि धारा 17A गुणात्मक रूप से अलग और सीमित दायरे वाली है। धारा 17A का उद्देश्य आधिकारिक कार्यों में निर्णय लेने की प्रक्रिया को संरक्षण देना और निरर्थक व दुर्भावनापूर्ण शिकायतों को रोकना है, जो नीति-निर्णय को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि अदालत को यह समझना चाहिए कि दोनों पुराने फैसले पूर्व स्वीकृति के मुद्दे से सीधे संबंधित नहीं थे।

केंद्र की दलील, दायरा सीमित और अलग

विनीत नारायण केस में क्या था फैसला? 'विनीत नारायण' के फैसले और 'डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी बनाम भारत सरकार' (2014) के मामले में क्रमशः सरकार द्वारा सीबीआई को दी गई एकल निदेश और दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 की धारा 6A को खारिज कर दिया गया था क्योंकि उन प्रावधानों के तहत जांच शुरू करने से पहले सक्षम प्राधिकारी से पूर्वानुमति लेनी होती थी।

BMC चुनाव के बाद क्या शरद पवार NDA के साथ होंगे?

Rajkumar.Singh
@timesofindia.com

मुंबईः महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों के मतदान से पहले ही नए राजनीतिक समीकरण उभरकर सामने आ चुके हैं और नतीजों के बाद हालात और तेजी से बदलेंगे। इन चुनावों से न केवल राज्य की राजनीति प्रभावित होगी बल्कि केंद्र की सियासत को भी नई दिशा मिल सकती है। महाराष्ट्र में गठबंधन बनते-बिगड़ते नजर आएंगे। निकाय चुनावों से पहले ही I.N.D.I.A. ब्लॉक की हालत बेहद नाजुक हो चुकी है। दूसरी ओर, NDA के घटक दल भले ही कई जगहों पर एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन इसके टूटने की आशंका नहीं दिख रही।

महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिकाओं के लिए 15 जनवरी को मतदान होना है। कई महानगरपालिकाओं में सत्तारूढ़ महायुति के घटक दल- BJP, शिंदे सेना और अजित पवार की NCP एक-दूसरे के सामने चुनौती बनकर खड़े हैं। वहीं विपक्षी महाविकास आघाड़ी (कांग्रेस, उद्धव सेना, NCP-SP, समाजवादी पार्टी और अन्य दल) पहले ही बिखर चुके हैं। राज ठाकरे को साथ लेने के कारण कांग्रेस ने उद्धव ठाकरे से दूरी बना ली, जबकि समाजवादी पार्टी अलायंस से बाहर हो चुकी है। विपक्ष पूरी तरह बिखरा नजर आ रहा है।

BMC का विशेष महत्व

महाराष्ट्र की राजनीति में मुंबई महानगरपालिका (BMC) का विशेष महत्व है। करीब 75 हजार करोड़ के बजट वाली BMC पर ठाकरे परिवार 25 वर्षों से काबिज है। ऐसे में यह चुनाव ठाकरे परिवार के लिए अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। अगर BMC हाथ से निकलती है तो ठाकरे परिवार की राजनीति की राह बेहद कठिन हो जाएगी। इसी वजह से उद्धव ठाकरे ने पुरानी कड़वाहट भुलाकर राज ठाकरे से हाथ मिलाया है। हालांकि, BJP और शिंदे सेना BMC और ठाकरे परिवार के बीच दीवार की तरह खड़ी दिख रही है।

ठाकरे परिवार में दूरियां कम हुईं

इन चुनावों ने ठाकरे परिवार के बीच की दूरियां कम जरूर की हैं। लेकिन यह रिश्ता लंबे समय तक टिकेगा या नहीं, इस पर राजनीतिक विश्लेषकों को संदेह है। उधर, I.N.D.I.A. ब्लॉक के प्रमुख दल कांग्रेस को राज ठाकरे से राजनीतिक एलर्जी है। अगर भविष्य में महाविकास आघाड़ी या I.N.D.I.A. में राज ठाकरे को शामिल करने की बात आती है, तो कांग्रेस के लिए यह फैसला आसान नहीं होगा। राज ठाकरे को हिंदी और उत्तर भारतीय विरोधी माना जाता है, ऐसे में उन्हें साथ लेने पर कांग्रेस को हिंदी भाषी राज्यों में जवाब देना मुश्किल पड़ सकता है।

कौन दे रहे चुनौती?

■ चुनाव के दौरान बने नए राजनीतिक समीकरणों में सबसे अहम संकेत शरद पवार और अजित पवार के बीच जमी बर्फ पिघलने के रूप में मिला है। पुणे और पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका में दोनों गुट मिलकर BJP को चुनौती दे रहे हैं। अनुमान है कि नतीजों के बाद दोनों गुटों का विलय हो सकता है। ऐसा होने पर शरद पवार और सुप्रिया सुले की NCP सीधे केंद्र और राज्य की सत्ता समीकरणों में शामिल हो जाएगी। इसका असर राज्य और केंद्र की राजनीति पर पड़ेगा।

File

निकाय चुनाव से बदले महाराष्ट्र की राजनीति के समीकरण

तमिलनाडु में राहुल ने कहा- लोगों की आवाज़ दबाई जा रही

PTI

राहुल एक स्कूल में पोंगल उत्सव में शामिल हुए, छात्राओं से बातचीत की।

■ पीटीआई, उदगमंडलम

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि देश के लोकतांत्रिक ढांचे और जनता की आवाज पर केंद्र सरकार चलाने वालों द्वारा हमला किया जा रहा है। तमिलनाडु के गुडलूर में एक स्कूल के कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे गांधी ने छात्रों के साथ बातचीत में कहा कि वह एक ऐसे भारत का निर्माण करना चाहते हैं जहां लोग एक-दूसरे के प्रति दयालु हों, एक-दूसरे की बात सुनें, एक-दूसरे की परंपराओं, भाषाओं, धर्मों का सम्मान करें और एक-दूसरे के प्रति सहानुभूति रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनीतिक नेता, छात्र या शिक्षक के लिए सबसे महत्वपूर्ण मूल्य विनम्रता है, और 'इसलिए मैं यहां उपस्थित सभी बच्चों को विनम्र रहने की सलाह दूंगा।' उन्होंने कहा, 'लोकतंत्र का अर्थ है कि आपको अपनी बात कहने का अधिकार होना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'मैं कहता आ रहा हूं कि हमारे लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला हो रहा है और इसलिए हमारी आवाज, हमारे लोगों की आवाज पर हमला हो रहा है। और यह हमला सरकार में बैठे लोगों द्वारा किया जा रहा है। उन लोगों द्वारा जो वास्तव में सरकार चला रहे हैं।' गांधी ने आरोप लगाया कि इलेक्शन कमिशन और कई अन्य संस्थानों पर हमला हो रहा है।

नितिन नवीन 20 तक बन सकते हैं बीजेपी अध्यक्ष

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन 20 जनवरी तक राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते हैं। बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 18 या 19 जनवरी को हो सकती है। नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावक के तौर पर मौजूद रहने की उम्मीद है। नामांकन प्रक्रिया बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को चुनने के लिए उसके स्थापित आंतरिक संगठनात्मक ढांचे का हिस्सा है। नामांकन का वक्त खत्म होने और नाम वापस लेने का वक्त खत्म होने तक अगर एक ही नामांकन है तो उन्हें ही निर्वाचित घोषित कर दिया जाता है। बीजेपी में आज तक चुनाव की नौबत नहीं आई है। मंगलवार को बीजेपी हेडक्वॉर्टर में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ पार्टी नेता सुनील बंसल, बीएल संतोष, तरुण चुग, अरुण सिंह की मीटिंग भी हुई।

बिहार में बुज़ुर्गों को रजिस्ट्री सुविधा अब घर बैठे मिलेगी

■ पीटीआई, पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को राज्य के 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को उनके घर पर ही जमीन या फ्लैट की निबंधन (रजिस्ट्री) सुविधा उपलब्ध कराने का ऐलान किया। यह सुविधा मोबाइल रजिस्ट्रेशन यूनिट के माध्यम से निश्चित समय-सीमा के भीतर प्रदान की जाएगी, जिसमें आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह नई व्यवस्था एक अप्रैल 2026 से लागू की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि कई बार यह देखा गया है कि 80 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को जमीन या फ्लैट की रजिस्ट्री से जुड़े कार्यों के निष्पादन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी के मद्देनजर उन्हें सहूलियत देने और अनावश्यक परेशानियों से बचाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। जमीन खरीदने के इच्छुक लोगों को कई बार संबंधित भूमि की अद्यतन जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाती। इसे ध्यान में रखते हुए रजिस्ट्री से पूर्व भूमि की जानकारी क्रेता और विक्रेता दोनों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की जा रही है।

File

सोन जल विवाद सुलझा, कैबिनेट ने दी मंजूरी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सोन नदी जल बंटवारे के विवाद को सुलझाने के लिए बिहार और झारखंड के बीच बनी सहमति को मंजूरी प्रदान कर दी। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा बैठक में राज्य के विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 43 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

चुनाव आयोग ने SC में बताया, वोटर लिस्ट पर हम ही अथॉरिटी

■ पीटीआई, नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि वोटर लिस्ट और चुनाव कराने से जुड़े मामलों में वही असली अथॉरिटी है। आयोग ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी दूसरे देश की नागरिकता ले लेता है, तो इस मामले में उसका मत राष्ट्रपति पर बाध्यकारी होता है। आयोग ने यह भी कहा कि वोटर लिस्ट में बदलाव- SIR के दौरान अगर किसी व्यक्ति के खिलाफ नकारात्मक निष्कर्ष निकलता है, तो उसका परिणाम केवल इतना होगा कि उस व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया जाएगा। इसका मतलब यह नहीं है कि उस व्यक्ति को देश से बाहर भेज दिया जाएगा। हालांकि, ऐसे मामलों की जांच और नागरिकता अधिनियम और संबंधित कानूनों के तहत संभावित कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार को भेजा जा सकता है। चुनाव आयोग ने यह भी बताया कि कई अन्य नियामक व्यवस्थाओं में जैसे खनन पट्टों या अन्य वैधानिक लाभों से जुड़े मामलों में, नागरिकता एक जरूरी शर्त होती है और संबंधित सक्षम अथॉरिटी इसकी जांच कर सकती है। इससे यह तर्क खारिज होता है कि चुनाव आयोग अपने संवैधानिक अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम कर रहा है। ये दलीलें चुनाव आयोग की ओर से सीनियर वकील राकेश द्विवेदी ने चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के सामने रखीं।

PTI

इलेक्शन कमिशन ने बंगाल के 54 लाख 'वास्तविक मतदाताओं' को अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया।
- ममता बनर्जी, सीएम

'54 लाख नाम एकतरफा तरीके से हटाए गए'

■ पीटीआई, कोलकाताः पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य में SIR के दौरान 54 लाख नाम एकतरफा तरीके से और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) की शक्तियों का दुरुपयोग करके हटाए गए। दावा किया कि जिन मतदाताओं के नाम काटे गए, उनमें से ज्यादातर 'वास्तविक मतदाता' थे, जिन्हें अपना पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया, क्योंकि उन्हें नाम हटाए जाने के कारणों के बारे में बताया तक नहीं गया। उधर, एसपी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी ने अगर वोट बनाने में हेराफेरी की तो संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)

OFFER are invited for AMC of 29 lifts (22 Kone & 7 Johnson) in Amrapali Sapphire Ph-1. Eligibility: OEM or similar meeting compliances of U.P. Lifts & Escalator Act norms. Last date of submission 31.01.2026 on 0120-4338964 @ finance.aoa@gmail.com.

NOTICE INVITING TENDERS
East End Apartments Co-operative Group Housing Society Limited Sealed tenders are invited from experienced civil works contractors/ firms who have executed similar works of value exceeding ₹20 lakhs during the last three (3) years for the following work:
Name of Work: Repair of columns/pillars, beams, and ceilings in all basements of multi-storey blocks at East End Apartments, Mayur Vihar Phase-I Extension, Delhi-110096.
Estimated Cost: ₹20,00,000/-
Tender Fee: ₹500/-
Earnest Money (EMD): ₹50,000/-
Last Date of Sale of Tender: 29.01.2026 (up to 3:00 PM)
Last Date of Submission: 14.02.2026 (up to 3:00 PM)
Date & Time of Opening: 15.02.2026 at 3:00 PM
Time for Completion: 6 months
For tender documents, site inspection, or clarifications, please contact:
The Society Office
9873453885/9873218842

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण विभाग, केंद्रीय कार्यालय, अंधेरी टावर मेकर टावर एफ कफ परेड, मुंबई - 400 021
सूचीबद्धता सूचना
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखाओं और कार्यालयों में समवर्ती लेखा परीक्षकों के रूप में सूचीबद्धता के लिए पात्र सनदी लेखाकार फर्मों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। अधिक जानकारी के लिये कृपया हमारी कॉर्पोरेट वेबसाइट https://www.unionbankofindia.bank.in पर देखें। समवर्ती लेखा-परीक्षकों की सूचीबद्धता तथा ऑन-लाइन आवेदन की प्रस्तुति के संबंध में विवरण के लिए होम पेज पर निविदा/सूचीबद्धता खंड को देखें। केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जायेंगे। आवेदन प्रस्तुत करने की आरंभ तिथिः 14.01.2026 को 10.00 बजे से। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 28.01.2026 को 23.59 बजे तक। Navigation path for placing the URL Login to: www.unionbankofindia.bank.in >> Home page >> Procurement Opportunities >> Tenders / empanelment
022-48018591 पर हमें संपर्क करें।

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
PROPERTY
MATRIMONIAL
BUSINESS
RECRUITMENT, EDUCATION
CHANGE OF NAME, LOST & FOUND
SHOPPING
TENDER, PUBLIC NOTICE
SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS
Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
Central Delhi1 + North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
Central Delhi2 + Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
East Delhi + Noida	Sumit Negi	98992 68321

BOOK YOUR RECRUITMENT ADS
For booking please contact Amit : 9811790649

इंजिनियरिंग छात्रों को हाइवे प्रोजेक्ट्स में इंटर्नशिप मिलेगी

AI image

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्लीः शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग और नैशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक खास इंटर्नशिप प्रोग्राम लॉन्च किया है। इंजिनियरिंग कॉलेजों के छात्र अब 150 से ज्यादा नैशनल हाइवे प्रोजेक्ट्स में प्रैक्टिकल अनुभव हासिल कर सकते हैं। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. विनीत जोशी का कहना है कि इस प्रोग्राम के तहत हर प्रोजेक्ट छात्रों को NHAI की एडवांस्ड इंजिनियरिंग चुनौतियों और नए-नए इनोवेशन का प्रैक्टिकल अनुभव देगा, जिससे अगली पीढ़ी के प्रोफेशनल्स देश के इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट में योगदान देने के लिए तैयार होंगे। इस प्रोग्राम के तहत चुने गए सभी इंटर्न को सीखने, आने-जाने और प्रोफेशनल ग्रोथ में मदद के लिए हर महीने 20 हजार रुपये का स्टाइपेंड दिया जाएगा।

इंजिनियरिंग के छात्रों को फील्ड में जाकर नैशनल हाइवे प्रोजेक्ट्स की बारीकियां जानने का मौका मिलेगा। एक महीने, दो महीने और 6 महीने तक की इंटर्नशिप का मौका मिल सकेगा। हर प्रोजेक्ट में चार इंटर्न होंगे। IIT, NIT और AICTE से जुड़े संस्थानों के छात्रों को इंटर्नशिप का मौका मिलेगा। यह इंटर्नशिप प्रोग्राम भविष्य में पोस्ट-ग्रेजुएट छात्रों के लिए भी बढ़ाया जाएगा। शुरुआत में इंजिनियरिंग संस्थानों के करीब 600 छात्रों का शुरुआती पूल बनेगा। भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों (HEIs) की ग्लोबल पहचान और परफॉर्मेंस को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा मंत्रालय लगातार कोशिश कर रहा है। ग्लोबल रैंकिंग फ्रेमवर्क के बारे में संस्थानों को गाइड किया जा रहा है। QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग पर संस्थानों के लिए ओरिएंटेशन और ट्रेनिंग वर्कशॉप भी आयोजित की जा रही हैं। QS रैंकिंग पैरामीटर का ओवरव्यू, भारतीय HEI के सामने आने वाली चुनौतियां, रिसर्च आउटपुट, अकैडमिक प्रतिष्ठा और अंतरराष्ट्रीय जुड़ाव को बेहतर बनाने के लिए क्या किया जा सकता है, इसकी जानकारी संस्थानों को दी जा रही है।

शिक्षा मंत्रालय और NHAI की पहल, हाइवे प्रोजेक्ट्स की बारीकियां जान सकेंगे

तकनीकी संस्थान इंडस्ट्री की जरूरतों को देखें: प्रधान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः देश के प्रमुख तकनीकी संस्थानों में करिकुलम, इनोवेशन, रिसर्च प्लान को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने काउंसिल ऑफ नैशनल इंस्टिट्यूट्स ऑफ टेक्नोलॉजी, साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च की 13वीं बैठक में यह साफ कर दिया कि करिकुलम राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के हिसाब से होना चाहिए। PhD प्रोग्राम इंडस्ट्री-सेंट्रिक होना चाहिए। नए और उभरते जॉब रोल्स और 21वीं सदी की जरूरतों के आधार पर करिकुलम को तैयार करना होगा और इसके लिए इंडस्ट्री के नेतृत्व वाली करिकुलम कमिटी बनानी होगी। शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि देश के सभी प्रमुख टेक्नॉलजिकल संस्थानों को भी एक्रेडिटेशन फ्रेमवर्क के तहत आना चाहिए। अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश के संस्थान रैंकिंग में आ रहे हैं लेकिन अभी काफी कुछ किया जाना बाकी है।



बोले, NITs को एक्रेडिटेशन फ्रेमवर्क के दायरे में आना ही होगा

फटाफट खबरें

नहीं रहे संगीतकार समर हजारिका

■ भाषा, गुवाहाटी : दिग्गज गायक भूपेन हजारिका के सबसे छोटे भाई और प्रख्यात असमिया संगीतकार समर हजारिका का मंगलवार को निधन हो गया। परिवार के सूत्रों के मुताबिक, समर हजारिका कुछ समय से बीमार थे और हाल ही में उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिली थी। वह 75 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। वह 10 भाई-बहनों में सबसे छोटे थे।

CBI ने विजय को फिर तलब किया

■ पीटीआई, नई दिल्ली : सीबीआई ने करूर भगदड़ मामले में टीवीके प्रमुख और ऐक्टर विजय को 19 जनवरी को दूसरी बार पूछताछ के लिए तलब किया है। विजय से सोमवार को सीबीआई मुख्यालय में छह घंटे से ज्यादा पूछताछ की गई थी। अधिकारियों के अनुसार, उन्हें मंगलवार को फिर बुलाया गया था, लेकिन अभिनेता ने पोंगल का हवाला देते हुए दूसरी तारीख मांगी। अपने कार्यक्रम के कारण पूछताछ अगले हफ्ते करने का अनुरोध किया है।

फ्लाइट में खराबी, यात्रियों को उतारा

■ भाषा, मुंबई : पुणे से बेंगलुरु जा रहे अकासा एयर के बोइंग 737 मैक्स विमान में तकनीकी समस्या आ गई। लगभग डेढ़ घंटे तक फ्लाइट में बैठे रहने के बाद यात्रियों को उतार दिया गया। मंगलवार को फ्लाइट पुणे से सुबह 8:50 बजे उड़ान भरने वाली थी। बोर्डिंग प्रक्रिया लगभग 8:10 बजे शुरू हुई थी। एक यात्री के अनुसार, विमान उड़ान भरने के लिए तैयार हो रहा था, तभी कुछ समस्या आ गई।

UGC-NET की आंसर की कल!

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : यूनिवर्सिटी-कॉलेजों में असिस्टेंट प्रफेसर की नियुक्ति और जूनियर रिसर्च फेलोशिप समेत पीएचडी में दाखिले के लिए हुई UGC-NET दिसंबर 2025 की प्रोविजनल आंसर-की 15 जनवरी तक जारी होगी। क्वेश्चन पेपर भी डिस्प्ले होगा। कैंडिडेट देख सकेंगे कि उन्होंने कौन से सवाल के लिए क्या जवाब दिए थे, आंसर-की में क्या है। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) का कहना है कि आंसर-की आने के बाद कैंडिडेट्स को आपत्तियां दर्ज करने का मौका मिलेगा। इस बार UGC-NET 85 विषयों के लिए हुई थी।

आतंक से संबंध का संदेह, 5 सरकारी कर्मी बर्खास्त

जम्मू-कश्मीर में 2020 से अब तक 85 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल **मनोज सिन्हा** ने आतंकवाद से संबंध के संदेह में मंगलवार को 5 सरकारी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दीं। उपराज्यपाल के प्रशासन ने 2020 से अब तक ऐसे 85 सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त किया है, जिन्हें आतंकवादी समूहों के लिए काम करते पाया गया था। एक अधिकारी ने बताया कि इस कदम का मकसद सरकारी तंत्र के भीतर मौजूद आतंकवादी तंत्र और उसके बुनियादी ढांचे की जड़ों को निशाना बनाना है। बर्खास्त कर्मचारियों में शिक्षक मोहम्मद इश्फाक, लैब टेक्निशन तारिक अहमद राह, सहायक लाइनमैन बशीर अहमद मीर, वन क्षेत्रकर्मी फारूक अहमद भट और स्वास्थ्य विभाग में चालक मोहम्मद यूसुफ शामिल हैं। इनको संविधान के अनुच्छेद 311 (2)(सी) के तहत बर्खास्त किया गया है। इसके तहत राष्ट्रपति या राज्यपाल के पास यह शक्ति होती है कि अगर यह सुनिश्चित हुआ कि सुरक्षा के हित में औपचारिक जांच कराना उचित नहीं है तो किसी सरकारी कर्मचारी को बिना जांच के बर्खास्त किया जा सकता है।

LG मनोज सिन्हा

कौन किसका 'हमदर्द' : कर्मचारियों के खिलाफ तैयार दस्तावेज के अनुसार, शिक्षक मो. इश्फाक कथित तौर पर पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहा था। लैब टेक्निशन तारिक अहमद राह छोटी उम्र से ही हिज्बुल मुजाहिदीन के प्रभाव में आ गया था। सहायक लाइनमैन बशीर अहमद मीर बांदीपुरा के गुरेज इलाके में एलईटी का सक्रिय ओवरग्राउंड वर्कर बन गया। वन विभाग में फील्ड वर्कर फारूक अहमद भट हिज्बुल मुजाहिदीन के साथ सक्रिय रूप से काम कर रहा था। वह अनौपचारिक रूप से एक पूर्व विधायक का निजी सहायक भी था, जिसके हिज्बुल मुजाहिदीन से संबंध बताए जाते हैं। स्वास्थ्य विभाग में चालक मो. यूसुफ हिज्बुल आतंकवादी बशीर अहमद भट के संपर्क में था।

कठुआ में सुनी गई गोली की आवाज़

■ भाषा, जम्मू : कठुआ के दूरस्थ गांव में आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर सुरक्षाबलों ने मंगलवार को तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान गोलीबारी की आवाज सुनी गई। अधिकारियों के अनुसार, बिलावर के नजोटे वन क्षेत्र से रुक-रुककर गोलीबारी की सूचना मिली है।

PTI



सर्च अभियान के दौरान जवान ने संभाला मोर्चा

'सलेम को दी जाए 2 दिन की परोल'

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया कि 1993 के मुंबई बम धमाके का दोषी गैंगस्टर अबू सलेम अंतरराष्ट्रीय अपराधी है। उसे पुलिस सुरक्षा के साथ केवल दो दिन की आपातकालीन परोल दी जा सकती है। सलेम ने अपने बड़े भाई की मौत का हवाला देकर 14 दिन की परोल मांगी थी। लोक अभियोजक मनखुवर देशमुख ने कहा कि 14 दिन की परोल संभव नहीं है, क्योंकि सलेम एक अंतरराष्ट्रीय अपराधी है। वहीं, सलेम की वकील फरहाना शाह ने कहा कि दो दिन की परोल काफी नहीं होगी, क्योंकि उसे यूपी के आजमगढ़ जाना है। पुलिस सुरक्षा की भी जरूरत नहीं है।

फैक्ट्री में 3 शव मिले, 3 पर FIR

■ NBT रिपोर्ट, बदायूं : बदायूं के मैंथा फैक्ट्री में मंगलवार सुबह एक सुपरवाइजर और दो सिक्योरिटी गार्ड के शव मिले हैं। तीनों के शव केबिन में पड़े थे। परिजनों के साथ ग्रामीणों ने फैक्ट्री में हंगामा किया और हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। फैक्ट्री मालिक समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

चीनी डेलिगेशन की भारत यात्रा पर राजनीतिक पारा हाई

हालात सुधरे, इसलिए बैठक : BJP
देशहित के मुद्दे भी उठाए क्या : कांग्रेस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (CPC) के डेलिगेशन के बीजेपी मुख्यालय के दौरे को लेकर सियासी पारा हाई हो गया है। कांग्रेस ने पूछा है कि बैठक में देशहित के मुद्दे भी उठाए गए क्या? बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा कि उसने नई दिल्ली और बीजिंग के बीच संबंधों में सुधार के मद्देनजर चीनी डेलिगेशन के साथ औपचारिक बैठक की। मंगलवार को कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि बीजेपी की चीन नीति दब्बू समर्पण की मिसाल बन चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन की पाकिस्तान को सैन्य सहायता की बात खुद डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ स्वीकार कर चुके हैं, इसके बावजूद मोदी सरकार चीनी कंपनियों से प्रतिबंध हटाने की तैयारी कर रही है। इस पर बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने कहा, 'स्थिति सुधरने पर औपचारिक बैठकें होती हैं। हम गुपचुप तरीके से ऐसे किसी भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं। वहीं, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले से भी मुलाकात की। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद भी चीनी डेलिगेशन से मिले।

File

सोमवार से इसी तस्वीर के सामने आने के बाद मचा है हंगामा

'पूरा POK हमारा'

भाषा, जम्मू : लद्दाख के उपराज्यपाल (LG) कविंदर गुप्ता ने शक्सगाम घाटी पर चीन के दावे को सिरे से खारिज कर दिया। कहा- पाक के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) का पूरा क्षेत्र भारत का है।

सांप ने काटा तो ले गया अस्पताल

■ NBT न्यूज, मथुरा : मथुरा में एक ई-रिक्शा ड्राइवर को सोमवार की शाम सांप ने काट लिया। युवक जिला अस्पताल इलाज के लिए पहुंचा। डॉक्टरों ने पूछा क्या हुआ। शख्स ने जिंदा सांप अपने जैकेट से निकालकर डॉक्टरों को दिखाते हुए कहा इसने काट लिया। जिंदा सांप को युवक के हाथ में देख डॉक्टर हैरान रह गए। अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बन गया। डॉक्टरों ने युवक को इमरजेंसी वार्ड से बाहर निकाल दिया। बाहर निकाले जाने पर युवक ने जमकर हंगामा किया। जब युवक ने सांप को छोड़ा तब डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। डॉक्टरों ने युवक को खतरे से बाहर बताया। दरअसल, लक्ष्मीनगर निवासी दीपक राजपूत ई-रिक्शा चलाते हैं। सोमवार शाम को ई-रिक्शा की बैटरी लेने वृंदावन आए थे। दीपक के अनुसार, इसी दौरान जहरीले सांप ने हाथ पर उन्हें डस लिया।

माघ मेले में आग, नुकसान नहीं

■ पीटीआई, प्रयागराज: मंगलवार शाम उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में माघ मेला क्षेत्र के एक कैंप में आग लग गई। अधिकारियों के मुताबिक आग पर तुरंत काबू पा लिया गया, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। एक फायर अधिकारी ने बताया कि झूंसी बाना क्षेत्र के सेक्टर-5 में स्थित श्री राम नाम और मानव प्रचार संघ के परिसर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। छह दमकल गाड़ियां पहुंच गईं और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि आग को पूरी तरह बुझा दिया गया है।

कैडेट्स भारत के भावी नेता : CDS

CDS जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को दिल्ली कैंट में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) गणतंत्र दिवस शिविर (RDC) पहुंचे। उन्होंने लगातार चौथी बार RDC में शामिल होने पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कैडेट से कहा, 'आप विकसित भारत के भावी नेता हैं।'

'जजों की शिकायत की जानकारी दें'

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून: उत्तराखंड सूचना आयोग की मुख्य सूचना आयुक्त राधा रतूड़ी ने अधीनस्थ कोर्ट के न्यायिक अधिकारियों और जजों के खिलाफ दर्ज शिकायतों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं। रतूड़ी ने पहली जनवरी को मुख्य वन संरक्षक अनुसंधान हल्द्वानी आईएफएस संजीव चतुर्वेदी की अपील पर यह महत्वपूर्ण निर्णय दिया है।

उ०प्र० राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
पारीछा तापीय विद्युत परियोजना पारीछा झाँसी

1. **N-PAR/C/OMC5/CHD4/6000009876_00,** निविदा आईडी 2026_RVUNL_1104336_1 "रिपेयरिंग एवं रिकन्डिशनिंग ऑफ रोलर एवं रोलर शेल मेकिंग बाई ईआरडब्लू पाइप कटिंग" अनुमानित धनराशि रू0 4,93,875, निविदा मूल्य रू0 590, धरोहर राशि रू0 7,500, निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 21.01.2026, 16:00 बजे तक।
2. **S-PAR/C/MMC2/PD1/6000009849,** निविदा आईडी 2025_RVUNL_1102771_1 "DCP, AFFF,3% की आपूर्ति" अनुमानित धनराशि रू0 15,00,000, निविदा मूल्य रू0 1,180, धरोहर राशि रू0 15,000, निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 19.01.2026, 16:00 बजे तक।
3. **N-PAR/C/OMC1/AHD/6000010410,** निविदा आईडी 2025_RVUNL_1102762_1 "2x250मे0वा0 पीटीपीपी के एशहैण्डलिंग प्लांट का परिचालन एवं अनुरक्षण कार्य" अनुमानित धनराशि रू0 85,63,724, निविदा मूल्य रू0 5,900, धरोहर राशि रू0 1,72,000, निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 21.01.2026, 16:00 बजे तक।
4. **N-PAR/OMC5/CHD1/6000010601,** निविदा आईडी 2026_RVUNL_1105161_1 "कोयले की कंपैक्टिंग/फीडिंग/शिफ्टिंग हेतु (डीजल छोड़कर) प्रति घंटे किराए पर एक डोजर मशीन की आवश्यकता" अनुमानित धनराशि रू0 20,39,040, निविदा मूल्य रू0 1,180, धरोहर राशि रू0 30,586, निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 30.01.2026, 16:00 बजे तक।

नोट—निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि की सूचना हेतु नियमित रूप से https://etender.up.nic.in & uprvunl.org देखें।
सं0 13/टी0एस0डी0-90/पीटीपीपी/ दिनांक : 13/01/2026
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

ई-निविदा सूचना सं.: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-07-11-26, दिनांक 09.01.2026 भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी)/आद्रा, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा नीचे उल्लिखित अनुसार पी.वे, बैलास्ट, एसएंडटी तथा बिजली एवं विविध कार्यों के लिए 05 (पांच) अदद ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: क्रम संख्या: 1। निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-07-26। कार्यों का विवरण: [illegible] बैलास्ट की आपूर्ति [illegible] निविदा मूल्य: ₹ 2,30,42,448। क्रम संख्या: 2। निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-08-26। कार्यों का विवरण: [illegible] निविदा मूल्य: ₹ 4,14,06,981.46। क्रम संख्या: 3। निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-09-26। कार्यों का विवरण: [illegible] निविदा मूल्य: ₹ 4,22,51,675.17। क्रम संख्या: 5। निविदा संख्या: ई-डीआरएम-ईएनजीजी-एडीआरए-11-26। कार्यों का विवरण: चन्द्रकोना रोड स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया के साथ वर्तमान आइलैंड प्लेटफार्म तथा प्रस्तावित प्लेटफार्म के संपर्क के लिए एक नए एफओबी (3 मीटर चौड़ा) का निर्माण। निविदा मूल्य: ₹ 5,62,38,779.10। ई-निविदा बंद होने की तारीख और समय 18.02.2026 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए) है। उपर्युक्त ई-निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। (PR-1054)

उत्तर पश्चिम रेलवे **निर्माण विभाग, जयपुर**

PROFORMA 10.01

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोक्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि जयपुर मण्डल, उत्तर पश्चिम रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज, एसी शिरोपरि कर्षण तारों को (2x25 केवी कर्षण प्रणाली के अनुसार फीडर तारों सहित) खण्ड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख, 10.02.2026 को या उसके बाद ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरि कर्षण लाइन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरि लाइन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

खण्ड तारीख 10.02.2026
AEL (Excl.) - NNL (Incl.) Section
From Km. 38/157.00 (Loc.38/06) to Km. 52/777.00 (Loc. NNL/1100) डाउन लाइन पर

PROFORMA 10-02
"सड़क उपयोक्ताओं को चेतावनी"

जन साधारण की सूचना के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के किमी. 38/157.00 (लोकेशन 38/06) से किमी. 52/777.00 (लोकेशन NNL/1100) तक सेक्शन डाउन लाइन पर 10.02.2026 को या उसके बाद ओवरहेड ट्रैक्शन वायर 25 केवी पर सक्रिय हो जाएगा। सभी लेवल क्रॉसिंग पर सड़क स्तर से 5.48 से 5.5 मीटर की ऊंचाई के साथ ऊंचाई गेज लगाए गए हैं, ताकि अत्यधिक ऊंचाई वाले भार को लाइव ट्रैक्शन वायर (संपर्क तार) के संपर्क में आने या खतरनाक निकटता से रोका जा सके, जो लेवल क्रॉसिंग पर रेल स्तर से न्यूनतम 7.184 मीटर की ऊंचाई पर होगा।
अटेली (रहित) – नारनौल (सहित)
डाउन लाइन पर किमी 38/157.00 (लोकेशन 38/06) से किमी 52/777.00 (लोकेशन NNL/1100) तक
जन साधारण को एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वाहनों के लदान के परियोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें की सड़क वहां पर ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊंचाई गेजों का उल्लंघन न करें।
अत्यधिक ऊंचाई लोड के खतरे निम्न अनुसार है –
i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा
ii) वाहन पर ले जा रहे सामग्रियों या उपस्कर को खतरा
iii) चालकों की खतरनाक सामीप्यता या संपर्क के कारण आग का खतरा या जीवन की हानि का खतरा

उप. मुख्य विद्युत अभियंता
निर्माण-II, जयपुर
हमें /NWRailways पर फॉलो करें 77-AN/26

उत्तर पश्चिम रेलवे

ऑनलाइन खुली ई-निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य इंजिनियर (निर्माण) द्वितीय, उत्तर पश्चिम रेलवे, दौसा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ऑनलाइन ई निविदा (दो पैकेट प्रणाली) ई टेंडरिंग प्रणाली पर निर्धारित इलेक्ट्रॉनिक प्रपत्र पर आमंत्रित करते है: **ई टेंडर संख्या:** एनडब्ल्यूआर/ एससी/सिविल-102140549; **कार्य का नाम एवं स्थान:** राजस्थान राज्य में उत्तर पश्चिम रेलवे के खोरी यार्ड में गुड्स शेड साइडिंग का डेवलपमेंट, जिसमें नई लाइन के लिए मिट्टी का काम, पी-वे के काम, कवर्ड शेड के साथ नए गुड्स प्लेटफॉर्म का कंस्ट्रक्शन, बिल्डिंग कॉम्प्लेक्स का कंस्ट्रक्शन (लेबर रेस्टिंग रूम, मर्चेंट रूम, वगैरह अटैच्ड टॉयलेट के साथ), और सर्कुलेटिंग एरिया का डेवलपमेंट शामिल है। **कार्य की अनुमानित लागत:** 24,25,15,984.27. रूपये; **बयाना राशि:** 13,62,600.00. रूपये; **निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 29.01.2026 को 15:00 बजे तक; **वैबसाइट का विवरण जहाँ निविदा की पूर्ण जानकारी देखी जा सकती है:** भारतीय रेलवे की ई टेंडरिंग वेबसाइट **www.ireps.gov.in; कार्यालय ई मेल पता:** dycec4jp@gmail.com; क्रमांक: एनडब्ल्यूआर/एससी/सिविल-102140549 दिनांक: 12.01.2026 78-AN/26
हमें /NWRailways पर फॉलो करें

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 03/2026

[illegible]

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) इज्जतनगर

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

अलीशा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की जिसका **नाम:** अलीशा पुत्री नूर मोहम्मद, मकान नंबर 1296, चौथी मंजिल, ज़ीनत महल, फ़र्श खाना, दिल्ली, **उम्र:** लगभग 17 वर्ष 10 महीने, **कद:** 5 फीट 2 इंच, **चेहरा:** लंबा, **शरीर:** पतला, **रंग:** सांवला, **बाल:** लंबे काले, **पहनावा:** हरे रंग का सूट और सलवार, काले रंग का बुर्का तथा पांव में गुलाबी रंग की सैंडल पहने है, जो दिनांक 30.12.2025 से हौज़ क़ाज़ी थाना क्षेत्र से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 25/26 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता दिनांक 11.01.2026 थाना हौज़ क़ाज़ी, दिल्ली में दर्ज है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

ई-मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाइट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639
दूरभाष: 24368638/24368641
थानाध्यक्ष :थाना हौज़ क़ाज़ी, दिल्ली
दूरभाष सं. : 8750870425, 9560468131
DP/590/CD/2026

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

माटासा खातून

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दिखायी गयी है) जिसका नाम माटासा खातून, पत्नी मोहम्मद अरशी, निवासी मकान नं0 487, गली नं0 12, एस.एस.एन कॉलोनी, 101 बस स्टैंड के पास, दिल्ली, उम्र–21 वर्ष, जो कि अपने घर से दिनांक 11.01.2026 को लगभग दोपहर 2.30 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। **DD No. 107A, Dated 11.01.2026,** के तहत **पुलिस स्टेशन भलस्वा डेयरी, बाहरी–उत्तर जिला, दिल्ली,** में पंजीकृत किया गया है। महिला का शारीरिक विवरण इस प्रकार है:
लिंग: महिला, **कद:** 5'5", **रंग:** गेहुआ, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** दुबला, **पहनावा:** लाल सूट–सलवार और पैरों में चप्पल पहने हुए है।
स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता महिला के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन भलस्वा डेयरी,
बाहरी–उत्तर जिला, दिल्ली–110042
वेबसाइट: https://cbi.nic.in
DP/599/ON/2026
फोन: 8700811868

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृत व्यक्ति जिसका नाम अज्ञात, **पुत्र** अज्ञात **पता** अज्ञात जिसकी **उम्र** 40 वर्ष लगभग, **कद:** 5'6", **चेहरा:** कुचला हुआ, **शरीर:** सामान्य, **रंग:** गेहुँआ, **पहचान:** पेट पर पुराना चोट/जलने का निशान है, जिसने ग्रे रंग की जैकेट, एक और काले रंग की जैकेट, सफेद रंग की लाइनिंग वाली कमीज, बहुरंगी रंग की शॉल, हल्के नीले रंग की जींस और काले रंग की सैंडल पहनी है। जो कि 11.01.2026 को दोपहर 12:12 बजे सिग्नल लाइट पर सड़क पर, थाना कापसहेड़ा के सामने, नई दिल्ली में मृत अवस्था में मिला। इस संदर्भ में **FIR No.32/2026 दिनांक 11.01.2026 धारा 105 भारतीय न्याय संहिता** थाना कापसहेड़ा, नई दिल्ली में दर्ज है।
इस मृतक व्यक्ति के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी/सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरित एवं निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना: कापसहेड़ा, नई दिल्ली
फोन नं. 011-25063758, 25066105
मो.: 7065036226
DP/534/SW/2026

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)
एनएएमएस भवन, मेडिकल एंक्लेव, अंसारी नगर,
नई दिल्ली – 110029

फ़ेलोशिप प्रवेश परीक्षा (एफईटी) - 2025
सूचना

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) **14 मार्च 2026** को भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए अगली **फ़ैलोशिप प्रवेश परीक्षा** आयोजित करेगा।
ऑनलाइन आवेदन **14 जनवरी 2026 से 03 फरवरी 2026 तक** एनबीईएमएस वेबसाइट: https://natboard.edu.in/viewnbeexam?exam=fet पर आमंत्रित किए जा रहे हैं।

उम्मीदवार सहायता केंद्र : +91-7996165333
आवेदक लॉगिन पेज पर हेल्पलाइन पोर्टल
एनबीईएमएस वेबसाइट पर संचार वेब पोर्टल

गुमशुदा की तलाश



सोनू

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष जिसका **नाम: सोनू, पुत्र:** श्री पाल, **पता:** मकान नंबर 222 गंगा राम कालोनी टिकरी खुर्द दिल्ली, **लिंग:** पुरुष, **उम्र:** 37 वर्ष **कद:** 5', **रंग:** सांवला, **शरीर:** मध्यम, **पहनावा:** नीले रंग का स्वेटर और मेहंदी रंग का लोअर और पैरों में जूते पहने हुए है, जो दिनांक 03.01.2026 से मकान नंबर 222 गंगा राम कालोनी टिकरी खुर्द दिल्ली, थाना क्षेत्र नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली, से लापता है।
इस बाबत **DD No.: 28A दिनांक: 06.01.2026 थाना: नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता पुरुष के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता पुरुष के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
थानाध्यक्ष
थाना: नरेला औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली
मोबाइल: 8448306610 / 9958037872
DP/577/ON/2026

गुमशुदा / अपहृत की तलाश



प्रियंका

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला, जिसका **नाम: प्रियंका, पत्नी:** रिंकू, **पता:** मकान न. डब्ल्यूजेड–55, ज्वाला हेड़ी, तृतीय तल, पश्चिम विहार, नई दिल्ली, **लिंग:** स्त्री, **उम्र:** 24 वर्ष, **कद:** 5फीट 5इंच, **रंग:** सांवला, **पहनावा:** लाल रंग का सूट, शॉल, लाल रंग की चप्पल पहने है, और जो दिनांक 11.01.2026 से अपने निवास स्थान और थाना– पश्चिम विहार ईस्ट, नई दिल्ली, के क्षेत्राधिकार से गुमशुदा है। इस संदर्भ में गुमशुदगी रिपोर्ट, **DD No. 51A, दिनांक 11.01.2026, थाना: पश्चिम विहार ईस्ट, नई दिल्ली,** में दर्ज है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

ई मेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641
थाना प्रभारी
थाना: पश्चिम विहार ईस्ट
नई दिल्ली
DP/524/OD/2026
फोन : 7065036131, 9289506235

गुमशुदा / अपहृत की तलाश



धमेन्द्र राणा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति, जिसका नाम: **धमेन्द्र राणा, पुत्र** जोगेन्द राणा, **पता:** मकान न. 202, नजदीक सरकारी डिस्पेंसरी, खेड़ा कलां, दिल्ली, **लिंग:** पुरुष, **उम्र:** 45 वर्ष, **कद:** 5 फीट 6 इंच, **शरीर:** मध्यम, **रंग:** सांवला, **पहनावा:** सफेद और काले रंग का चैकदार स्वैटर, काली जैकेट पहने है और पीले रंग का कम्बल ओढ़ा है, जो दिनांक 02.01.2026 से अपने निवास स्थान, और थाना– अलीपुर, दिल्ली, के क्षेत्राधिकार से गुमशुदा है। इस संदर्भ में गुमशुदगी रिपोर्ट, **DD No. 074A, दिनांक 02.01.2026, थाना: अलीपुर, दिल्ली,** में दर्ज है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो कृपया निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

ई मेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641
थाना प्रभारी
थाना: अलीपुर, दिल्ली
DP/556/ON/2026
फोन : 7065036325, 9911549427

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमरजीत पुत्र राजबीर सिंह निवासी म. नं. 102, टाईप 1 क्वार्टर, दिल्ली प्रशासनिक फ्लैटस, गुलाबी दिल्ली, दिल्ली–110007, वीपीओ बहलगढ़, सोनीपत, हरियाणा** ने केस **एफआईआर नं. 1989/2019 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट थाना प्रशांत विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमरजीत** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमरजीत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 1989/2019 अन्तर्गत धारा 138 एनआई एक्ट थाना प्रशांत विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमरजीत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.03.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
रोहित कुमार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–04
उत्तर, कोर्ट नं. 110
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
DP/238/RD/2026
(Court Matter)

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA16 User: cci Time: 01-13-2026 21:34 Color:

जो व्यवसाय केवल पैसा कमाता है और इंसानो की चिंता नही करता, वह गरीब व्यवसाय है- *हेनरी फोर्ड*

ये कैसी भागमभाग

सरकार के दखल के बाद क्विक कॉमर्स प्लैटफॉर्म्स ने '10 मिनट में डिलिवरी' सर्विस बंद करने पर सहमति जताई है। कुछ कंपनियों ने इसकी शुरुआत भी कर दी है। यह कदम लाखों गिग वर्कर्स की सुरक्षा और उनके काम के माहौल को बेहतर बनाने के लिए जरूरी था।

सुरक्षा की चिंता । देश में 2021 में लगभग 77 लाख गिग वर्कर्स थे। अब यह आंकड़ा एक करोड़ को पार कर चुका है। इनमें बड़ी तादाद उनकी है, जो क्विक कॉमर्स प्लैटफॉर्म्स से जुड़े हैं।

10 मिनट डिलिवरी बंद

हाल के बरसों में यह सेक्टर इकॉनमी का महत्वपूर्ण हिस्सा और कंस्यूमर सर्विस के लिहाज से भी अहम बन चुका है, लेकिन इसके साथ चिंता भी जुड़ी है - गिग वर्कर्स की सुरक्षा।

दबाव और जोखिम । '10 मिनट में डिलिवरी' सुनने में जरूर आकर्षक लगते हैं, पर इसके साथ जोखिम जुड़े हैं। इसमें कर्मचारियों पर समय के भीतर डिलिवरी का बेजा दबाव रहता है। 10 मिनट में पहुंचने के लिए ट्रैफिक नियम तोड़ना या भीड़ भरी सड़क पर तेज रफ्तार में बाइक भगाना बहुत ही सामान्य-सा सीन हो चुका है।

असफल प्रयोग । भारत में 2021 में क्विक कॉमर्स का जन्म हुआ था। तब एक कंपनी ने इसे बिजनेस मॉडल के तौर पर पेश किया। देखते ही देखते दूसरे प्लैटफॉर्म भी इस होड़ में लग गए। हालांकि अमेरिका, यूरोप, चीन में ऐसे प्रयोग दम तोड़ चुके हैं। तुर्किये की एक कंपनी ने तो 2015 में ही 10 मिनट डिलिवरी का कॉन्सेप्ट दिया था, पर वहां यह चल नहीं पाया। नाकामी की वजह कमीशन एक ही रही - व्यावहारिकता और जरूरत का सवाल।

जरूरत का सवाल । गाड़ियों से भरी सड़कों पर जहां कई बार 10 मिनट में एक सिग्नल भी पार नहीं होता, वहां घर तक सामान पहुंचाना कितना आसान है? और इससे भी बड़ा सवाल है कि इसकी जरूरत क्या है? क्या वाकई घरेलू सामान की डिलिवरी इतनी अर्जेंट है कि उसके लिए जोखिम उठाए जाएं? कंपनियां तेजी से डार्क स्टोर्स की संख्या बढ़ा रही हैं। अभी करीब 2500 स्टोर हैं और 2030 तक बढ़कर 7500 हो सकते हैं। लेकिन, इसके साथ डिलिवरी का दबाव भी बढ़ रहा है।

सुविधाएं मिलें । व्यापार में ग्राहक सबसे ऊपर माना गया है, पर इसके लिए कर्मचारियों की सुरक्षा और सेहत से खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। सरकार ने सोशल सिक्योरिटी कोड 2020 के जरिये गिग और प्लैटफॉर्म वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा दी है। ये नियम पिछले साल 21 नवंबर से प्रभावी हैं। सभी पक्षों को मिलकर ऐसे उपाय करने चाहिए, जिससे वर्कर्स को उनका हक मिले और इकॉनमी को भी नुकसान न पहुंचे।

नाभि में तीर

ऐसे कैसे निर्विरोध

मै महाराष्ट्र निकाय चुनावों में निर्विरोध चुने गए उम्मीदवारों में से कम से कम एक को तो भलीभांति जानता ही हूं। मै वाकई बहुत हैरान हूं कि आखिर वह निर्विरोध कैसे चुन लिया गया?

हरि मुदुल

कोई जगह ऐसी नही, जहां उसके विरोधियों की भरमार न हो। वह जिस बिल्डिंग में रहता है, वहां उसके विरोधी हैं। जिस पार्टी से संबंधित है वह, वहां उसके खिलाफ अच्छा-खासा माहौल है। अपने परिवार से तक वह पूरे वोट पा जाए, तो गनीमत है। सच तो यह है कि जिस समाज से वह आता है, उस समाज के लोग उसकी छाया तक से बचना चाहते हैं। बाकी छोड़िए, उसके बारे में नुक्कड़ के पान वाले तक के खयाल नीक नहीं हैं। हद है, फिर भी वह निर्विरोध चुन लिया गया!

मुझे पता चला है कि पिछले साल वह अपनी सोसायटी में सेक्रेटरी के पद के लिए लड़ा था और बुरी तरह हार गया था। हैरत की बात है कि यही बंदा अब बिना चुनाव लड़े ही कॉर्पोरेटर के पद पर आसीन हो गया है। कुछ दिन पहले सड़क चलते हुए मुझे उसका सगा भाई मिला था। मैंने बस औपचारिकता में उससे पूछ लिया था- सुनने में आ रहा है कि तुम्हारा भाई कॉर्पोरेटर का चुनाव लड़ने की सोच रहा है, तो उसने फौरन मुंह बिचका दिया था और कहा था कि उसे घर से वोट मिल जाएं, यही बहुत है। जरा सोचिए, ऐसा आदमी निर्विरोध चुनाव जीत गया!!

खबर तो यह भी है कि जब पार्टी उसे अपना उम्मीदवार घोषित कर रही थी, तब उसका विरोध करनेवालों की बड़ी संख्या थी। लेकिन जिस समय टिकट उसकी झोली में गिरा, सुनते हैं कि उसी समय नोटों के सरसराने की आवाज भी आ रही थी। नोटों की इसी सरसराहट ने सामने खड़े उम्मीदवारों का मन भी मोह लिया था और वे उसके सम्मान में 'बैठ' गए थे। आज जब मैंने चौरसिया पान वाले को जानकारी दी कि अपने नेता जी तो निर्विरोध चुन लिए गए हैं, पहले पहल उसने मेरी बात को मजाक में लिया। लेकिन जब पक्का हो गया कि खबर एकदम सच्ची है, तो कहने लगा कि बाबू जी, क्या सचमुच कलयुग का अंतिम चरण शुरू हो चुका है...?

एकदा

संकलन : रिकल शर्मा

साहस की मिसाल

लोजेन एक अद्भुत अपाचे योद्धा थी, जिनका जन्म 1840 में न्यू मेक्सिको में हुआ था। बचपन से ही वह घुड़सवारी और शिकार में असाधारण थी। अपाचे समाज में जहां पुरुष युद्ध करते थे

और महिलाएं घरेलू काम संभालती थीं, वहीं लोजेन ने परंपराओं की सीमाएं तोड़ दीं। जब अमेरिका और मेक्सिको की सेनाएं अपाचे की जमीन पर कब्जा करने लगीं, लोगों को उनके घरों से उजाड़ा जाने लगा, तब लोजेन ने चुप रहना स्वीकार नहीं किया। अपने भाई और कबीले के नेता विक्टोरियो के साथ उन्होंने अमेरिकी और मेक्सिकन सेनाओं के खिलाफ संघर्ष किया। वह न केवल रणभूमि में बहादुर थी, बल्कि संकट में स्त्रियों और बच्चों की रक्षा भी करती थी। वह पुरुषों की तरह घुड़सवारी, निशानेबाजी और लड़ाई कर सकती थी, और सैन्य रणनीति बनाने में विक्टोरियो से कहीं अधिक सक्षम थी। एक बार उन्होंने दुश्मनों के बीच से घोड़ा चुराकर एक नवजात शिशु और उसकी मां की जान बचाई। विक्टोरियो की मृत्यु के बाद भी लोजेन ने हार नहीं मानी और गेरोनिमो के साथ लड़ती रहीं। आखिरकार उन्हें कैदी बना लिया गया और 1889 में जेल में ही उनका निधन हुआ। लोजेन का जीवन साहस, करुणा और स्वतंत्रता की अमिट मिसाल है।

ऑपरेशन सिंदूर में तबाही के बाद आतंकी नेटवर्क जल्द तैयार होना मुश्किल

जैश ने बताया पाकिस्तान का सच

पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर की तरफ से पिछले दिनों एक ऑडियो जारी किया गया। इससे पहले उसके डिप्टी सैफुल्लाह कसूरी का विडियो आया था। इनमें किए गए दावों में कुछ खास बातें नजर आती हैं। मसूद अजहर के मुताबिक, जैश ने हजारों आत्मघाती हमलावर तैयार कर लिए हैं, जो भारत पर हमला करने के लिए तैयार हैं। वहीं, कसूरी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए अपने सैनिकों के जनाजे में आखिरी नमाज के लिए उसे बुलाया था।

रहीस सिंह



आतंकियों से मिलीभगत

- पाकिस्तानी सेना और आतंकियों का कनेक्शन आया सामने
- भारत को प्रॉक्सी वॉर में उलझाए रखना चाहता है पड़ोसी देश

खतरे की घंटी । मसूद अजहर और कसूरी के ऑडियो/विडियो को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI के समर्थक अखबारों ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। यह दर्शाता है कि पाकिस्तानी सेना, ISI और आतंकी नेटवर्क के बीच संस्थागत साझेदारी है। एक और अहम बात यह है कि कसूरी ने एक स्कूल परिसर में सैकड़ों बच्चों की मौजूदगी के बीच भाषण दिया। बताया जा रहा है कि अजहर भी किसी सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहा था। इसका मतलब यही निकलता है कि पाकिस्तान में बड़े पैमाने पर कट्टरपंथी तैयार करने का काम चल रहा है और सेना संरक्षण दे रही है।

असली मकसद । सवाल है कि जैश के सरगनाओं के इन संदेशों के पीछे की मंशा क्या है - भारत को चुनौती देना या मनोवैज्ञानिक खेल? ऑपरेशन सिंदूर में जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी ढांचा ध्वस्त हो गया था। मसूद अजहर के परिवार के कुछ लोगों समेत प्रमुख आतंकी मारे गए थे। ऐसे में नया आतंकी ढांचा खड़ा करना और नेटवर्क बनाना मुश्किल लगता है। इस ऑडियो में मसूद अजहर चुनौतीपूर्ण अंदाज में दावा करता है कि अगर उसके समर्थकों की वास्तविक संख्या सामने आ जाए, तो वैश्विक मीडिया में हलचल मच जाएगी।

खोखली धमकी । अभी तो सवाल यही है कि मसूद अजहर है भी या नहीं और अगर है तो कहां? जब उसका होना ही संदिग्ध है, तो फिर यह ऑडियो भी संदिग्धता की श्रेणी में ही आएगा। रक्षा विशेषज्ञ भी मानते हैं, कि यह बयान खोखली धमकी से अधिक कुछ नहीं। यह ऑपरेशन सिंदूर के बाद उपजी गहरी हताशा को दर्शाता है। भारतीय सेना ने जैश को जैसी चोट पहुंचाई थी, उसे देखते हुए यह मानना ज्यादा सही होगा कि मसूद अजहर का ऑडियो उसके आतंकी संगठन की ताकत को व्यक्त करने वाला संदेश नहीं, झूठी धमकी है। फिर भी, सुरक्षा एजेंसियां जब तक ऑडियो की आवाज के नमूनों और मेटाडेटा का एनालिसिस नहीं कर लेतीं, किसी निष्कर्ष पर पहुंचना सही नहीं होगा।

प्रॉक्सी वॉर । साल 1971 तक पाकिस्तान कई बार भारत से सीधे भिड़ा और हर बार हारा। जब उसने देख लिया कि वह भारत से प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं जीत सकता, तब प्रॉक्सी युद्ध का सहारा लिया। उसने प्रशिक्षित 'मुजाहिदीन' को भारत में भेजने की योजना बनाई। धार्मिक पार्टियों, जैसे - मरकज दावा-अल-इरशाद, जमात-उ-इस्लामी, सिपह-ए-सहाबा, जैश-ए-मोहम्मद का सहारा लिया। जनरल जिया ने इन नीतियों के साथ-साथ धार्मिक उन्माद को इस हद तक बढ़ाया कि वह 'बदी वाला मुल्ला' कहे जाने लगे।

आतंकवाद ही ताकत । 'गन्स एंड येलो रोजेज' में Pamela Constable ने पाकिस्तान में खड़े हो रहे आतंकी संगठनों, विशेषकर लश्कर की मानसिकता पर लिखा है, 'हमारी हार्दिक इच्छा है कि भारतीयों के खिलाफ जिहाद में मरना है, ताकि हम जन्नत में अपना स्थान बना सकें।' तभी से यह सिलसिला जारी है। और शायद तब तक रुकेगा भी नहीं, जब तक पाकिस्तान का अस्तित्व है, क्योंकि उसने आर्थी और आतंकवाद को ही अपनी ताकत बना रखा है।

भारत से जलन । प्रॉक्सी वार के जरिए पाकिस्तान तीन तरह के फायदे उठाना चाहता है। पहला उद्देश्य है भारत को रोकना। भारत आज दुनिया की उभरती हुई ताकत है, ग्लोबल साउथ में लीडरशिप का दावेदार। पाकिस्तान चाहता है कि भारत उसके रचे प्रॉक्सी वॉर में उलझा रहे। पाकिस्तान का दूसरा उद्देश्य है मनोवैज्ञानिक युद्ध छेड़े रखना, जिससे मानवीय क्षति हो और लोगों का सरकार व संस्थाओं से भरोसा टूटे।

अलर्ट रहना जरूरी । पाकिस्तान का अगला मकसद इस प्रोपेगेंडा को दुनिया में फैलाना है कि कश्मीर पर भारत ने जबरन कब्जा किया हुआ है और उसके खिलाफ मुजाहिदीन संघर्ष कर रहे हैं। समय-समय पर उसे चीन और अमेरिका जैसे देशों से ऊर्जा भी मिलती रहती है। बहरहाल, पाकिस्तान से आए ऑडियो-विडियो जैश-ए-मोहम्मद के बिखरे ढांचे को फिर से समेटने, उसे ताकत देने और नेटवर्क को जिंदा करने की कोशिश का एक हिस्सा प्रतीत होते हैं। फिर भी, इन्हें पूरी तरह खारिज करना सही नहीं होगा।

(लेखक विदेशी मामलों के जानकार हैं)

ISRO की ये नाकामी आगे कामयाबी में बदलेगी

इसरो के लिए साल का पहला मिशन असफलता लेकर आया। PSLV-C62 रॉकेट तकनीकी खराबी के चलते रास्ता भटक गया। यह अपने साथ 16 सैटेलाइट और पेलोड लेकर जा रहा था। इस मिशन को भारत की राष्ट्रीय कूटनीतिक जरूरतों और अंतरिक्ष क्षेत्र में उसकी वैश्विक महत्वाकांक्षा, दोनों के लिए अहम माना जा रहा था। ऐसे में असफलता ने दोनों ही उद्देश्यों को नुकसान पहुंचाया है।

शैलेंद्र पांडेय

असफलता के सबक । हालांकि स्पेस मिशन में असफलता नई बात नहीं है। इसरो, नासा और SpaceX से लेकर चीन-रूस तक, सभी को कभी न कभी नाकामी मिली है। इसे किसी भी तरह टाला नहीं जा सकता। दूसरी अहम बात, अंतरिक्ष बहुत जोखिम भरा क्षेत्र है और इन असफलताओं से जरूरी डेटा व आगे के अभियानों के लिए जरूरी सबक मिलते हैं। इन्हीं की बुनियाद पर फिर सफलता भी मिलती है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि विफलताओं की ईमानदारी से जांच की जाए। ऐसा नहीं किया गया, तो नुकसान बहुत बड़ा होता है। फिर बाजार में हिस्सेदारी और प्रतिष्ठा, दोनों को चोट पहुंचती है। रूस का अंतरिक्ष कार्यक्रम इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

दांव पर भरोसा । PSLV लंबे समय से इसरो का सबसे भरोसेमंद रॉकेट माना जाता रहा है। एजेंसी इस पर निर्भर रही है। लेकिन, लगातार दो मिशन से यह फेल हो रहा है, जिससे अब क्लाइंट हिचकेंगे। आज का स्पेस मार्केट बेहद प्रतिस्पर्धी है। नए लॉन्चर तेज उड़ान का वादा कर रहे हैं। ऐसे में ISRO केवल अपनी पुरानी साख के सहारे आगे नहीं बढ़ सकता।

कॉमन रूम

सुरक्षा चुनौतियां । इस लॉन्च में कई उपग्रह नष्ट हुए हैं, जिनमें DRDO का एक अहम रक्षा पेलोड भी शामिल था। भारत में पहले ही निगरानी, खुफिया जानकारी और सुरक्षित संचार में कुछ कमियां हैं। अब एक रक्षा उपग्रह के नुकसान से ये कमियां और बढ़ जाती हैं, खासकर जब क्षेत्रीय सुरक्षा हालात की वजह से क्षमता तेजी से बढ़ाने की जरूरत है। देरी देश के हित में नहीं है।

अभियानों पर असर । ऑपरेशन सिंदूर के बाद इसरो ने कहा था कि देश की अंतरिक्ष क्षमताओं की वजह से दुश्मन के इलाके में भीतर तक सटीक कार्रवाई संभव हो पाई। यह असाधारण कदम था। हालांकि हर असफलता अभियानों को महीनों और कई बार बरसों के लिए पीछे धकेल देती है। रिप्लेसमेंट सैटेलाइट के लिए फंड्स की मंजूरी से लेकर निर्माण तक नए सिरे से होता है।

निजी भागीदारी । भारत में प्राइवेट लॉन्च स्टार्टअप की बात हो रही है। हालांकि ऐसे स्टार्टअप से भी इन असफलताओं की तुरंत भरपाई नहीं हो पाएगी। भारत के प्राइवेट लॉन्च वीकल अभी शुरुआती दौर में हैं। ऐसे में इसरो के जरूरी मिशन को अंजाम देने की जिम्मेदारी अब भी इसरो पर है।

कांटे की बात

छोटी-सी मदद से कम हुआ TB का ख़तरा

छोटी बात, बड़ा फ़र्क

मै ईरान के लोगो के साथ हूं। उन्हें अपना राजनीतिक भविष्य खुद तय करने का अधिकार है। वहां हो रहे प्रदर्शनों को महिलाओं पर लंबे समय से लगी सरकारी पाबंदियों से अलग करके नहीं देखा जा सकता। उन्हें सम्मान से जीने का अधिकार है।

मलाला यूसुफजाई
नोबेल शांति पुरस्कार विजेता

TB के इलाज में दवाओं के साथ पोषण भी जरूरी है। रिसर्च से पता चला है कि इलाज की शुरुआत में मरीज पौष्टिक खाना खा सकें, इसके लिए आर्थिक मदद दी जाए तो जान जाने का खतरा कम हो जाता है। छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी ने इस मॉडल से बेहतरीन नतीजे पाए हैं।

मौतों की संख्या घटी

TB मरीजों मे कुपोषण बड़ी समस्या है। आधे से अधिक TB मरीजों का वजन सामान्य से कम पाया गया है, जिससे दवाएं असर नहीं करतीं। ऐसे मरीजों मे मौत का खतरा 4 से 5 गुना अधिक होता है। छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी ने TB मरीजों की पहचान BMI के आधार पर की और इलाज शुरू होते ही उन्हें हजार रुपये दिए जाने लगे।

डेढ़ माह मे वापसी

दोनो राज्यों मे सरकार गंभीर रूप से कुपोषित टीबी के मरीजो को फूड और न्यूट्रिशन बास्केट भी देती है। ज्यादा खराब सेहत वालो को प्राथमिकता दी जाती है। इन प्रयासो के असर से मरीजो के ठीक होने की दर सुधरी है, मौतो मे कमी आई है। कई मामले मे इलाज खत्म होने के डेढ़ महीने बाद ही मरीज अपने काम पर लौट गए।

जनता जंक्शन इरफान

कंपनियां और गिग वर्कर्स मिलकर आगे बढ़ें





संजीव बिखचंदानी / चेतन अग्रवाल

सरकार ने प्लैटफॉर्म कंपनियों, मसलन - एमेजॉन, फ्लिपकार्ट, स्विगी, जोमैटो, जेप्टो के 10 मिनट में डिलिवरी पर रोक लगा दी है। इससे पहले गिग वर्कर्स (जैसे डिलिवरी बॉय) ने 25-31 दिसंबर 2025 के दौरान हड़ताल की योजना बनाई थी। इसमें वर्कर्स की भागीदारी भले अच्छी नहीं रही, लेकिन हड़ताल ने उनके अधिकारों और हितों को लेकर बहस जरूर छेड़ दी है।

हालांकि इस बहस की बुनियाद गलत है। इसमें प्लैटफॉर्म कंपनियों और वर्कर्स को आमने-सामने खड़ा किया जा रहा है, जो नासमझी है। हमें समझना होगा कि इन वर्कर्स का इकॉनमी में अहम रोल है। इसे शेयर बाजार में लिस्टेड प्लैटफॉर्म कंपनियों की कुल वैल्यू से समझा जा सकता है। 2024-25 के आर्थिक सर्वे के अनुसार प्लैटफॉर्म कंपनियों ने पारंपरिक सर्विस सेक्टर को आधुनिक व्यवस्था में बदल दिया है।

तेजी से बढ़ती गिग इकॉनमी

कुछ साल पहले आई नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, 2020-21 में देश में गिग वर्कर्स की संख्या 77 लाख थी, जो 2029-30 तक 2.35 करोड़ पहुंच सकती है। यानी तब देश के कुल गैर-कृषि रोजगार में गिग इकॉनमी का योगदान 6% हो जाएगा। खासतौर पर फूड डिलिवरी बिजनेस में इसकी अहमियत साफ दिखती है। वित्त वर्ष 2023-24 में इस क्षेत्र का बिजनेस 1.2 लाख करोड़ था और 13.7 लाख को प्रत्यक्ष रोजगार मिला।

डिलिवरी आधारित ऐप्स का दूसरे बिजनेस पर भी पॉजिटिव असर हो रहा है। इससे अगले पांच वर्षों में 80 लाख गाड़ियों की मांग बढ़ेगी। फूड डिलिवरी प्लैटफॉर्म्स से जुड़ने के बाद रेस्तरां का धंधा भी बढ़ा है। अगर प्लैटफॉर्म बिजनेस नहीं होता तो गिग वर्कर्स कंस्ट्रक्शन जैसे सेक्टर्स में काम करने को मजबूर होते।

ऐसे काम में अनिश्चितता बहुत है। कई बार उन्हें समय पर भुगतान भी नहीं किया जाता। प्लैटफॉर्म बिजनेस में ऐसा नहीं है। बेशक, गिग वर्कर्स प्लैटफॉर्म कंपनियों के पेरोल पर नहीं होते, लेकिन वे एक लीगल कॉन्ट्रैक्ट के तहत काम करते हैं। उनके पास पारंपरिक मजदूरों से अधिक आजादी होती है। वे पसंद की कंपनी से जुड़ सकते हैं, काम के घंटे खुद तय कर सकते हैं। इसलिए कंपनियों को उन्हें साथ बनाए रखने के लिए बेहतर सुविधाएं देनी पड़ती हैं।

आज जोमैटो का एक रेगुलर डिलिवरी पार्टनर महीने में औसतन 20 हजार रुपये से अधिक कमाता है। कंपनियां इन्हें आमदनी में साझेदारी के आधार पर भुगतान करती हैं। फिर भी गिग वर्कर्स की भागीदारी बढ़ रही है। प्लैटफॉर्म से जुड़े बिजनेस या पेशेवरों को भी फायदा हो रहा है। इससे उनके कई खर्चे बच रहे हैं। जैसे, ऑटो रिक्शा वाले को उबर, ओला, रैपिडो जैसी कंपनियों से जुड़ने पर यात्री की तलाश नहीं करनी पड़ती।

इंडस्ट्री निकाले उपाय

पूरी इंडस्ट्री सामाजिक सुरक्षा और ट्रेनिंग के एक जैसे उपाय करे। सामाजिक सुरक्षा, 2020 कोड में गिग और प्लैटफॉर्म वर्कर्स के लिए प्रावधान किए गए हैं। इसके लिए जो मसौदा तैयार किया गया है, उसमें बताया गया है कि सामाजिक सुरक्षा के लिए कौन योग्य होंगे। रजिस्ट्रेशन और कवरेज का तरीका भी इसमें दिया गया है। कुल मिलाकर, कंपनियां और गिग वर्कर्स को एक दूसरे की परेशानियों को समझना होगा, तभी यह इंडस्ट्री तरक्की की राह पर आगे बढ़ती रहेगी।

(बिखचंदानी इंफोऐज के सह-संस्थापक और अग्रवाल पब्लिक पॉलिसी कंसल्टेंट हैं)

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

आप अभी क्या सोच रहे हैं, जीवन इसी पर टिका

गुनि जयकुमार

जैसे बगीचे में अच्छे बीज बोने से सुंदर फूल और मीठे फल मिलते हैं, वैसे ही मन में अच्छे विचार लाने से जीवन में सुख, शांति और सफलता मिलती है। मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति उसका विचार है। वह सोच सकता है, सही-गलत का विवेक कर सकता है और अपने मन को सही दिशा में ले जा सकता है। उसके भीतर ऐसे कीमती विचार जन्म ले सकते हैं, जो मोतियों की तरह जीवन को चमका देते हैं। इसलिए कहा गया है कि मनुष्य की सबसे बड़ी संपदा उसके विचार हैं।

एक अच्छा विचार न केवल व्यक्ति का जीवन बदल सकता है, बल्कि समाज और समय की दिशा भी तय कर सकता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि बड़े परिवर्तन किसी हथियार से नहीं, बल्कि एक सशक्त विचार से जन्मे हैं। अच्छे विचार मनुष्य को कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने का साहस देते हैं। वे भीतर ऐसी ऊर्जा भर देते हैं, जिससे असंभव भी संभव लगने लगता है।

AI Image

विचार ही क्रांति का आधार बनते हैं और विचार ही शांति का मार्ग खोलते हैं। इसलिए यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि हमारे विचार हमें किस दिशा में ले जा रहे हैं- निर्माण की ओर या विनाश की ओर।

आध्यात्मिक दृष्टि से देखा जाए तो श्रेष्ठ विचार मनुष्य के भीतर नई चेतना जगाते हैं। जब विचारों में करुणा, प्रेम और आत्मबोध का रस होता है, तब जीवन में आनंद और संतुलन स्वतः आने लगता है। आध्यात्मिक विचार व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों में भी विचलित नहीं होने देते। वह हर चुनौती का सामना शांत और साहसी मन से करता है।

ऐसे विचार मनुष्य को केवल मानसिक ही नहीं, शारीरिक और भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ बनाते हैं। सकारात्मक और पवित्र विचारों से चरित्र में उज्ज्वलता आती है, व्यवहार में सादगी और संवेदनशीलता जन्म लेती है। विचारों की शुद्धता ही व्यक्तित्व का वास्तविक सौंदर्य है। धन, पद या प्रसिद्धि नहीं, बल्कि विचारों की संपन्नता ही मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है। जैसे विचार होंगे, वैसा ही जीवन बनेगा।

रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

आम लोगों की आवाज

13 जनवरी का लेख 'ईरान में दिख रहा तीन पीढ़ियों का आक्रोश' पढ़ा। ईरान की आग किसी एक शासक या किसी एक देश की वजह से नहीं भड़की - दशकों की गलत नीतियों, बाहरी हस्तक्षेप और आंतरिक दमन ने मिलकर यह विस्फोट तैयार किया है। लेख पढ़कर यही लगा कि आम ईरानी जनता सबसे बड़ी पीड़ित है, जिसे धर्म, राष्ट्रवाद और भू-राजनीति के नाम पर लगातार कुचला गया। डॉनल्ड ट्रंप का दबाव हालात को और खतरनाक बना सकता है। ईरान का भविष्य बंदूक या प्रतिबंध नहीं, बल्कि अपने लोगों की आवाज से तय होना चाहिए।

प्रमोद सारस्वत, इंफेल

nbtedit@timesofindia.com पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

[illegible]

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH17 User: rajesh.mishra Time: 01-13-2026 22:18 Color:

नवभारत टाइम्स NBT
Delhi Times
OF INDIA
WEDNESDAY, JANUARY 14, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE
masala mix

दिशा पाटनी और पंजाबी सिंगर तलविंदर सिंह की डेटिंग की चर्चा

बॉलिवुड बोला, लोहड़ी दी लख-लख वधाइयां

@nimratofficial



लोहड़ी के खास मौके पर बॉलिवुड सितारों ने भी फैंस को शुभकामनाएं दीं और खुशियां साझा कीं। निमरत कौर ने एक फोटो शेयर किया जिसमें वह पूजा की थाली लेकर आग के सामने खड़ी हैं। उन्होंने फोटो के ऊपर लिखा, 'सभी को लोहड़ी की शुभकामनाएं।' अक्षय कुमार ने भी सोशल मीडिया पर लिखा, 'खरेयां नूं लोहड़ी दियां लख लख वधाइयां।'

शिल्पा शेट्टी ने एक प्यारा सा मैसेज लिखते हुए सभी को लोहड़ी की बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'यह पर्व हंसी, खुशी और परिवार के साथ बिताए गए खास पलों का प्रतीक है।' शिल्पा ने यह भी कामना की कि लोहड़ी की आग सभी की जिंदगी से निगेटिविटी दूर कर दे और केवल रोशनी और खुशियां लेकर आए। रकुलप्रीत सिंह ने ढोल बजने का एक स्टीकर शेयर करते हुए लोहड़ी की बधाइयां दीं। राशि खन्ना ने भी एक बातचीत के दौरान परिवार के साथ मस्ती भरे अंदाज में लोहड़ी का त्योहार मनाने की बात कही है।



अक्षय कुमार ने भी फैंस को लोहड़ी की बधाई दी

सनी-बॉबी से मेरे रिश्ते अच्छे हैं: हेमा मालिनी



हेमा मालिनी ने देओल फैमिली से अपने अनबन की खबरों पर खुलकर बात की है। उन्होंने साफ कहा कि सनी देओल और बॉबी देओल के साथ उनके रिश्ते हमेशा अच्छे और प्यार भरे रहे हैं। गौरतलब है कि धर्मेंद्र की मौत के बाद परिवार में तल्खी की बातें सामने आई हैं। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने सनी देओल और उनके परिवार से अपने रिश्ते पर कहा, 'हमारे रिश्ते हमेशा बहुत अच्छे रहे हैं और आज भी वैसे ही हैं। मुझे नहीं पता लोग क्यों सोचते हैं कि हमारे बीच कुछ गलत है। लोग सिर्फ गॉसिप चाहते हैं। यह मेरी निजी जिंदगी है, मुझे किसी की सफाई देने की जरूरत नहीं है। हम सब एक-दूसरे के बहुत करीब हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'धर्मेंद्र के नाम पर म्यूजियम बनाने की योजना सनी देओल की है और इस पर आगे में चर्चा होगी। सनी ने भी कहा है, मुझे बताते हैं।'

'धरम जी को हर पल मिस करती हूं'

धर्मेंद्र को याद करते हुए हेमा मालिनी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा, 'हम 67 साल साथ रहे। उनके बिना जिंदगी की कल्पना नहीं कर सकती। मैं उन्हें हर पल मिस करती हूं। आज उनके बिना बहुत खालीपन महसूस होता है।' हेमा मालिनी ने यह भी बताया कि वह धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म इक्कीस देखने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहीं। यह उन्हें बहुत भावुक कर देगा। मेरी बेटियां भी कह रही हैं कि थोड़ा समय बीतने दें। जब जख्म भरने लगेंगे, तब देखूंगी।'

> हमारे रिश्ते हमेशा बहुत अच्छे रहे हैं और आज भी वैसे ही हैं। मुझे नहीं पता लोग क्यों सोचते हैं कि हमारे बीच कुछ गलत है। सनी जो भी करते हैं, मुझे बताते हैं।

Buzzstop

आमिर खान की फिल्म के अवैध प्रसारण पर रोक

आमिर खान की फिल्म 'हैप्पी पटेल: खतरनाक जासूस' को पाइरेसी से बचाने के लिए मद्रास हाई कोर्ट ने सख्ती की है। कोर्ट ने फिल्म के अनधिकृत प्रसारण व ऑनलाइन लीक पर रोक लगाने का आदेश पारित किया है।

यश की फिल्म के टीज़र पर हुआ विवाद, महिला आयोग में शिकायत

यश की फिल्म टॉक्सिकः ए फेबरी टेल फॉर ग्रेन-अप्स का टीजर रिलीज होते ही विवादों में घिर गया है। एक राजनीतिक दल की महिला विंग ने कर्नाटक राज्य महिला आयोग में टीजर को लेकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि टीजर में दिखाए गए कुछ दृश्य अश्लील हैं और राज्य के सामाजिक व सांस्कृतिक मूल्यों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि टीजर सार्वजनिक रूप से दिखाने लायक नहीं है और ऑनलाइन देखने वाली महिलाओं, बच्चों और नाबालिगों पर इसका गलत असर पड़ सकता है। शिकायतकर्ता ने गुजारिश की है कि टीजर को तत्काल विड्रॉ या कैंसिल किया जाए।

THE ECONOMIC TIMES

NPS खाते बढ़ाने को नियम बदलने की आस

एस. रामन

■ NBT रिपोर्ट, गुड़गांव : पेंशन रेगुलेटर PFRDA के चेयरपर्सन एस. रामन ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में नियमों में इस तरह के बदलाव किए जाएंगे, जिससे पर्याप्त संख्या में NPS (नैशनल पेंशन सिस्टम) खाते सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि पेंशन एक सरकारी कॉन्सेप्ट के तौर पर देखा जाता है, जिसे बदला जाना जरूरी है। इसे वेल्थ क्रिएशन के तौर पर देखना होगा। इसके लिए लोगों को खुद जल्द शुरुआत करनी होगी। PFRDA चेयरपर्सन ने 'पेंशनबाजार' की शुरुआत करते हुए यह बात कही, जिसके दायरे में एनपीएस और रिटायरमेंट से जुड़े दूसरे समाधानों को एक ही मंच पर पेश किया जा रहा है। 'पेंशनबाजार' चलाने वाली कंपनी फंबी फिनटेक के चेयरमैन यशोव दहिया का कहना है कि यह प्लैटफॉर्म लॉन्ग टर्म में वेल्थ क्रिएशन को बढ़ावा देगा।

बुजुर्ग घर बैठे जमा कर सकेंगे लाइफ सर्टिफिकेट

■ NBT रिपोर्ट : EPFO ने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (IPPB) के साथ मिलकर पेंशन पाने वालों के लिए एक खास सुविधा शुरू की है। अब EPS पेंशनर्स को अपना लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने के लिए बैंक या सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। ET के मुताबिक, डाकिया खुद आपके घर आएगा और डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (DLC) जमा करने में आपकी मदद करेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि इस सर्विस के लिए पेंशनर्स को एक भी पैसा नहीं देना होगा।

9 जनवरी को जारी EPFO के सर्कुलर के मुताबिक, यह सर्विस खासतौर पर उन बुजुर्गों के लिए है जिन्हें चलने-फिरने में दिक्कत होती है या जिन्हें स्मार्टफोन और बैंक जाने में परेशानी आती है। डाकिया या डाक सेवक उन पेंशनर्स के घर जाएंगे जिनका लाइफ सर्टिफिकेट जमा होना बाकी है। पेंशनर्स के लिए यह पूरी तरह मुफ्त है।

रिटायरमेंट के बाद NPS से पक्की पेंशन का इंतजाम!

PFRDA ने गाइडलाइंस के लिए एक कमिटी बनाई

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी (PFRDA) ने नैशनल पेंशन सिस्टम (NPS) के सब्सक्राइबर्स के लिए रिटायरमेंट के बाद नियमित और निश्चित पेंशन की व्यवस्था की दिशा में कदम बढ़ाया है। PFRDA ने एक हाई लेवल की कमिटी को दिशानिर्देश और नियम तय करने का जिम्मा दिया है, जिनके आधार पर एश्योर्ड पेमेंट का फ्रेमवर्क बनाया जा सके। यह कमिटी लॉक-इन पीरियड, विड्रॉल लिमिट और फी स्ट्रक्चर से लेकर मार्केट बेस्ड गारंटी तक के तरीकों पर विचार करेगी। इस 15 सदस्यों वाली समिति की कमान इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष डॉ एम एस साहू को सौंपी गई है। फाइनैंस मिनिस्ट्री ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा, 'यह कदम PFRDA ऐक्ट के प्रावधानों के अनुसार है और इसका उद्देश्य सब्सक्राइबर्स के लिए रिटायरमेंट इनकम की सिक्योरिटी बढ़ाना है।'

मिनिस्ट्री ने कहा कि साहू की अध्यक्षता में बनी समिति 'स्ट्रक्चर्ड पेंशन पेआउट्स' पर एक अडवाइजरी कमिटी है। कमिटी पेंशन स्कीम्स सहित एश्योर्ड पेआउट के नियमों का सुझाव देगी। यह ऐसे नियमों पर भी विचार करेगी, जिससे कॉन्ट्रिब्यूशन से पेआउट फेज में आसानी से ट्रांजिशन हो। कमिटी मार्केट लिंक्ड गारंटीज और कानूनी रूप से लागू किए जा सकने वाले सेटलमेंट कॉन्सेप्ट्स के बारे में राय देगी। कमिटी को लॉक-इन पीरियड, विड्रॉल लिमिट, प्रायरिटी मैकेनिज्म और फी स्ट्रक्चर के बारे में सुझाव देने को भी कहा गया है। यह भी देखा जाएगा कि एनपीएस में बने रहते हुए सब्सक्राइबर को जो पेमेंट मिले, उस पर किस तरह टैक्स लगना चाहिए। कमिटी मिस-सेलिंग रोकने के लिए मानक नियमों के बारे में भी राय देगी।

अभी क्या है सिस्टम?

- NPS में रिटर्न मार्केट लिंक्ड होता है। गैर-सरकारी सब्सक्राइबर NPS से तय समय के बाद एन्यिटि करते वक्त फंड का 80% तक हिस्सा निकाल सकते हैं और 20% से उन्हें अनिवार्य रूप से पेंशन प्रोडक्ट लेना होता है।
- फिलहाल केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए घोषित यूनिफाइड पेंशन स्कीम में एश्योर्ड पेआउट की व्यवस्था है।
- इसमें केंद्र सरकार के कर्मचारियों को रिटायरमेंट से ठीक पहले के 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन के 50% के बराबर पेंशन की गारंटी होती है, बशर्ते वे 25 साल तक सेवा में रहे हों।
- सर्विस पीरियड इससे कम होने पर आनुपातिक रूप से पेआउट की व्यवस्था है।

615 अंकों की गिरावट के बाद संभला बाजार

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय शेयर बाजार में एक दिन की राहत के बाद मंगलवार को फिर से गिरावट देखने को मिली। रिलायंस इंडस्ट्रीज, L&T और एयरटेल में हुई बिकवाली और अमेरिका की तरफ से टैरिफ बढ़ाए जाने की चिंता ने निवेशकों को निराश किया। सेंसेक्स 250.48 अंक (0.30%) गिरकर 83,627.69 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसमें 615 अंकों तक की बड़ी गिरावट भी आई थी। निफ्टी भी 57.95 अंक (0.22%) लुढ़क कर 25,732.30 पर आ गया। TCS के कमजोर नतीजों ने मार्केट सेंटिमेंट को बिगाड़ा। बीएसई स्मालकैप इंडेक्स 0.46% चढ़ गया, जबकि मिडकैप में 0.16% की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, दिल्ली में चांदी की कीमत 6,000 रुपये उछलकर 2,71,000 रुपये प्रति किलो के नए ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई। सोना भी 400 रुपये महंगा होकर 1,45,000 प्रति 10 ग्राम के रेकॉर्ड लेवल पर जा पहुंचा।

ईरान से बिजनेस पर 25% शुल्क की चेतावनी

निर्यातक बोले- ट्रंप के ईरानी टैरिफ का पड़ सकता है असर

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

AI Image

■ नई दिल्ली : अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि ईरान से बिजनेस करने वाले देशों से अमेरिका आने वाले माल पर 25% टैरिफ लगेगा। ट्रंप के इस फैसले से भारत, चीन और यूएई जैसे देशों में चिंता बढ़ गई है। भारत के निर्यातकों ने इस मुद्दे पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दी हैं। PHDCCI के CEO रंजीत मेहता ने कहा, 'अगर यह 25% टैरिफ पहले से लागू 50% टैरिफ पर जोड़ा जाता है तो अमेरिका को भारत से टेक्सटाइल्स एंड अपैरल, जेम्स एंड जूलरी, लेदर एंड फुटवियर, ऑटोमोबाइल कंपोनेंट्स, केमिकल प्रोडक्ट्स और समुद्री उत्पादों के निर्यात पर बड़ा असर पड़ेगा।'

'कोई असर नहीं'

वहीं, ट्रंप की घोषणा से भारत पर असर नहीं पड़ने की बात करते हुए निर्यातकों के संगठन FIEO ने कहा, 'ईरान के साथ अधिकतर चीजों का व्यापार मानवीय आधार पर हो रहा है। ये पहले के अमेरिकी प्रतिबंधों के दायरे से बाहर हैं। इसलिए FIEO का मानना है कि ईरान के साथ कारोबार करने वाले किसी भी देश पर 25% अतिरिक्त टैरिफ की जो घोषणा अमेरिका ने की है, उसका भारत पर लगभग कोई असर नहीं होगा।'

'US का रुख साफ नहीं'

PHDCCI के प्रेसिडेंट राजीव जुनेजा ने कहा, 'अमेरिका के इस 25% टैरिफ का मतलब यह नहीं है कि कुल टैरिफ 75% मान लिया जाए। अभी अमेरिकी अधिकारियों ने कोई टैरिफ शेड्यूल या कस्टम्स गाइडेंस जारी नहीं किया है। उन्होंने यह नहीं बताया कि किन चीजों या सेवाओं पर यह अतिरिक्त टैरिफ लगेगा। यह भी साफ नहीं है कि ईरान के साथ बिजनेस करने का क्या मतलब है।'

'बड़ी चिंता की बात'

जेम्स एंड जूलरी सेक्टर के बारे में कामा जूलरी के एमडी कोलिन शाह ने कहा कि अगर अतिरिक्त 25% टैरिफ लागू हुआ तो इससे अमेरिका को इस सेक्टर का निर्यात और प्रभावित होगा। उन्होंने कहा, 'अमेरिकी टैरिफ बढ़ना बड़ी चिंता की बात है क्योंकि वैश्विक अनिश्चितता और ऊंची ब्याज दरों के चलते दुनिया में डिमांड पहले ही कमजोर चल रही है। कुल टैरिफ 75% हो जाने पर अमेरिका में ड्राइवन प्रोडक्ट बहुत महंगे हो जाएंगे। डायमंड स्टडेड और हैंडमेड गोल्ड जूलरी में मार्जिन पहले से काफी कम है। अतिरिक्त टैरिफ लगने पर ऑर्डर रुक सकते हैं, कॉन्ट्रैक्ट्स पर नए सिरे से बातचीत करनी पड़ सकती है और अमेरिकी खरीदार सप्लाई के लिए दूसरे देशों का रुख कर सकते हैं।'

प्रॉपर्टी मार्केट में सुस्ती, पर नए घरों की सप्लाई बढ़ी : रिपोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अक्टूबर–दिसंबर (OND) 2025 तिमाही में बड़े शहरों में घरों की मांग तिमाही के हिसाब से 8.7% घट गई, जबकि सप्लाई 3.4% बढ़ गई। Magicbricks' के ताजा PropIndex रिपोर्ट के मुताबिक, इस तिमाही में घरों की कीमतें तिमाही आधार पर 1.5% और सालाना आधार पर 16.9% बढ़ीं। यह पिछले दो साल में दाम बढ़ने की सबसे धीमी रफ्तार है, जो यह दिखाती है कि मार्केट अब ज्यादा किफायती और सही कीमत पर आधारित हो रहा है।

Magicbricks' ने जारी की PropIndex रिपोर्ट

रिपोर्ट के मुताबिक, सेटर नोएडा (+9.6%), गुरुग्राम (+6.6%), ठाणे (+5.1%) और नोएडा (+4.8%) नई सप्लाई बढ़ाने वाले प्रमुख शहर बनकर उभरे। यह रिकवरी ज्यादातर मिड और अपर-मिड सेगमेंट में दिखी। क्योंकि डिवेलपर्स ने नई लॉन्चिंग को ज्यादा से ज्यादा एंड-यूजर (खुद रहने वालों) की जेब के हिसाब से सेट करना शुरू कर दिया है। NCR में मिड और अपर-मिड सेगमेंट की सप्लाई सेटर नोएडा और गुरुग्राम (दोनों +27.3%) और नोएडा (+13.4%) में तेजी से बढ़ी। लग्जरी सेगमेंट की सप्लाई में हल्की सुस्ती दिखी। गुरुग्राम में 3 करोड़ रुपये तक के घरों की सप्लाई 32.5% बढ़ी, जबकि 5 करोड़ रुपये से ऊपर वाले लग्जरी सेगमेंट में यह बढ़त सिर्फ 14.2% रही। मुंबई में भी कुछ ऐसा ही ट्रेंड नजर आया, जहां 5 करोड़ रुपये तक के घरों की सप्लाई 10.2% बढ़ी, जबकि 9 करोड़ रुपये से ऊपर के घरों की लिस्टिंग तिमाही आधार पर 8.5% घट गई। बेंगलुरु इकलौता ऐसा बड़ा शहर है जहां लग्जरी घरों का क्रेज कम नहीं हुआ है।

काम के हर फीचर में भरोसेमंद बनने की चुनौती

गैजेट रिव्यू

NBT टेक टीम

Oneplus 15R
दाम: 44,999 रु.(256 जीबी)
49,999 रुपये (512 जीबी)

वनप्लस (Oneplus) की R सीरीज प्रीमियम एक्सपीरियंस और किफायती प्राइसिंग का संतुलन है और इसने अपना एक अलग फैनबेस बना लिया है। इस बार के फ्लैगशिप का R वर्जन यानी 15R जब आया तो उसका इम्तिहान मिस्टर डिपेंडेबल बनने का रहा। R सीरीज उन कोर फीचर्स पर फोकस करती है जो अधिकतर यूजर के लिए ज्यादा काम के होते हैं। जानते हैं 15R इन पर कितना खरा उतरता है। यह फोन 12 जीबी रैम के साथ 256 जीबी और 512 जीबी स्टोरेज विकल्प में आता है, दाम 44999 रुपये और 49999 रुपये है।

Oneplus 15R प्रीमियम लेवल की पावर और रोजमर्रा की जिंदगी में संतुलन देता है। डिजाइन में यह फोन बड़ा और ठोस है, काफी कुछ वनप्लस 15 जैसा, सिवाय कैमरा मॉड्यूल के। पीछे का ग्लास और फ्रेम, साथ ही फ्लैट एजेज अच्छी पकड़ देते हैं और 6.83-इंच की फुल एचडी प्लस स्क्रीन पर देखने में एक अच्छा अनुभव मिलता है। ब्राइटनेस दिन में भी मजबूत रहती है और कलर्स गहरे और नैचुरल दिखते हैं इसलिए वीडियो, फोटो और गेमिंग (165 Hz तक एडैप्टिव रिफ्रेश रेट) में स्क्रीन का अनुभव अच्छा रहता है। Gorilla Glass 7i की सुरक्षा भी दी गई है, जिससे यह रोजाना के गिरने-फिसलने से बेहतर बचता है।

प्रोसेसर के मामले में Snapdragon 8 Gen 5 चिपसेट फोन को सिर्फ तेज नहीं बल्कि भविष्य को देखते हुए तैयार किया गया है। यह वही चिप है जो आज के कई महंगे फ्लैगशिप में मिलता है और इससे ऐप्स, गेम्स और मल्टी टास्किंग सभी सहज रूप से होते हैं। डेली इस्तेमाल में अगर आप एक साथ कई ऐप्स खोलते हैं या हाई-एंड गेम्स खेलते हैं, तो फोन में बहुत कम रुकावट महसूस होती है। रैम और स्टोरेज भी नए LPDDR5x और UFS 4.1 मानक पर है, जो डेटा एक्सेस को बहुत तेज बनाता है। धर्मल मैनेजमेंट बेहतर है, इसलिए लंबे गेमिंग सेशन में फोन ज्यादा गर्म नहीं होता। यह संतुलन वनप्लस फोन की Cryo Velocity Cooling तकनीक से आता है।

कैमरा सिस्टम सरल, पर असरदार है। 50MP का मुख्य कैमरा रोजमर्रा की तस्वीरों के लिए अच्छा है, दिन में डिटेल्स साफ दिखती हैं और कलर्स भी मजबूत रहते हैं। 8MP का अल्ट्रा-वाइड लेंस अच्छे ग्रुप शॉट या लैंडस्केप के लिए ठीक है। टेलीफोटो लेंस नहीं और उस तरह के जूम फीचर नहीं है, लेकिन सामान्य उपयोग में आप सोशल मीडिया और यादों को खूबसूरत तरीके से कैप्चर कर सकते हैं। सेल्फी के लिए 32MP कैमरा भी अच्छा और तेज फोकस के साथ आता है।

फोन Android 16 पर OxygenOS 16 के साथ आता है, जिसमें सिस्टम को क्लीन और सहज रखा गया है। यहीं पर AI संचालित फीचर्स भी हैं जैसे Plus Mind, जो आपकी जानकारी को बचाकर याद में आसानी से ढूंढने और सार बनाने में मदद करता है। ये छोटे-छोटे सुधार रोजमर्रा के स्मार्टफोन एक्सपीरियंस को और बेहतर बनाते हैं। 15 की तरह ही इसमें भी एआई से फोटो हटेलर बहुत शानदार काम करता है, अनचाहे ऑब्जेक्ट्स को हटाने में।

बैटरी इस फोन का सबसे बड़ा प्लस पॉइंट है। 7,400mAh की बैटरी वनप्लस के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी है और यह सामान्य उपयोग में डेढ़ सप्ताह समय देती है, एक दिन से ऊपर भी, या हल्के उपयोग में दो दिनों तक चलती है। 80W SUPERVOOC फास्ट-चार्जिंग से इसे लगभग एक घंटे के अंदर पूरा चार्ज कर सकते हैं, जो बिजी दिनों में बहुत काम आता है।

वनप्लस 15R में एक संतुलित स्मार्टफोन अनुभव मिलता है जो पावरफुल प्रोसेसर, टिकाऊ बिल्ड, अच्छी स्क्रीन, लंबी बैटरी लाइफ और रोजमर्रा के कैमरा-किस्म के लिए पर्याप्त कैमरा सेट-अप के साथ एक ऐसे फोन की तरह लगता है जो ज्यादातर यूजर्स को जरूरते पूरा करता है। यह उस वर्ग के लोगों के लिए खास है जो हर दिन फोन से तेज, भरोसेमंद और लंबी बैटरी वाला अनुभव चाहते हैं। आप एक समग्र रूप से बैलेंस्ड, परफॉर्मेंस सेंट्रिक फोन चाहते हैं, तो 15R अच्छा विकल्प है।

NBT AI टाइम मशीन

आज हुआ था पहला सफल C-Section

आज के दिन 1794 में अमेरिका में डॉ. जेसी बेनेट (Jesse Bennett) ने मेडिकल इतिहास का एक बड़ा चमत्कार किया था। उन्होंने अपनी पत्नी एलिजाबेथ (Elizabeth) का पहला सफल सी-सेक्शन (C-Section) ऑपरेशन किया। उस समय न तो बेहोशी की दवाएं थी और न ही आधुनिक उपकरण, फिर भी मां और बच्ची दोनों सुरक्षित बच गए। हालांकि, लिखित सबूतों की कमी से इसे लेकर इतिहासकारों में विवाद है।

NBT
Front Page-2
नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली
बुधवार, 14 जनवरी 2026

हाई रिस्क प्रेग्नेंसी में होगा सेफ विकल्प

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में सी-सेक्शन एक हाई-प्रिसिजन बायो टेक प्रक्रिया होगा। AI और रोबोटिक तकनीक गर्भवती महिला के शरीर और जीन डेटा के आधार पर डिलीवरी का सबसे सुरक्षित तरीका तय करेगी। नैनो-टेक्नॉलजी से बेहद कम कट लगेंगे और शरीर तेजी से खुद को ठीक कर लेगा। इंफेक्शन और दर्द लगभग खत्म होंगे। मां और बच्चे दोनों के लिए यह प्रक्रिया 99.9% तक सेफ होगी। हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी में भी सी-सेक्शन सुरक्षित विकल्प बनेगा।



AI Images

SPEED News

फ्रांस में किसानों ने 350 ट्रैक्टरों के साथ संसद

AFP

तक मार्च किया। किसान अपनी कम आय और दक्षिण अमेरिका के साथ ईयू की ट्रेड डील का विरोध कर रहे हैं।

File

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में शांति

समिति के 4 सदस्यों की मंगलवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना बन्नू जिले में हुई।

रूस ने कड़ाके की ठंड के बीच यूक्रेन के पावर



स्ट्रक्चर पर बड़ा हमला किया है। रूस ने 4 दिनों में दूसरी बार ड्रोन और मिसाइलों से बड़े स्तर पर बमबारी की।

File

कॉमिक स्ट्रिप डिल्बर्ट के रचयिता स्कॉट एडम्स

का 68 साल की उम्र में निधन हो गया। वह प्रोस्टेट कैंसर से जूझ रहे थे, जो हड्डियों तक फैल चुका था।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

'कोई गैप नहीं, जहां से आतंकी घुसें'

आर्मी चीफ बोले- ड्रोन आने पर पाकिस्तान से कहा, हमें ये मंजूर नहीं, इस पर लगाम लगाएं

Poonam.Pandey@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** पिछले दिनों एलओसी के पास पाकिस्तान की तरफ से कुछ ड्रोन आए थे जिन्हें खदेड़ दिया गया। NBT के सवाल के जवाब में आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि पाकिस्तान की तरफ से कुछ छोटे ड्रोन आए थे। 10 जनवरी के आसपास 6-7 ड्रोन देखे गए थे। 11-12 जनवरी को 2 से 3 ड्रोन देखे गए। ये डिफेंसिव ड्रोन थे जो ऊपर आकर देखना चाहते थे कि कहीं उनके खिलाफ कोई कार्रवाई तो नहीं हो रही। हो सकता है कि वो ये भी देख रहे हों कि कहीं इंडियन आर्मी की तैनाती में कोई गैप तो नहीं है जहां से वो आतंकी भेज सकें।

> LAC पर दोनों तरफ से भरोसा बढ़ाने की कोशिश: आर्मी चीफ

आर्मी चीफ ने कहा कि उन्होंने देख लिया होगा कि आज की तारीख में ऐसा कोई गैप नहीं है जहां से पाकिस्तान आतंकी भेज सके। उन्होंने बताया कि मंगलवार को डीजीएमओ बातचीत हुई और पाकिस्तान से साफ कहा गया कि ये हमें मंजूर नहीं है और इसमें लगाम लगाएं। हमने ईस्टर्न कमांड में भी ऐसी मीटिंग प्रोसेस की है। उन्होंने कहा कि LAC पर हमारी तैनाती संतुलित और मजबूत है।

रॉकेट फोर्स की जरूरत: आर्मी चीफ ने कहा कि हमें रॉकेट-मिसाइल फोर्स की जरूरत है और ये जितना जल्दी हो जाए, उतना अच्छा है।

PTI

बाएं से, CDS जनरल अनिल चौहान, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी वाइस चीफ संजय वात्स्यायन, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह (नैशनल वॉर मेमोरियल में)

ऑपरेशन सिंदूर से मिली सीख

NBT के सवाल का जवाब देते हुए आर्मी चीफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से हमने कई सीख लीं। हमने सीखा कि जो भी खबर देते हैं उसकी क्रेडिबिलिटी होनी चाहिए, साथ ही किसी भी नैरेटिव मैनेजमेंट डोमेन में वैक्यूम नहीं होना चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से इंडियन आर्मी के वेस्टर्न फ्रंट से जुड़े हैंडल थे, वे बंद कर दिए गए थे। सिंगल सोर्स ऑफ ट्रुथ हमने एडीजीपीआई को रखा था। इसलिए हमारी क्रेडिबिलिटी बहुत हाई थी। उन्होंने कहा कि हमने इंफो ऑप्स ग्रुप और इंफो ऑप्स डेस्क बनाए हैं।

ऑपरेशन सिंदूर का टर्निंग पॉइंट भी बताया

ऑपरेशन सिंदूर के टर्निंग पॉइंट का जिक्र करते हुए आर्मी चीफ ने कहा कि पहला टर्निंग पॉइंट 22 मिनट की स्ट्राइक थी उससे पाकिस्तान का डिसिजन मेकिंग साइकल हिल गया था। दूसरा टर्निंग पॉइंट 10 मई को सुबह तीनों सेनाओं को कुछ ऐसे निर्देश दे दिए गए थे कि अगर ये लड़ाई आगे बढ़ती तो इसमें क्या होना था। उसे (पाकिस्तान) सेटेलाइट से पूरी खबर थी कि कौन सा शिप, या कौन सा स्ट्राइक कोर या कौन सा एयरक्राफ्ट कहां मूव कर रहा है।

> हाल ही में पाकिस्तान की तरफ से कुछ ड्रोन आए थे। ये डिफेंसिव ड्रोन थे। हो सकता है कि वो ये देख रहे हों कि कहीं इंडियन आर्मी की तैनाती में कोई गैप तो नहीं, जहां से वो आतंकी भेज सकें। *-आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी*

इंफेंट्री या स्पेशल फोर्स में महिलाएं कब?

कॉम्बेट आर्म या स्पेशल फोर्स में महिलाओं की एंट्री के सवाल पर आर्मी चीफ ने कहा कि अगर स्टैंडर्ड और कैपेबिलिटी एक जैसी है और सोसायटी तैयार है तो इसे कल किया जा सकता है। मैंने पहले भी कहा है काली माता का रूप। महिलाओं को कमजोर कमोडिटी के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। अगले 3- 4 साल में पता चल जाएगा कि कितनी फीमेल ऑफिसर्स या सैनिक इस लेवल तक पहुंचते हैं। फिर हम पहले सपोर्टिंग आर्म खोलेंगे और कॉम्बेट आर्म और फिर स्पेशल फोर्स।

बांग्लादेश आर्मी चीफ से नियमित बातचीत

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि हमारी तीनों सेनाओं का लगातार कम्युनिकेशन बांग्लादेश की मिलिट्री से है। उन्होंने कहा कि मेरी बांग्लादेश आर्मी चीफ से नियमित बातचीत होती है। आर्मी चीफ ने कहा कि हमारा मकसद ये है कि किसी तरह का मिसकम्युनिकेशन या मिसअंडरस्टैंडिंग ना हो। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की सेनाएं जो भी कार्यवाही कर रही हैं वह भारत विरोधी नहीं है। कैपेबिलिटी डिवेलपमेंट का काम हम भी करते हैं और वे भी कर सकते हैं।

कजाकिस्तान में भारतीय छात्र की गई जान

■ **पीटीआई, अस्ताना:** कजाकिस्तान में सड़क दुर्घटना में एक भारतीय छात्र की मौत हो गई, जबकि दो भारतीय छात्राएं घायल हो गईं। भारतीय मिशन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना ओस्केमेन शहर में उस समय हुई, जब सेमेय मेडिकल यूनिवर्सिटी के 11 भारतीय मेडिकल स्टूडेंट एक शैक्षणिक भ्रमण से लौट रहे थे। भारतीय दूतावास ने X पर यह जानकारी दी।

साउथ कोरिया: पूर्व राष्ट्रपति के लिए मांगी मौत

■ **पीटीआई, दुबई:** साउथ कोरिया की राजधानी सोल (Seoul) की एक अदालत ने बताया है कि स्वतंत्र विशेष वकील ने पूर्व राष्ट्रपति **यून सुक योल** के खिलाफ मार्शल लॉ लागू करने के मामले में मौत की सजा की मांग की है। यह मांग दिसंबर 2024 में लगाए गए मार्शल लॉ से जुड़े विद्रोह के आरोपों के तहत की गई है। सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के अनुसार, स्वतंत्र वकील की टीम ने मंगलवार को हुई सुनवाई में यह मांग रखी।

ईरान में बंद फोन लाइनें कई दिनों बाद बहाल

ईरान में 2 हज़ार की मौत
ट्रंप बोले- सरकारी इमारतों पर कब्ज़ा करें

■ **एपी, वॉशिंगटन/दुबई**

ईरान में हालात मंगलवार को भी तनावपूर्ण बने रहे, लेकिन कई दिनों बाद इंटरनेट और फोन लाइनें चालू होने के बाद ईरान के लोग दुनिया से जुड़े। प्रदर्शन की वजह से संचार सेवाओं को बंद कर दिया गया था। लोगों ने कॉल कर और सोशल मीडिया के जरिए नुकसान के हालात बयां किए। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरानी नागरिकों से कहा कि वे प्रदर्शन जारी रखें, मदद रास्ते में है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह मदद किस रूप में होगी।

> 646 लोगों की मौत, कुछ जगह दावा 2 हजार मौतों का

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'ईरानी देशभक्तों, विरोध करते रहो- अपनी संस्थाओं पर कब्जा करो!' ट्रंप ने लिखा कि प्रदर्शनकारियों की हत्याएं बंद होने तक किसी भी तरह की बातचीत नहीं होगी और जिम्मेदार लोगों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

सरकारी टीवी ने माना कई लोगों की मौत हुई: प्रदर्शन में कितने लोगों की मौत हुई, पहली बार इस संख्या को लेकर सरकारी स्तर पर संकेत मिले हैं। ईरानी सरकारी टीवी ने माना कि हालिया हिंसा में कई लोगों को देश ने खोया है। यह बयान शहीद फाउंडेशन के चीफ अहमद मौसवी के हवाले से पढ़ा गया। अमेरिकी संस्था ने दावा किया कि मरने वालों की संख्या 2 हजार से ज्यादा हो गई है।

तेहरान में सरकार के समर्थन में 12 जनवरी को हजारों लोग जुटे, इंटरनेट चला तो मंगलवार को तस्वीर सामने आई।

मोर्चरी के बाहर शवों के ढेर में अपनों की तलाश

विडियो में दावा, शवों के ढेर लगे।

ईरान में प्रदर्शनों पर दमन का खौफनाक दृश्य सामने आया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक तेहरान के दक्षिण में स्थित कहरिजाक (Kahrizak) फोरेंसिक मेडिकल सेंटर के बाहर और अंदर रखी शवों के काले बैग को देख परिवारों में चीख-पुकार मच गई। इंटरनेट ब्लैकआउट के बावजूद बाहर आए विडियो बताते हैं कि लोग अपने गुमशुदा परिजनों को पहचानने के लिए अस्थायी मोर्चरी में रखे सैकड़ों शवों के बीच भटकते नजर आए। अमेरिका स्थित मानवाधिकार समूह HRANA के अनुसार, फोरेंसिक केंद्र में करीब 250 शव लाए गए हैं। कई विडियो में दिखाई देता है कि शवों को बिहिश्त के गलियारे, आंगन और खुले मैदान तक में लाइन से रखा गया है। परिवार हड़बड़ाहट में काली थैलियों के भीतर झांककर अपनों की तलाश कर रहे हैं। एक अन्य विडियो में गोदामनुमा कमरे को मोर्चरी में बदला गया है, जहां दर्जनों शव लोहे की मेजों और फर्श पर पड़े हैं। ईरानी सरकारी मीडिया ने इन दृश्यों को स्वीकार तो किया, लेकिन दावा किया कि ज्यादातर मृतक आम लोग थे, जिन्हें दंगाइयों ने मारा। मानवाधिकार समूहों का कहना है कि सरकार वास्तविकता छिपा रही।

BRICS 2026 की शुरुआत, लोगो लॉन्च

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारत की मेजबानी में मंगलवार को ब्रिक्स समिट 2026 की औपचारिक शुरुआत हुई। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने दिल्ली में एक समारोह में सम्मेलन का लोगो, थीम और वेबसाइट लॉन्च किया। इस मौके पर ब्राजील, चीन, रूस जैसे प्रमुख ब्रिक्स देशों समेत कई देशों के ऐंबेसडर मौजूद थे।



जयशंकर ने अपने संबोधन में भारत की अध्यक्षता के तहत थीम और लोगो के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता में ब्रिक्स को समावेशी और मानव केंद्रित बनाने की दिशा में काम करेगा। उन्होंने कहा कि समूह के 20 साल पूरे होने के वर्ष में ब्रिक्स की अध्यक्षता बहुत मायने रखती है। इस यात्रा में ब्रिक्स उभर रही अर्थव्यवस्थाओं और बाजारों के बीच सहयोग का एक अहम प्लैटफॉर्म बन कर उभरा है। दुनिया का वैश्विक माहौल कई चुनौतियों से घिरा हुआ है। इनमें जियोपॉलिटिकल अनिश्चितताएं, जटिल आर्थिक लैंडस्केप, क्लाइमेट संबंधी चुनौतियां अहम हैं।

लोगो विविधता में एकता का प्रतीक है

विदेश मंत्री ने बताया कि जारी किया गया लोगो आधुनिकता और पुरातन का संतुलन है। इसमें ब्रिक्स देशों के रंग हैं, जो विविधता में एकता और साझे उद्देश्य की झलक दिखाते हैं। ये लोगो ये विचार सामने रखता है कि जहां देश अपनी खासियत बरकरार रखते हुए देश सामूहिक तौर पर समूह में योगदान देते आ रहे हैं। बता दें कि इसी दौरान ब्रिक्स इंडिया इंडिया वेबसाइट भी लॉन्च हुई, ये एक साझे प्लैटफॉर्म की तरह ही काम करेगी। इससे इस समिट की इवेंट्स समेत सभी गतिविधियों की जानकारी मिलती रहेगी।

2025 में US ने रद्द किए करीब एक लाख वीज़ा

■ **पीटीआई, न्यू यॉर्क/वॉशिंगटन:** अमेरिका में आपराधिक गतिविधि का हवाला देकर आप्रवासियों के खिलाफ की गई व्यापक कार्रवाई के तहत 2025 में 8,000 छात्र वीजा समेत एक लाख से अधिक वीजा रद्द कर दिए गए। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'अमेरिका को सुरक्षित बनाने के लिए हम इन ठगों को डिपोर्ट करते रहेंगे।' पोस्ट में कहा गया है, 'अमेरिका में कानून की धज्जियां उड़ाने वालों पर कार्रवाई करते हुए विदेश मंत्रालय ने 8,000 छात्र वीजा और 2,500 विशेष वीजा समेत 1,00,000 वीजा रद्द कर दिए हैं।'

> इनमें से करीब 8 हजार स्टूडेंट वीजा भी रद्द हुए

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. बुजुर्गों के लिए घर बैठे रजिस्ट्री की सुविधा किस राज्य में शुरू हुई है?
A. केरल B. बिहार C. यूपी

2. वित्त वर्ष 2024-25 में अफगानिस्तान में भारत का निर्यात कितने डॉलर का रहा?
A. 51.81 करोड़ B. 71.891 करोड़ C. 31.891 करोड़

3. ईरान की पूर्व महारानी ने सुरक्षा बलों से प्रदर्शनकारियों का सपोर्ट करने की अपील की, उनका क्या नाम है?
A. एल्नाज रेकाबी B. फराह पहलवी C. नूर ईमान

4. अफगानिस्तान ने भारत में किसे चार्ज डी अफेयर्स नियुक्त किया है?
A. नूर अहमद नूर B. अहमद सुल्तानी C. मोहम्मद सलाल

5. मार्शल लॉ लगाने पर सा. कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति के लिए मौत की सजा की मांग हुई है, उनका क्या नाम है?
A. हैन क्यू B. कुन जेन C. यून सुक योल

कल के जवाब

A1 B. मलेशिया-इंडोनेशिया A2 C. मिशेल डियाज कैनेल A3 A. राजियो नेल A4 B. 8 A5 C. DRDO

लकी विनर्स



1. डॉ. देवराज जैन, रोहिणी, नई दिल्ली
2. संगीता धुरिया, लखनऊ
3. नवीन कुमार, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

बेंगलुरु पहुंचे मर्त्स, फिर जर्मनी लौटे

गुजरात के CM भूपेंद्रभाई पटेल ने मर्त्स को विदा किया।

■ **पीटीआई, बेंगलुरु/अहमदाबाद:** जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्स दो दिवसीय भारत दौरा पूरा कर मंगलवार को अपने देश रवाना हो गए। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने उन्हें अहमदाबाद एयरपोर्ट पर विदा किया। यात्रा के पहले दिन सोमवार को दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए जो रणनीतिक, आर्थिक और रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर आधारित थे। मर्त्स ने मंगलवार को बेंगलुरु स्थित कंपनी बॉश (Bosch) कैंपस का भी दौरा किया।

अमेरिका में ग्रीनलैंड पर कब्जे का बिल पेश

■ **एएफपी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी सांसद रैंडी फाइन (Randy Fine) ने सोमवार को 'ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड ऐक्ट' नाम से एक बिल पेश किया। इस बिल का मकसद अमेरिकी सरकार को ग्रीनलैंड को अपने कब्जे में लेने और बाद में इसे अमेरिका का राज्य बनाने के लिए कानूनी अधिकार देना है। सांसद फाइन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस बिल की जानकारी दी। ग्रीनलैंड खनिज संसाधनों, खासकर दुर्लभ पृथ्वी तत्वों से भरपूर है, जिन्हें ट्रंप अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बेहद अहम मानते हैं। उनका कहना है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर नियंत्रण नहीं किया तो रूस या चीन वहां प्रभाव बढ़ा सकते हैं। अगर ये बिल पास हुआ तो अमेरिका को ग्रीनलैंड को अपना 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिल जाएगा।

> 51वां राज्य बनाने का अधिकार मिलेगा, अभी डेनमार्क का हिस्सा

डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन

'तो नाटो का भविष्य खतरे में होगा'

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन (Mette Frederiksen) ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर सैन्य हमला किया तो इससे नाटो का भविष्य खतरे में पड़ जाएगा। वहीं, नाटो और ग्रीनलैंड की सरकार ने ग्रीनलैंड की सुरक्षा मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की बात कही है।

क्रिटिकल मिनरल्स पर US संग अहम बैठक

■ **पीटीआई, न्यू यॉर्क/वॉशिंगटन:** भारत ने क्रिटिकल मिनरल्स की सप्लाई चेन को मजबूत और सुरक्षित बनाने के अपने पक्के इरादे को दोहराया है। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट (Scott Bessent) की मेजबानी में हुई एक अहम मंत्रिस्तरीय मीटिंग में भारत ने हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री **अश्विनी वैष्णव** ने सोमवार को अमेरिका के ट्रेजरी विभाग में 'क्रिटिकल मिनरल्स सप्लाई चेन' पर हुई वित्त मंत्रियों की बैठक में भाग लिया। इस बैठक में खासतौर पर रेयर अर्थ एलिमेंट्स जैसे अहम खनिजों की सप्लाई चेन को सुरक्षित और विविध बनाने पर चर्चा हुई। बैठक के बाद वैष्णव ने X पर पोस्ट किया, 'अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी (वित्त मंत्री) स्कॉट बेसेंट की ओर से आयोजित क्रिटिकल मिनरल्स मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लिया।



US डील को पटरी पर लाने की कोशिश

जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री के बीच हुई फोन पर बात

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली**

एक अहम घटनाक्रम में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार रात अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बात की। जयशंकर ने कहा कि दोनों विदेश मंत्रियों ने संपर्क में रहने पर सहमति जाहिर की है। सूत्रों के अनुसार, दोनों देशों में शीर्ष स्तर पर भी संपर्क स्थापित करवाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए भी कूटनीतिक कोशिशें शुरू हो गई हैं। भारत सरकार के सूत्र ने कहा कि डॉनल्ड ट्रंप के दौरे पर भी शुरुआती होमवर्क शुरू हो गया है और वाइट हाउस से हरी झंडी मिलते ही इसपर काम शुरू हो जाएगा।

> ट्रेड, मिनरल्स, डिफेंस, एनर्जी पर चर्चा हुई

हालांकि बीते दिनों दो अहम घटनाएं भी देखने को मिलीं। दिल्ली में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने हाल में कहा कि पैक्स सिलिका अलायंस में शामिल होने के लिए भारत को न्योता दिया जाएगा। दरअसल अमेरिका की रणनीतिक पहल पैक्स सिलिका में भारत को शामिल करने का प्रस्ताव भारत-अमेरिका की साझेदारी के लिए एक अहम संकेत माना जा रहा है। ये टेक्नॉलजी के पूरे इकोसिस्टम को खुद में समेटती है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बीच 2025 के दौरान 8 बार फोन पर बातचीत हुई थी, जिसमें व्यापक साझेदारी के पहलुओं पर चर्चा की गई।

US विदेश मंत्री मार्को रुबियो

गोर बोले, अगले महीने मुलाकात मुमकिन

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने X पर लिखा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अभी भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ एक अच्छी बातचीत खत्म की है। उन्होंने हमारे द्विपक्षीय व्यापार बातचीत, महत्वपूर्ण खनिजों और अगले महीने होने वाली संभावित बैठक के बारे में अगले कदमों पर चर्चा की। अगले महीने दोनों की मुलाकात मुमकिन है। हालांकि, भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत के अगले दौर के बारे में अभी कोई फैसला नहीं हुआ है। कॉमर्स मिनिस्ट्री के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि इस हफ्ते दोनों पक्षों में बातचीत का औपचारिक कार्यक्रम अभी तय नहीं है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA15 User: cci Time: 01-13-2026 23:21 Color:

हममें से कुछ लोग अपने देश में लिस्ट-ए क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए हमें इस फॉर्मेट का थोड़ा अनुभव है। यह फॉर्मेट हमें पसंद है। वनडे में सीमित संख्या में मैच होने के कारण भारत के खिलाफ सीरीज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। *-हेनरी निकोल्स, बैटर, न्यूजीलैंड*

397

रन चार विकेट पर भारत ने बनाए थे न्यूजीलैंड के खिलाफ साल 2023 में मुंबई में खेले गए वनडे मैच में। यह दोनों देशों के बीच किसी वनडे मैच का हाईएस्ट स्कोर है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड ने भारत में कितने वनडे मैच जीते हैं?
A) 12 B) 4 C) 8 D) 9

2. दिल्ली को किस टीम ने हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बनाई?
A) विदर्भ B) कर्नाटक C) पंजाब D) सौराष्ट्र

कल के जवाब
1. D) शाहिद अफरीदी 2. B) 16

लकी WINNER



1. राजीव श्रीवास्तव, लखनऊ
2. आरव कुमार, किरन गार्डन, दिल्ली
3. विधान पन्नू, सोनीपत, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

कार्लसन लेंगे हिस्सा

■ **नई दिल्ली:** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन ने आगामी नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा है कि वह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस बार यह टूर्नामेंट स्टावेंजर की जगह ओस्लो में खेला जाएगा।

मुश्किल में जसकरण

■ **नई दिल्ली:** भारतीय पहलवान जसकरण सिंह पर लगाए गए तीन साल के प्रतिबंध की अवधि बढ़ सकती है। कारण यह है कि जसकरण ने अयोग्यता की अवधि के दौरान ईरान में एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लिया था, जिससे अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) नाराज है।

कलिकेश का भरोसा

■ **नई दिल्ली:** भारतीय निशानेबाजी महासंघ के प्रमुख कलिकेश सिंह देव ने कहा कि सेक्सुअल मिसकंडक्ट को लेकर महासंघ की 'जीरो टॉलरेंस' नीति है और राष्ट्रीय कोच अंकुश भारद्वाज द्वारा एक नाबालिग शूटर के कथित यौन उत्पीड़न मामले की जांच कर रही एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग किया जाएगा। कलिकेश ने कहा कि यह काफी संवेदनशील मामला है।

किंग होंगे कप्तान

■ **सेंट जोंस:** अफगानिस्तान के खिलाफ दुबई में तीन टी20 मैचों आगामी सीरीज के लिए क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अपनी 16 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। नियमित कप्तान शाई होप इस सीरीज का हिस्सा नहीं है। ब्रैंडन किंग को कप्तान बनाया गया है। शामार जोसेफ और एविन लुईस ने इंजरी से उबरने के बाद टीम में फिर से जगह बना ली है।

विराट 2.0 पर फिर होंगी निगाहें...

भारत Vs न्यूजीलैंड
वनडे सीरीज, दूसरा वनडे

FILE

प्रैक्टिस सेशन के दौरान विराट कोहली

■ **एजेंसियां, राजकोट:** विराट कोहली की शानदार फॉर्म ने भारत की कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों को लेकर बढ़ती चिंताओं को कुछ हद तक कम कर दिया है और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ आज वनडे सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा। टेस्ट से संन्यास के बाद ऐसा लग रहा है विराट एक नए अवतार में आ गए हैं। विराट का यह 2.0 अवतार आत्मविश्वास से भरा नजर आ रहा है। वह अपेक्षाओं और आलोचनाओं के बोझ से पूरी तरह मुक्त नजर आ रहे हैं। विराट ने शुरुआत से ही न तो आक्रामक बल्लेबाजी करने से परहेज की है और न ही रन बनाने का कोई मौका छोड़ा है। वडोदरा में उनकी 91 गेंदों पर खेली गई 93 रन की पारी ने भारत की जीत की नींव रखी। वह वनडे इंटरनैशनल में अपने 54वें शतक से चूक गए, लेकिन पारी के दौरान सभी प्रारूपों में सबसे कम पारियों में 28,000 रन बनाने का रेकॉर्ड जरूर बनाया। दूसरे वनडे में भी सारी निगाहें उन्हीं पर होंगी और वह लय जारी रखते हुए सीरीज टीम की मुट्ठी में डालने का टारगेट हासिल करना चाहेंगे।

दो और मौके बाकी: साउथ अफ्रीका के खिलाफ पिछली वनडे सीरीज में दो शतक जमाने वाले विराट इस सीरीज के दौरान सर्वाधिक वेन्यू पर शतक का रेकॉर्ड अपने नाम करना चाहेंगे। विराट अभी तक दुनिया के 34 अलग-अलग वेन्यूज पर वनडे इंटरनैशनल में कुल 53 शतक लगा चुके हैं। इस सीरीज के तीनों वेन्यू वडोदरा, राजकोट और इंदौर में से किसी पर भी उनके बल्ले से वनडे में शतक नहीं आया है। वडोदरा में वह रेकॉर्ड के करीब पहुंच कर भी दूर रह गए, लेकिन अभी उनके पास दो और मौके हैं।

भारत ने पहला वनडे जीत तो लिया था, लेकिन वह जीत आसानी से नहीं मिली थी। भारत को हालांकि अपनी गेंदबाजी विशेषकर स्पिनर्स के प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है।

वाइट बॉल चैलेंज

6 शतक लगाए हैं विराट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ODI में। वह इस मामले में वीरेंद्र सहवाग के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं

8 वनडे जीते हैं न्यूजीलैंड ने भारत में जबकि 32 वनडे गंवाए हैं। भारत में कम से कम 20 वनडे खेलने वाले देशों में यह जीत-हार का सबसे खराब रेकॉर्ड है

121 कुल वनडे
1 टाई
7 नो रिजल्ट
50 न्यूजीलैंड जीता
63 भारत जीता

संभावित प्लेइंग XI

भारत: शुभमान गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल (विकेटकीपर), रविंद्र जाडेजा, नितीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज

न्यूजीलैंड: डेवोन कॉन्वे, हेनरी निकोल्स, विल यंग, डेरिल मिचेल, मिचेल हे (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल (कप्तान), क्रिस्टियन क्लार्क, जेमीसन, जैक फोक्स, आदित्य अशोक

पिच व मौसम

राजकोट की पिच बल्लेबाजी को मदद आती है। हाई स्कोरिंग मैच की उम्मीद की जा सकती है। यहां खेले गए चार वनडे मैचों में कोई भी टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत हासिल नहीं कर सकी है।

टेलिकास्ट: दोपहर 1:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

नितीश कर सकते हैं उम्मीद

सीरीज के पहले वनडे में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया था। वॉशिंगटन सुंदर उस मैच में चोटिल हो गए थे और वह वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। सिलेक्टर्स ने दिल्ली के आयुष बडोनी को टीम में शामिल किया है। इससे पहले ऋषभ पंत के चोटिल होने पर ध्रुव जुरेल को टीम में शामिल किया गया था। ऐसे में सुंदर की जगह भरने के लिए बडोनी, जुरेल और टीम में पहले से मौजूद नितीश कुमार रेड्डी विकल्प हैं। लाइन में पहले से खड़े होने और भारत के हेड कोच गौतम गंभीर की ऑलराउंडर को प्राथमिकता देने की रणनीति को देखते हुए राजकोट में नितीश को मौका मिलने की ज्यादा उम्मीद नजर आ रही है।

लक्ष्य से पार नहीं पा सके आयुष

त्रीसा-गायत्री और हरिहरन-अर्जुन की जोड़ी भी दूसरे राउंड में

Rupesh.Singh@timesofindia.com



ANUSHKA KOGTA

इंडिया ओपन बैडमिंटन 2026

■ **नई दिल्ली:** साल 2022 के चैंपियन लक्ष्य सेन ने टूर्नामेंट में भारत के चार साल के खिताबी सूखे को खत्म करने के टारगेट के साथ मंगलवार को इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जगह बनाई। विमिंस डबल्स में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारत की शीर्ष जोड़ी ने सीधे गेम में जीत के साथ दूसरे राउंड में प्रवेश किया, लेकिन प्रिया कोनजेंगबाम और श्रुति मिश्रा की जोड़ी को मैच पॉइंट हासिल करने के बावजूद कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। पीवी सिंधु, एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत बुधवार को टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। पूर्व चैंपियन लक्ष्य ने आईजी स्टेडियम में खेले जा रहे इस 9.50 लाख डॉलर इनामी टूर्नामेंट के पहले राउंड में भारत के उभरते शटलर आयुष शेट्टी को सिर्फ 36 मिनट में 21-12, 21-15 से हराया। आयुष पहली बार इस टूर्नामेंट में उतरे थे। चौबीस साल के लक्ष्य अगले राउंड में जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे जिन्होंने 21-6, 7-5 के स्कोर पर अपने सातवें वरीय हमवतन प्रतिद्वंद्वी कोदाई नाराओका के मुकाबले से हटने पर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

भारतीय जोड़ी का दमदार खेल: त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने ओर्निचा जोंगसथापोर्नपार्न और सुकिता सुवाचाई की थाईलैंड की जोड़ी को 42 मिनट में 21-15, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। प्रिया और श्रुति को हालांकि लोक लोक लुइ और हू येन सेंग की हॉन्ग कॉन्ग की जोड़ी के खिलाफ एक घंटे आठ मिनट चले मुकाबले में 11-21, 22-20, 22-24 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मेंस डबल्स में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने भी सीधे गेम में जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

मिया ने व्यवस्था की फिर से की आलोचना

डेनमार्क की शटलर मिया ब्लिचफेल्ट ने टूर्नामेंट के नए आयोजन स्थल आईजी स्टेडियम में खेलने के हालात की आलोचना करते हुए कहा कि यह खिलाड़ियों के लिए अस्वास्थ्यकर और गैर पेशेवर है। उन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप से पहले हालात को सुधारने के लिए वैश्विक बॉडी BWF से दखल की मांग की है। दूसरे राउंड में पहुंची मिया ने कहा, 'मैं उम्मीद कर रही थी कि यहां दूसरे हॉल से बेहतर हालात होंगे, लेकिन यह अभी भी बहुत गंदा है। खिलाड़ियों की सेहत के लिए अच्छा नहीं है।' बीते वर्ष इंडिया ओपन केडी जाधव हॉल में खेला गया था और तब भी मिया ने हालात को स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह बताया था। उधर, भारतीय बैडमिंटन संघ BAI के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, 'मिया ने खेलने के आम हालात और निजी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत को लेकर व्यापक संदर्भ में बात कही थी। वह इंडिया ओपन के खेल परिसर के बारे में नहीं बोल रही थी।'

BCB ने माना- उसकी मांग पर ICC राजी नहीं

■ **एजेंसियां, ढाका:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने मंगलवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) से टी20 वर्ल्ड कप के उसके मैच भारत से बाहर कराने की मांग पर पुनर्विचार का अनुरोध किया, लेकिन BCB ने सुरक्षा चिंताओं को दोहराते हुए ऐसा करने से इनकार किया है। BCB ने कहा कि बोर्ड का फैसला वही है, हालांकि ICC ने उसका अनुरोध नहीं माना है। इसने कहा कि दोनों पक्ष संभावित हल तलाशना जारी रखेंगे। BCB ने ICC से अनुरोध किया था कि सुरक्षा कारणों से वर्ल्ड कप के उसके मैच भारत के बाहर कराए जाएं, लेकिन ICC ने इस पर स्वीकृति नहीं दी है। BCB ने कहा, 'ICC ने कहा है कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है और BCB से फैसले पर पुनर्विचार के लिए कहा है लेकिन बोर्ड का फैसला नहीं बदलेगा।'

भारत से मैच शिफ्ट करने का मामला

टी20 वर्ल्ड कप 2026

भारत के खिलाफ सीरीज के बाद रिटायर होंगी हीली

■ **एजेंसियां, सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटरों में से एक एलिसा हीली, मार्च में भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद इंटरनैशनल क्रिकेट से रिटायर हो जाएंगी। यह 35 वर्षीय खिलाड़ी भारत के खिलाफ तीन वनडे और एक टेस्ट मैच की सीरीज में आखिरी बार ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगी। हीली भारत के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगी। हीली ने कहाकि ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का मेरा जुनून बरकरार है, लेकिन प्रतिस्पर्धात्मक भावना कुछ कम हो गई है।

8 विश्व खिताब जीते हैं ऑस्ट्रेलिया ने एलिसा हीली के टीम में रहते

पंजाब और विदर्भ ने भी ली सेमी में एंट्री

क्वॉर्टर फाइनल में खत्म हो गया दिल्ली का सफर

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु:** पंजाब और विदर्भ ने मंगलवार को अपने-अपने क्वॉर्टर फाइनल मुकाबले में जीत हासिल कर विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पिछले सीजन की उपविजेता विदर्भ ने क्वॉर्टर फाइनल में दिल्ली को 76 रनों से शिकस्त देकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। दूसरी ओर, पंजाब ने मध्य प्रदेश पर 183 रनों की विशाल जीत के साथ अंतिम चार में जगह बनाई।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

PTI

प्लेयर ऑफ द मैच रहे पंजाब के कप्तान प्रभसिमरन सिंह

विदर्भ की आसान जीत: विदर्भ ने दिल्ली के खिलाफ 50 ओवर्स खेल में नौ विकेट खोकर 300 रन बनाए। टीम के लिए यश राठौड़ ने 73 गेंदों में 86 रन की पारी खेली, जबकि ध्रुव शौरी ने 49 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। अथर्व तायडे ने 8 चौके के साथ 62 रन बनाए। जवाब में दिल्ली 45.1 ओवर्स में महज 224 रन पर सिमट गई। अनुज रावत ने सर्वाधिक 66 रन बनाए, जबकि वैभव कांडपाल और प्रियांश आर्य ने 28-28 रन का योगदान दिया।

दूसरी ओर, क्वॉर्टर फाइनल-3 में टॉस गंवाकर बैटिंग करने उतरी पंजाब की टीम ने छह विकेट पर 345 रन बनाए। कप्तान प्रभसिमरन सिंह ने सर्वाधिक 88 रन (86 बॉल, 10 चौके, 2 सिक्स) बनाए, जबकि अनमोलप्रीत सिंह ने 70 रन की पारी खेली। नेहल वढेरा ने 56 रन बनाए। मध्य प्रदेश जवाब में 31.2 ओवर्स में 162 रन पर सिमट गई। रजत पाटीदार ने सर्वाधिक 38 रन बनाए।

सेमीफाइनल लाइन अप
पहला-विदर्भ vs कर्नाटक, 15 जनवरी
दूसरा-पंजाब vs सौराष्ट्र, 16 जनवरी

हरमन के बल्ले से निकली जीत

हरमनप्रीत कौर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कप्तान हरमनप्रीत कौर (71* रन, 43 बॉल, 7 चौके, 2 सिक्स) की दमदार पारी की बदौलत मुंबई इंडियंस (19.2 ओवर्स में 193/3) ने मंगलवार को विमिंस प्रीमियर लीग में गुजरात जायंट्स पर (20 ओवर्स में 192/5) सात विकेट से रोमांचक जीत हासिल की। नवी मुंबई के डीवाई पाटील स्टेडियम में जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने 37 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे और उसकी रनों की रफ्तार भी धीमी हो गई थी। 13वें ओवर में जब टीम का तीसरा विकेट गिरा तब उसका स्कोर सिर्फ 109 रन था और उसे जीत के लिए 47 गेंद पर 84 रन बनाने थे। यहां से हरमन ने मोर्चा संभाला। उन्हें निकोला कैरी (38* रन, 23 बॉल) का अच्छा साथ मिला। रेणुका सिंह के एक ओवर में कैरी ने 20 रन बटोरकर रन और गेंद के फासले को बहुत कम कर दिया।

विमिंस प्रीमियर लीग 2026

WPL में आज: *दिल्ली कैपिटल्स vs यूपी वॉरियर्ज, शाम 7:30 स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर।*

पूर्व पति ने किया मेरी पर पलटवार

■ **आईएएनएस, नई दिल्ली:** वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर एमसी मेरी कॉम ने हाल ही में अपने पूर्व पति के. ओनलर कॉम पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे। अब ओनलर ने मेरी पर आरोप मढ़ा है। आईएएनएस के साथ खास बातचीत में ओनलर ने मेरी के आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि वह शादीशुदा होते हुए दूसरे के साथ रिश्ते में थीं। ओनलर ने दावा किया कि उनकी शादी में दिक्कतें एक दशक से भी ज्यादा पुरानी हैं।

मेरी कॉम

टाइगर्स ने ड्रैगंस को हराया

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कप्तान जुगराज सिंह ने सीजन की अपनी पहली हैटट्रिक दागी, जिसकी बदौलत डिफेंडिंग चैंपियन श्राची बंगाल टाइगर्स ने मंगलवार को रांची में मेंस हॉकी इंडिया लीग के मुकाबले में तमिलनाडु ड्रैगंस को 5-3 से हरा दिया। इस जीत के साथ टाइगर्स की टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई और लीग में अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं। जुगराज लीग में इस सीजन हैटट्रिक लगाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। उनसे पहले एचआईएल जीसी के केन रसेल तीन हैटट्रिक कर चुके हैं। टाइगर्स के लिए जुगराज के अलावा सुखजीत सिंह (33') और अभिषेक (55') ने भी गोल किए, जबकि ड्रैगंस की ओर से अंद्रेहित एक्का (36'), थॉमस सोरसबी (48') और ब्लेक गोवर्स (51') ने गोल दागे।

हॉकी इंडिया लीग

टाइगर्स ने मैच की तेज शुरुआत की। 11वें मिनट में टाइगर्स को पेनल्टी स्ट्रोक मिला और जुगराज ने दमदार हिट के साथ स्कोर 1-0 कर दिया।

'मेक इन इंडिया स्पोर्ट्स कमिटी बने'

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने साझा अभ्यास कार्यक्रमों और भारत में प्रमुख प्रतियोगिताओं की मेजबानी जैसे मुद्दों पर विश्व संस्थाओं के साथ बेहतर सहयोग सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय खेल महासंघों (NSFs) से अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति गठित करने को कहा है। मंत्रालय ने इसके साथ ही NSFs से भारतीय निर्माताओं, स्टार्टअप, अनुसंधान संस्थानों और परीक्षण एवं मानकीकरण निकायों के साथ जुड़ने के लिए 'मेक इन इंडिया स्पोर्ट्स कमिटी' का गठन करने को भी कहा है ताकि स्पोर्ट्स मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम तंत्र को मजबूत किया जा सके।

तीस दिन का समय: NSFs को भेजे गए अपने पत्र में मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंध समिति में महासंघ के वरिष्ठ सदस्य, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, कोच और 'वैश्विक खेल प्रशासन और कूटनीति का अच्छा अनुभव रखने वाले विशेषज्ञ' शामिल होने चाहिए। मंत्रालय ने कहा है, 'समिति के संपूर्ण विवरण के बारे में 30 दिनों के अंदर मंत्रालय को सूचित कर दिया जाए।' मंत्रालय की यह सलाह खेल सचिव हरि रंजन राव द्वारा NSFs के अधिकारियों से दैनिक प्रशासन का काम सीईओ पर छोड़ने और भारत के फायदे के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संबंध बनाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह करने के कुछ दिनों बाद आई है। कमिटी को अपने-अपने अंतरराष्ट्रीय महासंघ (IAF) और महाद्वीपीय महासंघ (CAF) में होने वाले घटनाक्रमों पर निगरानी रखने का कार्य सौंपा जाएगा।

NSFs को खेल मंत्रालय का निर्देश

पहले राउंड में ही हारीं वीनस



वीनस विलियम्स

टेनिस राउंडअप

■ **एपी, होबार्ट (ऑस्ट्रेलिया):** वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियन ओपन को शुरू होने में अब जबकि एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, तब 45 वर्षीय वीनस विलियम्स फॉर्म हासिल करने के लिए जूझ रही हैं। वीनस होबार्ट इंटरनैशनल टेनिस टूर्नामेंट के पहले राउंड में तात्याना मारिया से 6-4, 6-3 से हार गईं। वीनस को ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए वाइल्डकार्ड से प्रवेश दिया गया है। उन्हें होबार्ट में खेलने के लिए भी वाइल्डकार्ड मिला था, जहां वह लगभग डेढ़ घंटे तक चले मैच में छठी वरीयता प्राप्त मारिया से हार गईं। सात बार की ग्रैंडस्लैम सिंगल्स चैंपियन वीनस पिछले सप्ताह ऑकलैंड में भी पहले राउंड से आगे नहीं बढ़ पाई थीं।

राओनिच ने संन्यास लिया: विंबलडन के पूर्व फाइनलिस्ट मिलोस राओनिच ने टेनिस से संन्यास ले लिया है। पैंतीस साल के राओनिच साल 2016 में विंबलडन में ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाले कनाडा के पहले पुरुष खिलाड़ी बने थे। उन्हें फाइनल में एंडी मरे के हाथों हार झेलनी पड़ी थी।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES (21 Mar - 19 Apr)
आज के दिन आपको जीवनसाथी का भरपूर सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। राशि का स्वामी मंगल-चमकदार की स्थिति में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी। पंचम भाव दूषित होने के कारण संतान पक्ष से निराशा जनक समाचार मिल सकता है। व्यवसाय में स्थिति में सुधार होगा।

TARUS (20 Apr - 19 May)
आज का दिन संतोष और शांति का है। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात्रि में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा।

GEMINI (21 May - 21 Jun)
राशि स्वामी की व्यस्तता के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बना रहेगा। संतान की शिक्षा व किसी प्रतियोगिता में अप्रत्याशित सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। व्यवसाय में कोई रुका कार्य पूरा होगा। रात्रि में उल्लासपूर्ण मांगलिक कार्यों में सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त होगा।

CANCER (22 Jun - 22 July)
चंद्रमा पंचम भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। आज के दिन की गई यात्रा सफल रहेगी और यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी भी आपको मिलेगी।

LEO (23 July - 22 Aug)
राशि का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। आज के दिन आपकी आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। आपकी सौम्यता आपको सम्मान दिलाएगी। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगी। आज के दिन अधिक भागदौड़ होगी। बेहतर होगा कि आप अपनी सेहत पर भी ध्यान दें।

VIRGO (23 Aug - 22 Sep)
राशि स्वामी बुध भाग्य वृद्धि कर रहा है। आज आपको व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमे में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है। शुभ खर्च व कीर्ति की वृद्धि होगी।

LIBRA (23 Sep - 22 Oct)
आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर-परिवार के सभी सदस्यों की सुविधा बढ़ेगी। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का मनोबल कम होगा। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें।

SCORPIO (23 Oct - 21 Nov)
आपको सेहत संबंधी कष्ट परेशान कर रहे हैं। बेहतर होगा आज आप दिन के पहले हिस्से में किसी अच्छे डॉक्टर से अपने स्वास्थ्य के विषय में सलाह मशविरा कर लें और उसके बाद ही बाकी के कामों में जुटें। आज सायंकाल के समय आपका कोई पुराना मित्र अतिथि बनकर आ सकता है।

SAGITTARIUS (22 Nov - 21 Dec)
आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। सत्ता पक्ष से निकटता का लाभ आपको मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। सायंकाल से लेकर रात्रिपर्यंत सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे। माता-पिता की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

CAPRICORN (22 Dec - 19 Jan)
आज का आपका दिन शुभ है। आपको पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगा। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी पर्याप्त मिलेगा। सायंकाल के समय किसी भी झगड़े-विवाद में न पड़ें। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

AQUARIUS (20 Jan - 18 Feb)
आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकते हैं। अपने खानपान पर नियंत्रण रखें। कोई विपरीत समाचार सुनकर अचानक किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। निवेश के मामले में अगर जोखिम उठाने की सोच रहे हैं तो एक बार किसी करीबी से सलाह जरूर लें।

PISCES (19 Feb - 20 Mar)
आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता तथा उनके कामों में व्यतीत होगा। दांपत्य जीवन में कई दिनों से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। ससुराल और सालों से आज लेन-देन न करें संबंध खराब होने का खतरा है। आज के दिन धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा के दौरान सावधान अवश्य रहें।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष मंगल, बुध, चंद्र के प्रभाव क्षेत्र में रहेगा। जनवरी शेष में आयात-निर्यात के व्यापार से जुड़े लोगों की बरकरार समस्याओं से जूझना पड़ेगा। फरवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक आपको अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। इस दौरान आपकी आय के नए स्रोत बनेंगे और जीवन स्तर भी ऊंचा उठेगा। नव वर्ष के रुके हुए प्रसंग उभरकर सामने आएंगे। इस वर्ष आप अपने अधूरे प्रोजेक्ट्स पर काम कर सकते हैं। अप्रैल महीने की शुरुआत में आर्थिक कष्ट व्यथित कर सकते हैं। मई माह की शुरुआत में जहां आपको किसी भाग्यवर्धक कार्यक्षेत्र से जुड़ना पड़ेगा। वहीं जून शेष तक आपके कार्य कौशल और एकाग्रता से सभी जोखिम के कार्य सरल हो जाएंगे। इस वर्ष के उत्तरार्ध में जुलाई-अगस्त से लेकर सितंबर महीने के अंत तक आपका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा, सब लोग आपके कार्य कौशल की प्रशंसा करेंगे। अक्टूबर-नवंबर में यदि कष्ट चित्त हो तो शनिवार सुबह स्टील की कटोरी में सरसों का तेल भरकर उसमें अपना मुख देखकर लें और कटोरी से तेल सहित छायादान कर दें। इस तरह पांच शनिवार करने से दिसंबर तक घर में सुख-शांति बनी रहेगी। दिए हुए धन की वापसी होगी।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(बृहस्पतिवार, 15 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 25, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, द्वादशी, बृहस्पतिवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 2, रजब 24, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 15 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 3 बजे तक। द्वादशी तिथि रात्रि 8 बजकर 16 मिनट तक उपरांत त्रयोदशी तिथि का आरंभ। ज्येष्ठा नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 4 बजकर 47 मिनट तक उपरांत मूल नक्षत्र का आरंभ। वृद्धि योग रात्रि 8 बजकर 43 मिनट तक। चंद्रमा दिन-रात वृश्चिक राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-षटतिला एकादशी व्रत, मकर संक्रांति, पुण्य काल प्रातः 8 बजकर 42 मिनट से, पोंगल (दक्षिण भारत)।

सुडोकू

4			5		1	3		
			4	7		5		
						4		9
2					7			
	7	8		5		2	9	
			8					1
9		4						
		1		6	2			
		3	1		8			2

TELEVISION



big magic

09:00 बब्लू डब्लू	13:30 भ से भाड़े
10:00 चंद्रगुप्त मौर्य	14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
11:00 सृष्टि के रक्षक	15:00 लिटिल कृष्णा
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा	17:00 बब्लू डब्लू
12:30 हम पांच	18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:00 सृष्टि के रक्षक	

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: ccl Time: 01-14-2026 00:14 Color:

नई दिल्ली > बुधवार, 14 जनवरी 2026 > पौष 25, शक संवत 1947, माघ कृष्ण एकादशी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 12 > पेज 18 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू



NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G
(विकसित भारत - जी राम जी) Act, 2025
125 दिन
की रोज़गार गारंटी
गाँव में बढ़ेंगे रोज़गार के अवसर
बनेंगे बाज़ार, बनेंगे अनाज भंडारण केंद्र
और कौशल विकास केंद्र
अब आत्मनिर्भर होंगे गाँव

विकसित ग्राम पंचायत से विकसित भारत की ओर
CBC 35101/13/0073/2526

'10 मिनट डिलिवरी' की रेस खत्म होगी

क्विक कॉमर्स कंपनियों को केंद्र से मिला निर्देश | ब्लिंकिट ने टैगलाइन हटाई, बाकी भी हटाएंगे

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: केंद्र सरकार के निर्देश के बाद क्विक कॉमर्स कंपनियों की तेज रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। इन कंपनियों ने '10 मिनट में डिलिवरी' के दावे से कदम खींचना शुरू कर दिया है। श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने ब्लिंकिट, जेप्टो, जोमैटो, स्विगी सहित प्रमुख क्विक कॉमर्स प्लैटफॉर्म्स से कहा कि वे 10 मिनट डिलिवरी की डेडलाइन हटाएं। सबसे पहले 'ब्लिंकिट' ने इस दिशा में कदम उठाए और अपनी ब्रैंडिंग से '10 मिनट में डिलिवरी' की टैगलाइन हटा दी।

केंद्रीय श्रम मंत्री ने पिछले हफ्ते इस बारे में बैठक की थी

सूत्रों ने बताया कि बाकी प्लैटफॉर्म्स भी जल्द ऐसा करने वाले हैं।

सूत्रों ने बताया, 'श्रम मंत्री ने पिछले हफ्ते ब्लिंकिट, जेप्टो, जोमैटो और स्विगी सहित कई प्लैटफॉर्म्स के साथ बैठक की थी। इसमें कहा गया था कि 10 मिनट में डिलिवरी की डेडलाइन हटाई जाए। यह निर्देश सामान पहुंचाने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कामकाजी हालात बेहतर करने के मकसद से दिया गया।' ब्लिंकिट ने कदम उठा लिए हैं। अन्य एग्रीगेटर्स ने भी यह वादा किया है। हालांकि गूगल प्ले स्टोर पर इंस्टामार्ट, बिग बास्केट, जेप्टो की '10 मिनट डिलिवरी' टैगलाइन कायम थी।

10 मिनट में डिलिवरी से परेशान गिग वर्कर्स ने दिसंबर में हड़ताल की थी।

तमाम संगठनों ने किया स्वागत

गिग वर्कर्स से जुड़े तमाम संगठनों के साथ ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स डिस्ट्रिब्यूटर्स फेडरेशन ने "10 मिनट डिलिवरी" पर श्रम मंत्रालय के निर्देश का स्वागत किया है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने इसे देश के गिग वर्कर के लिए बहुत बड़ा दिन बताया। उन्होंने कहा कि यह कदम डिलिवरी राइडर्स और सड़कों पर चलने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

देखें पेज 12 संपादकीय 'ये कैसी भागमभाग'

गिग इकॉनमी में दूसरे नंबर पर भारत

इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट के अनुसार, गिग इकॉनमी के मामले में भारत दुनिया में दूसरे नंबर पर है और एशिया-प्रशांत क्षेत्र के सभी गिग वर्कर्स में से 56% भारत में काम करते हैं। हर दिन 10 घंटे से अधिक काम करने वाले अधिकतर ऐप बेस्ड डिलिवरी पर्सन्स की कमाई 10 हजार/महीने से भी कम है। जल्द डिलिवरी की डेडलाइन के चलते रोड एक्सिडेंट के खतरे बढ़ते हैं।

डॉग लवर्स पर बरसा सुप्रीम कोर्ट, 'इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते'

अगर कुत्ते ने काटा तो मुआवजे की तैयारी

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सड़क के कुत्तों के काटने की घटनाओं पर राज्यों से मुआवजा दिलाने का संकेत दिया है। कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि कुत्तों के काटने, इससे होने वाली किसी भी चोट या मौत के हर मामले में हम हम राज्यों (नगर निकायों) से भारी मुआवजा देने को कह सकते हैं, क्योंकि उन्होंने पिछले 5 वर्षों में आवारा पशुओं से जुड़े नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कुछ नहीं किया है। इन स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाने वालों की भी जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाएगी। कोर्ट ने डॉग लवर्स से कहा कि अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो इन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते। ये कुत्ते सड़कों पर क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं। उन्हें हम ऐसे ही नहीं छोड़ सकते। कोर्ट ने सवाल किया कि जब कुत्ते किसी 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं, तो किसे जवाबदेह ठहराया जाए? क्या उन्हें खाना खिलाने वाले संगठन को? सुप्रीम कोर्ट उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें नवंबर के आदेश में संशोधन की मांग की गई है। उस आदेश में राज्यों की सिविक अथॉरिटी को संस्थानों और सड़कों से आवारा जानवरों को हटाने का निर्देश दिया गया है।

राज्यों पर सख्त

कुत्ते के काटने की हर घटना, उससे होने वाली चोट या मौत पर हम राज्य अथॉरिटी से भारी मुआवजा देने को कह सकते हैं, क्योंकि बीते पांच वर्षों में उन्होंने आवारा पशुओं के नियमों पर कुछ नहीं किया।

जिम्मेदारी किसकी?

जब कोई आवारा कुत्ता किसी पर हमला करता है, तो जिम्मेदारी किसकी होगी? क्योंकि सड़क का कुत्ता किसी के स्वामित्व में नहीं होता। अगर आप पालतू जानवर रखना चाहते हैं, तो लाइसेंस लीजिए। - सुप्रीम कोर्ट



भावनाएं क्या सिर्फ कुत्तों के लिए हैं?

सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी ने स्ट्रीट डॉग्स के मुद्दे को भावनात्मक विषय बताया, तो कोर्ट ने कहा कि अब तक भावनाएं सिर्फ कुत्तों के लिए दिख रही हैं। क्या इंसानों के लिए नहीं है? इस पर गुरुस्वामी ने जवाब दिया कि ऐसा नहीं है, मैं इंसानों के बारे में भी उतनी ही चिंतित हूं। पशु कल्याण ट्रस्ट की ओर से पेश सीनियर वकील विकास सिंह ने कोर्ट से आग्रह किया कि इस मुद्दे को सिर्फ मानव बनाम पशु के रूप में न देखा जाए, बल्कि पारिस्थितिक संतुलन के नजरिये से भी विचार किया जाए। अगली सुनवाई 20 जनवरी को होगी। » पेज 5

भारत vs न्यूजीलैंड
दूसरा वनडे आज
राजकोट में 1:30 pm से टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार पर

WPL आज के मैच
यूपी वॉरियर्स vs दिल्ली कैपिटल्स
7:30pm से, नवी मुंबई में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

काम की खबरें

81 नए आयुष्मान मंदिर

दिल्ली सरकार बुधवार को 81 नए आयुष्मान मंदिरों की शुरुआत करेगी, इस तरह ऐसे हेल्थ सेंटरों की संख्या बढ़कर हो 319 हो जाएगी। » पेज 4

हाउसिंग स्कीम

डीडीए की प्रीमियर हाउसिंग स्कीम-2026 में आज से करें रजिस्ट्रेशन, पहले जाकर देख सकते हैं सैंपल फ्लैट » पेज 5

गारंटी वाली पेंशन

रिटायरमेंट के बाद NPS से भी गारंटी वाली पेंशन की तैयारी, रेगुलेटर PFRDA ने गाइडलाइंस बनाने के लिए कमिटी बनाई है। » पेज 13

ऑनलाइन अप्लाई

IDEA से बनेगा स्टार्टअप, DU का क्लस्टर इनोवेशन सेंटर बनेगा 'मेंटर', 31 जनवरी तक ऑनलाइन cic.du.ac.in अप्लाई कर सकेंगे। » देखें अंदर

16 से म्यूजिक फेस्टिवल

8 देश, 174 कलाकार... 16 जनवरी से बांसेरा पार्क में शुरू होगा 11वां इंडिया इंटरनैशनल डांस ऐंड म्यूजिक फेस्टिवल, 18 जनवरी तक चलेगा » देखें अंदर

रानीबाग में लगी आग, दो जिंदा जले

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली: आउटर डिस्ट्रिक्ट के रानी बाग थाना इलाके में सोमवार देर रात 1000 स्क्वेयर यार्ड के बड़े हिस्से में बने छोटे छोटे गोदाम, गौशाला, ई रिक्शा के स्टैंड और दो तीन झुग्गियों में आग लग गई। दो लोगों की मौत हो गई। दोनों की बॉडी फायर कर्मियों को आग बुझाने के दौरान एक झुग्गी से मिली। मृतक की पहचान वीरेश (28) और सतीश (35) के रूप में हुई है। » पेज 3

लोहड़ी पर पहाड़ों से भी ठंडी रही दिल्ली, मकर संक्रांति पर शीतलहर का अलर्ट

■ कड़ाके की सर्दी के बीच मंगलवार को देशभर में लोहड़ी मनाई गई। आज मकर संक्रांति है। शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

■ मंगलवार को जम्मू का न्यूनतम तापमान 3.8 और शिमला का 6.6 डिग्री रहा। दिल्ली इनसे भी ज्यादा ठंडी रही। न्यूनतम तापमान 3 डिग्री रहा।

■ सर्दियों की हल्की धूप, आसमान में उड़ती पतंगें मकर संक्रांति की पहचान है। हैदराबाद में काइट इंटरनैशनल फेस्टिवल मनाया गया। » पेज 4

BCCL

'PM केयर्स को निजता का हक'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि भले ही PM केयर्स फंड सरकार की ओर से चलाया या कंट्रोल किया जाता हो, लेकिन सूचना का अधिकार अधिनियम (RTI ऐक्ट) के तहत उसका निजता का अधिकार खत्म नहीं होगा।

ईरान से कारोबार करने वाले देशों पर ट्रंप का 25% टैरिफ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि ईरान से बिजनेस करने वाले देशों से अमेरिका आने वाले माल पर 25% टैरिफ लगेगा। ट्रंप ने इसे तुरंत प्रभाव से लागू करने की बात की, लेकिन अमेरिका की ओर से यह साफ नहीं किया गया कि तमाम देशों पर पहले से लगे अमेरिकी टैरिफ से यह अलग होगा या कुछ खास चीजों पर ही लगेगा। अमेरिका ने भारत पर पहले से 50% टैरिफ लगा रखा है। भारत और ईरान के बीच द्विपक्षीय व्यापार अभी करीब 1.7 अरब डॉलर का है। ट्रंप की इस घोषणा से निर्यातकों में दुविधा और चिंता की स्थिति बन गई है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, टैरिफ तुरंत प्रभाव से लागू होगा

ईरान के बड़े साझेदारों में चीन, ब्राजील, तुर्किये और रूस हैं। भारत से भी चावल, चाय, कॉफी, सब्जियां, दवाओं, जेम्स-जूलरी सहित कई चीजों का निर्यात वहां होता है। ईरान से ड्राई फ्रूट्स और पेट्रोलियम इंपोर्ट होता है। साल 2024-25 में ईरान को एक्सपोर्ट 1.5% बढ़कर 1.24 अरब डॉलर का रहा था। इस दौरान वहां से इंपोर्ट 29.3% घटकर 44 करोड़ डॉलर पर आ गया था। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट बुधवार को ट्रंप के टैरिफ से जुड़े मामले पर फैसला सुनाने वाला है। » पेज 13



भारत पर भी असर

अभी साफ नहीं कि तमाम देशों पर लगे टैरिफ से यह अलग होगा या नहीं।

ईरान को भारत से चाय, कॉफी, चावल, दवाओं और जूलरी का निर्यात होता है।

अमेरिका ने भारत पर पहले से 50% टैरिफ लगा रखा है भारत और ईरान के बीच अभी 1.7 अरब डॉलर का कारोबार होता है।

जयशंकर की अमेरिकी विदेश मंत्री से कारोबार, रक्षा सहयोग पर चर्चा

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार रात अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बात की। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच व्यापार, क्रिटिकल मिनरल्स, डिफेंस और एनर्जी पर चर्चा हुई। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर बताया कि दोनों ने आगे भी इन मुद्दों पर संपर्क में रहने पर सहमति जाहिर की है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने उम्मीद जताई कि अगले महीने दोनों विदेश मंत्रियों के बीच मुलाकात हो सकती है। यह बातचीत ऐसे वक्त में अहम है, जब हाल में अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा था कि पीएम मोदी ने ट्रंप को फोन नहीं किया, इसलिए ट्रेड डील नहीं हो सकी। » पेज 14

जयशंकर-रुबियो में फोन पर बात

फरीदाबाद में

घर में मिला दंपती और बेटे का शव

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद: गांव सरूरपुर में किराये के मकान में रह रहे पति-पत्नी और पांच साल के बेटे के शव घर में ही मिले। पुलिस को कमरे से कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला है। आशंका है कि कोई जहरीला पदार्थ खाने से तीनों की जान चली गई, क्योंकि उनके नाक और मुंह से झाग और खून निकल रहा था। मौत की वजह जानने के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

हैपी मॉर्निंग

चिंटू: तुम कौन-सा कोर्स कर रहे हो? हिंदी में बताओ।
पिंटू: नेत्र चाय नेत्र
चिंटू: अब ये कौन-सा कोर्स है?
पिंटू: आई. टी. आई.

अर्थसार

सेंसेक्स	83,627.69 (-250.48)
निफ्टी	25,732.30 (-57.96)
रुपया/US डॉलर	90.26 (+0.07)
रु/यूरो	105.22 (0)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम दिल्ली	₹1,45,000 (+400)
चांदी .999 टंच प्रति किलो दिल्ली	₹2,71,000 (+6,000)

मौसम

अधिकतम तापमान 21.6°
न्यूनतम तापमान 3°
सूर्योदय बुधवार 5:46 | सूर्यास्त गुरुवार 7:15

आज शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट। घर से निकलते एहतियात बरतें।

PSLV मिशन में बचा एक कैप्सूल, उसने भेजे सिग्नल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

इसरो का PSLV रॉकेट मिशन सोमवार को तकनीकी खराबी के कारण असफल हो गया था, लेकिन मंगलवार को एक राहत भरी खबर आई है। इस मिशन में शामिल स्पेन की निजी कंपनी का छोटा स्पेस कैप्सूल केआईडी सुरक्षित बच गया था और उससे जमीन पर सिग्नल मिलने की पुष्टि हुई है। सबसे अहम बात यह है कि रॉकेट फेल होने के बावजूद केआईडी ने करीब 190 सेकंड तक उड़ान का डेटा भेजा। आमतौर पर ऐसे हालात में किसी भी उपकरण से कोई डेटा नहीं मिल पाता। केआईडी को धरती के वातावरण में दोबारा प्रवेश के परीक्षण के लिए बनाया गया था।

15 सैटलाइट लापता

पीएसएलवी सी 62 ने सोमवार सुबह 10:18 बजे श्रीहरिकोटा से उड़ान भरी थी। रॉकेट में भारत का उपग्रह अन्वेषा समेत कुल 15 सैटलाइट और एक स्पेन का कैप्सूल था। रॉकेट के तीसरे चरण में खराबी आने से सैटलाइट लापता हो गए।

भ्रष्टाचार कानून पर बंटा SC, केस CJI के पास

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 17A को जस्टिस बी. वी. नागरत्ना ने असंवैधानिक करार दिया, जबकि जस्टिस के. वी. विश्वनाथन ने असंवैधानिक घोषित करने से इनकार किया और कहा कि लेकिन इस का फैसला लोकपाल या लोकायुक्त को तय करना चाहिए। केस अब चीफ जस्टिस को भेजा गया है। धारा 17A (साल 2018 में हुए संशोधन) के तहत शर्तों के साथ किसी पब्लिक सर्वेंट के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच शुरू करने से पहले पूर्व स्वीकृति अनिवार्य है। » पेज 10


CJI सूर्यकांत

सुरक्षा चाकचौबंद सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर जारी है, हमने दबाव बनाकर रखा है

आर्मी चीफ ने कहा, सीमा पार 8 टेरर कैंप, 150 आतंकी हो सकते हैं, हम अलर्ट हैं

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि अभी भी LoC और इंटरनैशनल बॉर्डर (IB) के दूसरी तरफ 8 आतंकी कैंप सक्रिय हैं जिनमें करीब 100 से 150 आतंकी हो सकते हैं। कश्मीर घाटी में 140 आतंकी हो सकते हैं जिनमें से सिर्फ 10 लोकल हैं, बाकी पाकिस्तानी। IB के दूसरी तरफ 2 और LoC के दूसरी तरफ 6 आतंकी कैंप हैं। पाकिस्तान अब भी आतंकियों को मदद दे रहा है और उन लोगों को मदद दे रहा है जो लोगों को रेडिकलाइज कर यहां भेजते हैं। एलओसी पर हम पूरी तरह अलर्ट हैं, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। एनबीटी के सवाल के जवाब में जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद टेररिस्ट इनिशिएटेड इंसिडेंट तकरीबन खत्म हो गए हैं, लेकिन हमने जम्मू-कश्मीर में सेना की तैनाती में कोई कमी नहीं की है और हमने उतना ही दबाव बनाकर रखा है। » पेज 14

> जम्मू-कश्मीर में स्थिति सेंसेटिव है, लेकिन पूरी तरह कंट्रोल में है। हमने जो फोर्स तैनात की है उसमें कोई कमी नहीं कर रहे हैं। -जनरल उपेंद्र द्विवेदी, आर्मी चीफ

'शक्सगाम वैली पर चीन का स्टेटमेंट स्वीकार नहीं'

शक्सगाम वैली को लेकर आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि 1963 का चीन-पाकिस्तान अग्रीमेंट अवैध था। वहां जो भी एक्टिविटी हो उसे हम अप्रूव नहीं करते। उनका जो जॉइंट स्टेटमेंट आया है उसे हम स्वीकार नहीं करते। हम मानते हैं कि ये उन दोनों देशों का इल्लीगल ऐक्शन है। चीन ने कहा था कि यह घाटी चीन का हिस्सा है और वहां सड़क बनाना उसका अधिकार है।

81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण

सत्यमेव जयते
दिल्ली सरकार

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

14 जनवरी 2026 | प्रातः 10:30 बजे

शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, गांव नांगल राया
(चंचल पार्क के सामने), नई दिल्ली – 110046

स्कैन करें
आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की सूची

मुख्य अतिथि

श्रीमती रेखा गुप्ता

माननीय मुख्यमंत्री, दिल्ली सरकार

गरिमामयी उपस्थिति

डॉ. पंकज कुमार सिंह

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, दिल्ली सरकार

DIP/Shabdarth/Display/0115/25-26

दिल्ली सरकार

प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

प्रस्तुत करता है

CAMPUS TO MARKET

छात्र विचार, बड़े उद्यम

माननीय प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
के मार्गदर्शन में

Delhi Startup yuva Festival 2026

दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री
श्रीमती रेखा गुप्ता जी
के नेतृत्व में

तिथि 14 जनवरी 2026

स्थान - डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र,
15 जनपथ रोड, विंडसर प्लेस, नई दिल्ली

क्या होगा खास?

भारत का सबसे बड़ा छात्र स्टार्टअप मंच
दिल्ली के विभिन्न शैक्षणिक परिसरों से एग्रीटेक, जेनएआई, सस्टेनेबिलिटी, हेल्थटेक, फिनटेक सहित अनेक क्षेत्रों में विकसित हो रहे नवाचारों और स्टार्टअप पहलों का व्यापक प्रदर्शन।

प्रेरक वक्ता सत्र और उद्योग संवाद
प्रख्यात उद्यमियों, निवेशकों, नीति-निर्माताओं तथा स्टार्टअप इकोसिस्टम के वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा विचार, अनुभव एवं मार्गदर्शन साझा किया जाएगा।

कैंपस-टू-मार्केट पिच एरीना
छात्र उद्यमी देश के प्रमुख वेंचर कैपिटल्स, एंजेल निवेशकों, कॉरपोरेट नेतृत्व एवं स्टार्टअप सहयोगी संस्थाओं के समक्ष अपने स्टार्टअप विचारों की लाइव प्रस्तुति देंगे।

सशक्त युवा | गतिशील नवाचार | नया भारत

DELHI NCR
के सहयोग से

DIP/Shabdarth/Display/0114/25-26

प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMM17 User: cci Time: 01-13-2026 23:13 Color:

PTI

शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट

कल से राहत की उम्मीद

18 से 20 जनवरी तक हो सकती है बारिश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी मे ठंड का प्रकोप लगातार बना हुआ है। तापमान रोज नए निचले स्तर पर पहुंच रहा है। इसी बीच बुधवार के लिए भी शीतलहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। स्काईमेट के अनुसार 18 से 20 जनवरी के बीच दिल्ली में बारिश होने की संभावना है। इसके बाद 26 जनवरी के आसपास ठंड की एक और लहर आ सकती है। इस बार ठंड जनवरी के अंत या फरवरी की शुरुआत तक बनी रह सकती है। मंगलवार सुबह भी शीतलहर के हालात रहे, हालांकि कोहरा नहीं था। ठंड इतनी ज्यादा थी कि लोगों को घरों के अंदर भी परेशानी हुई।

मंगलवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 3 डिग्री पहुंचा

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 3 डिग्री पहुंच गया। यह सामान्य से 4.4 डिग्री कम है। यह इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। पालम में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री, लोदी रोड में 3 डिग्री, रिज में 4.4 डिग्री, आया नगर में 3.2 डिग्री, गुरुग्राम में 3.3 डिग्री और फरीदाबाद में 4.3 डिग्री दर्ज किया गया। तेज धूप निकलने से दिन में कुछ राहत मिली और अधिकतम तापमान कई जगह 21 डिग्री से ऊपर रहा। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 21.6 डिग्री, लोदी रोड में 22 डिग्री, रिज में 21.4 डिग्री, आया नगर में 21.9 डिग्री और फरीदाबाद में 22.3 डिग्री रहा।

अनुमान के अनुसार बुधवार को आसमान साफ रहेगा लेकिन कुछ इलाकों में शीतलहर जारी रह सकती है। अधिकतम तापमान करीब 20 डिग्री और न्यूनतम तापमान करीब 4 डिग्री रहने की संभावना है।

क्या दिल्ली-NCR में तापमान हुआ माइनस 0.9 डिग्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

क्या दिल्ली एनसीआर में तापमान माइनस में पहुंच गया है। ऐसा सवाल इसलिए क्योंकि कुछ प्राइवेट वेदरमैन अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। इसमें उन्होंने गुरुग्राम में ठंड की वजह से जमी हुई बर्फ की परत दिखाई है। साथ ही उनके हाथ में मॉनिटर है जिसमें तापमान माइनस 0.9 रीडिंग दिखा रहा है।

वेदरमैन नवदीप दहिया ने एक्स पर पोस्ट किया है कि लगातार दूसरे दिन हरियाणा के गुरुग्राम में फ्रॉस्ट (बर्फ जमाव) की स्थिति रही। यहां तक कि तापमान माइनस 0.9 डिग्री रहा। उनके हाथ में हैंडहेल्ड मॉनिटर है जिसमें तापमान की रीडिंग माइनस 0.9 डिग्री है और सतह पर बर्फ की परत जमी नजर आ रही है। सोमवार को भी सैनिक फार्म में एक प्राइवेट ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन की रीडिंग 1.1 डिग्री बताई गई थी। यहां भी सतह पर बर्फ की परत देखने का दावा किया गया था।

प्राइवेट वेदरमैन गुरुग्राम में बर्फ जमी दिखा रहे हैं

कई बार रीडिंग को लेकर हो चुके है विवाद: इससे पूर्व भी गर्मी और सर्दी में मौसम विभाग के स्टेशनों पर दिख रही रीडिंग को लेकर विवाद हो चुके हैं। 15 जनवरी 2023 को उन्नाव (नजफगढ़) का न्यूनतम तापमान माइनस 0.1 डिग्री दर्ज हुआ था। उस समय भी देर रात आईएमडी ने सफाई दी कि यह स्टेशन ठीक से काम नहीं कर रहा है। अब तक इस स्टेशन को जोड़ा नहीं गया है। इस बार भी आईएमडी ने कोई सफाई नहीं दी है।



RDAY लाइव

कर्तव्य पथ पर एक साथ उठते कदम और अनुशासन में सजी ये पंक्तियां सिर्फ परेड की तैयारी नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की यादों की शुरुआत भी है। क्या आप कभी इस परेड का हिस्सा रहे हैं या दर्शक दीर्घा में बैठकर इसे लाइव देखा है? अपनी यादें, किस्से और एहसास हमारे साथ साझा करें।

आप हमें 9220747220 पर वट्सऐप या फिर सब्जेक्ट में RDay लिखकर nbtreader@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं।

ठहरी हवा, प्रदूषण फिर हुआ 'बेहद खराब'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : प्रदूषण का स्तर दो दिन बाद फिर से बढ़कर बेहद खराब हो गया है। हवाओं के कम होने की वजह से इसमें यह इजाफा हुआ है। अगले करीब दस दिनों तक प्रदूषण बेहद खराब के स्तर पर ही बना रह सकता है। सीपीसीबी के एयर बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली का एक्यूआई 360 रहा। यह इस जनवरी का दूसरा सबसे प्रदूषित दिन रहा। इससे पहले एक जनवरी को यह 380 था। फरीदाबाद का 254, गाजियाबाद का 358, ग्रेटर नोएडा का 384, गुरुग्राम का 378 वहीं नोएडा का 367 रहा। वहीं दिल्ली में पांच जगहों पर एक्यूआई 400 से ऊपर पहुंच गया। इनमें रोहिणी का एक्यूआई 406, एनएसआईटी द्वारका का 411, नेहरू नगर का 416, जहांगीरपुरी का 407, द्वारका सेक्टर-8 में 426 और आनंद विहार का 436 रहा।

बैंक घोटाले के दोषियों को तीन साल की कैद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पंजाब नैशनल बैंक (PNB) से जुड़े करीब चार करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में कोर्ट ने पीएनबी की जोरबाग शाखा के दो पूर्व अधिकारियों को दोषी ठहराते हुए तीन-तीन साल की जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने तत्कालीन चीफ मैनेजर और ब्रांच हेड कुलविंदर कौर जोहर और सीनियर मैनेजर रंजीव सुनेजा ने यह सजा सुनाई और दोनों पर 75-75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इस मामले में बैंक के पैनल वकील नरेंद्र सिंह परिहार को भी दोषी पाया गया है।

सीबीआई के अनुसार, यह मामला साल 2013 का है। आरोप है कि संजीव दीक्षित नामक व्यक्ति ने अन्य लोगों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों से पीएनबी से चार करोड़ रुपये का कर्ज हासिल किया। इस कर्ज को मंजूर कराने में बैंक अधिकारियों और पैनल वकील की मिलीभगत सामने आई।

8 देश, 174 कलाकार... ग्लोबल सुर और लय से गूंजेगी दिल्ली

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : कजाखस्तान, किर्गिजस्तान, उज्बेकिस्तान, बुर्किना फासो, मलेशिया, मालदीव्स, लिथुआनिया और भारत समेत आठ देशों के हुनरमंद कलाकार अपनी नायाब कला के साथ दिल्ली पहुंच रहे हैं। इंडियन काउंसिल फॉर कल्चरल रिलेशंस (आईसीसीआर) के 11वें इंडिया 'इंटरनैशनल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल' के साथ इन देशों के अलग-अलग विधाओं, सुर और लय से सजी पेशकश 16 जनवरी से 18 जनवरी तक देश की राजधानी में गूंजेगी। एल. सुब्रमण्यम और कविता कृष्णमूर्ति की सुरीली जोड़ी हो या मलेशिया से राधा-कृष्ण लीला, किर्गिज़स्तान से लोक कहानियां सुनाती रीली प्रस्तुति हो या फिर बुर्किना फासो से 'कांतिगुई डांस ट्रुप, कला के कद्रदानों के बीच होंगे। बांसेरा पार्क में होने वाले इस इस जश्न में 174 कलाकारा मंच पर होंगे।

16 जनवरी से 18 जनवरी तक चलेगा फेस्टिवल

'इंटरनैशनल डांस एंड म्यूजिक फेस्टिवल' में नजर आएंगे कलाकार

फेस्ट रोजाना 4 बजे से 6:30 बजे तक चलेगा। एंट्री फ्री है। नजदीकी मेट्रो स्टेशन सराय काले खान है। आईसीसीआर की डायरेक्टर जनरल नंदिनी ने कहा कि सिंगला का कहना है कि नए साल के साथ हम संगीत और नृत्य की ताकत को पेश कर रहे हैं जो दुनियाभर के लोगों को आपस कनेक्ट करता है।

मिलेगा फंड 'द इनोवेशन एंड स्टार्टअप स्कीम' के तहत उन्हें मेंटॉर की सुविधा के साथ-साथ आर्थिक मदद भी मिलेगी

IDEA करेगा पूरी मदद, तैयार होंगे स्टार्टअप, DU का क्लस्टर इनोवेशन सेंटर बनेगा 'मेंटॉर'

Katyayani.Upreti
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली यूनिवर्सिटी का क्लस्टर इनोवेशन सेंटर (सीआईसी) आंत्रेप्रेन्योर्स को अपना स्टार्टअप खड़ा करने के लिए मदद देगा। सेंटर स्टूडेंट्स और आंत्रेप्रेन्योर्स को स्टार्टअप खड़ा करने के लिए गाइडेंस भी देगा।

इसके अलावा, स्टार्टअप आइडिया पर काम करने के लिए को-वर्किंग स्पेस भी देगा, ताकि 30 साल तक के इनोवेटर्स और आंत्रेप्रेन्योर्स अपने स्टार्टअप आइडिया को बड़े बिजनेस में बदल सकें। जिनके प्रपोजल चुने जाएंगे, उन्हें बिजनेस पिच के लिए बुलाया जाएगा और फिर चुना जाएगा।

■ जिनके प्रपोजल चुने जाएंगे, उन्हें बिजनेस पिच के लिए बुलाया जाएगा
■ 30 साल से कम उम्र के डीयू के यूजी और पीजी स्टूडेंट्स इसके लिए ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं

AI Image

स्टूडेंट्स अगर स्टार्टअप खड़ा करना चाहते हैं तो उन्हें क्लस्टर इनोवेशन सेंटर 'द इनोवेशन एंड स्टार्टअप स्कीम' के तहत उन्हें मेंटॉर की सुविधा के साथ-साथ आर्थिक मदद भी देगा। एक अधिकारी ने बताया कि 30 साल से कम उम्र के डीयू के स्टूडेंट्स इसके लिए ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। शॉर्टलिस्ट किए गए प्रपोजल को फंड लेने के लिए पिच करने को बुलाया जाएगा। चुने गए स्टूडेंट्स को स्टाइपेंड, कोवर्किंग स्पेस, मेंटॉर, प्रोटोटाइप बनाने की सुविधा दी जाएगी। स्टूडेंट्स 31 जनवरी तक ऐप्लिकेशन दे सकेंगे।

क्या है इस स्कीम का मकसद?

डीयू के क्लस्टर इनोवेशन सेंटर की इस स्कीम IDEA (इमेजिन, डिजाइन, एग्जिक्यूट, एडमिनिस्टर) का मकसद है, इनोवेटर्स और आंत्रेप्रेन्योर्स के बीच लिंक बनाना। जब आइडिया इनक्यूबेट हो जाते हैं, तो उनसे इनोवेटिव प्रोडक्ट और सर्विस तैयार होती हैं, जिन्हें बाद में सफल स्टार्टअप्स के जरिए कमर्शल रूप दिया जा सकता है।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMM18 User: cci Time: 01-13-2026 23:18 Color:

19 पुलिस स्टेशन को मिले नए SHO, तीन का बदला थाना

Shanker.Singh@timesofindia.com

AI Image



■ **नई दिल्ली:** राजधानी के 19 थानों के नए एसएचओ का ऐलान मंगलवार को कर दिया गया है। तीन एसएचओ के पुलिस स्टेशन बदले गए हैं, जबकि कुछ इंस्पेक्टरों को एक बार फिर से थानों की कमान सौंपी गई है। लंबे समय से इस लिस्ट का इंतजार किया जा रहा था। कुछ हटाए गए एसएचओ की नई पोस्टिंग नहीं आई है, जिससे अटकलें लग रही हैं कि एक और लिस्ट जल्द आएगी। इस बीच, अन्य 78 इंस्पेक्टरों को भी इधर से उधर किया गया है।

डीसीपी (हेडक्वॉर्टर) निधि विराम की तरफ से मंगलवार को जारी एसएचओ वाली लिस्ट में 31 इंस्पेक्टरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का फरमान जारी हुआ है। कुछ एसएचओ का एक थाने में दो साल का कार्यकाल पूरा हो चुका था। इसलिए उन्हें हटाया गया। द्वारका के डाबड़ी और नॉर्थ ईस्ट जिले के न्यू उस्मानपुर थाने लंबे वक्त से बगैर एसएचओ के चल रहे थे। इसलिए डाबड़ी में वहां इंस्पेक्टर (इन्वेस्टिगेशन) का काम कर देख रहे गंगा राम मीणा को ही एसएचओ लगा दिया गया है। न्यू उस्मानपुर थाने में ट्रैफिक में तैनात राजेंद्र कुमार को भेजा गया है।

तीन एसएचओ के थाने बदले हैं। इनमें राजीव कुमार को कंझावला से केशवपुरम, जतन सिंह को कोतवाली से कालिंदी कुंज और नरपाल सिंह यादव को जामिया नगर से सीलमपुर थाने भेजा गया है। इसी तरह पहले भी दो से तीन पुलिस स्टेशन में थानाध्यक्ष रह चुके संजीव कुमार को ट्रैफिक से आईजीआई एयरपोर्ट, दिनेश कुमार को क्राइम से महरौली और सुमन कुमार को डीएपी से कोतवाली का SHO बनाकर भेजा गया है। इससे उन इंस्पेक्टरों की उम्मीदें भी जग गई हैं, जिनके पास लंबे वक्त तक SHO रहने का अनुभव है, लेकिन अभी साइड लाइन हैं।

NBT 2 मिनट में पढ़ें

नए नियम की वजह से भी SHO की अदला-बदली की चर्चा

इंस्पेक्टर महेंद्र प्रताप को पुल प्रह्लादपुर, कुमार प्रशांत को वजीराबाद, गुलशन नागपाल को नबी करीम, अखिलेश बाजपेयी को बवाना, संजय सिंह रावत को करावल नगर, राजेश कुमार को मानसरोवर पार्क, योगेंद्र सिंह मीणा को पांडव नगर, सहीराम मीणा को नजफगढ़, कृष्ण कुमार को कंझावला, ओमप्रकाश ठाकुर को जामिया नगर और पंकज सिंह को सोनिया विहार थाने का एसएचओ बनाया गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि कुछ थानों के एसएचओ का कार्यकाल भी दो साल या उससे ज्यादा हो चुका है। इसलिए उनकी अदला-बदली भी जल्द की जाएगी।

मेट्रो के आगे कूदकर जान देने की कोशिश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : नजफगढ़ मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार दोपहर 20 साल की युवती ने मेट्रो ट्रेन के सामने कूदकर खुदकुशी की कोशिश की। घायल युवती को अस्पताल में ले जाया गया। जहां से उसे दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। युवती की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस युवती के परिवार वालों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। मेट्रो पुलिस डीसीपी का काम देख रहे आईजीआई एयरपोर्ट के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि मंगलवार दोपहर 1:15 पर पुलिस को नजफगढ़ मेट्रो स्टेशन पर एक युवती के मेट्रो के सामने छलांग लगाने की सूचना मिली।

दिल्ली से यूपी तक फैला साइबर क्राइम गैंग, 8 गिरफ्तार

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ईस्ट जिले की स्पेशल स्टाफ की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली से उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद और बरेली तक फैले साइबर अपराध सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के तार सीधे चीन से जुड़े हुए पाए गए हैं। आरोपियों से 4 लाख 70 हजार कैश,14 फोन, 20 सिम कार्ड और 7 डेबिट कार्ड बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों के सीधे चीन से जुड़े हुए हैं तार

ईस्ट जिले के डीसीपी अभिषेक धानिया ने बताया कि जांच में अब तक 85 म्यूल बैंक खातों का पता लगाया गया है, जिनसे देशभर में दर्ज 600 से अधिक एनसीआरपी (NCRP) शिकायतें जुड़ी पाई गई हैं। इन खातों के जरिए लगभग 15 करोड़ के संदिग्ध लेनदेन का खुलासा हुआ है। पीड़ितों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई पांडव नगर थाने में 20 नवंबर 2025 में दर्ज ठगी के मामले पर की गई है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन साइबर हॉक के दौरान एक शिकायत मिली थी, जिसमें तमिलनाडु के अरियालूर की रहने वाली सोर्न सुंदरी के बैंक खाते से 26 सितंबर 2025 को 6 हजार की धोखाधड़ी हुई थी। जांच में सामने आया कि यह पैसे यस बैंक, मयूर विहार फेज-1 में संचालित एक म्यूल बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे। खाते की केवाईसी और स्टेटमेंट के जांच के दौरान खाताधारक की पहचान शालीमार गार्डन, साहिबाबाद यूपी निवासी मोहम्मद वसीम के तौर पर हुई है।

स्कूटर तेज चलाने के विवाद में बाप, बेटे को पीटा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : गीता कॉलोनी इलाके में तेज स्कूटर चलाने को लेकर हुए विवाद में एक डिलिवरी बॉय और उसके पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि उनकी ही बिल्डिंग में रहने वाले एक बाप-बेटे ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। घायल पिता-पुत्र को पुलिस ने इलाज के लिए डॉ. हेडगेवार अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ितों के बयान पर गीता कॉलोनी पुलिस ने आरोपी पलविंदर सिंह और उसके बेटे कुणाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, 19 साल का स्टेबिन परिवार के साथ न्यू लाहौरी एक्सटेंशन, शास्त्री नगर इलाके में रहता है। स्टेबिन का आरोप है कि 9 जनवरी की शाम पलविंदर सिंह और उसके बेटे ने मारपीट की।

इस वर्कशॉप में सीखें पुराने कपड़ों का नया इस्तेमाल

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लाया है अपसाइकलिंग क्लोद्स वर्कशॉप जिसमें फैशन डिजाइनर और ब्रैंड अनुभा की फाउंडर अनुभा नांबियार आपको बताएंगी कि इस साल कौन सा फैशन रहेगा ट्रेंड में। इसके साथ वह यह भी बताएंगी आप कैसे अपने पुराने कपड़ों को नए फैशन में ढालकर इस्तेमाल कर सकते हैं और उनका क्या-क्या इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करवाना होगा बस रजिस्ट्रेशन।

NBT रंगमंच Club

अनुभा नांबियार, फाउंडर, ब्रैंड अनुभा

तारीख: 15 जनवरी 2026
टाइम: 3 बजे से 4 बजे
वेन्यू: टाइम्स हाउस 7, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली
फीस: निःशुल्क

इस वर्कशॉप में हिस्सा लेने के लिए +91 7003890071 पर फोन करें या वट्सऐप करें।

नए फीस कानून के खिलाफ प्राइवेट स्कूल पहुंचे सुप्रीम कोर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : 'दिल्ली स्कूल एजुकेशन-ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस 2025' कानून को लागू करने के लिए दिल्ली सरकार के आदेश के खिलाफ प्राइवेट स्कूलों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। प्राइवेट स्कूलों की फीस तय करने और फीस बढ़ोतरी पर लगाम लगाने के मकसद से लाए गए इस कानून के खिलाफ पहले स्कूल हाई कोर्ट गए थे। हाई कोर्ट ने कानून लागू करने के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद अनएडेड प्राइवेट स्कूल्स एक्शन कमिटी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। दिसंबर में यह कानून अधिसूचित हुआ और कानून 2025-26 सेशन से ही लागू करने को कहा गया।

HC ने कानून लागू करने के आदेश पर रोक से इनकार कर दिया था

टैंकर की चपेट में आने से बुजुर्ग की गई जान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : साउथ डिस्ट्रिक्ट के तिगड़ी रोड इलाके में पानी के टैंकर की चपेट में आने से 58 वर्षीय बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मृतक की पहचान देवली एक्सटेंशन निवासी फकीरे खान उर्फ मोहम्मद हनीफ सिद्दीकी (58) के रूप में हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी टैंकर ड्राइवर को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान राहुल के रूप में हुई है।

पुलिस को दी शिकायत में फकीरे खान के बेटे साहिल (28) ने बताया कि रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे घर पर थे। इसी दौरान उनके दोस्त विनय ने फोन कर सूचना दी कि उनके पिता का एक्सीडेंट हो गया है।

फार्मेसी की छात्रा का प्रफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप

■ NBT न्यूज, दादरी : एनएच-91 स्थित विश्वेश्वरैया पुरा और ईस्टट्यूशंस में मंगलवार को स्टूडेंट्स ने हंगामा कर एक प्रफेसर पर बीफार्मा की छात्रा के साथ सेक्सुअल हैरासमेंट का आरोप लगाया। छात्रा का रोते हुए विडियो भी वायरल हुआ है। इसमें वह प्रैक्टिकल के दौरान बैड टच व मारपीट के आरोप लगा रही है। कार्रवाई न होने पर युवक ने खुदकुशी करने की धमकी दी। आरोप है कि इस मामले में दखल देने पर एक छात्र को बेरहमी से पीटा गया। मारपीट के आरोप में पुलिस ने प्रफेसर ललित राणा और प्रिंसिपल प्रदीप पर केस दर्ज कर लिया है। प्रिंसिपल को अरेस्ट कर लिया है।

स्नैचिंग पर कमिश्नर ने ACP और SHO को पद से हटाया

■ NBT न्यूज, ग्रेनो वेस्ट : ला रेजिडेंशिया सोसायटी में बुजुर्ग महिला से लिफ्ट के अंदर हुई स्नैचिंग के प्रयास घटना को पुलिस कमिश्नर ने गंभीरता से लेते हुए बड़ा एक्शन लिया है। सीपी लक्ष्मी सिंह ने बिसरख थाना प्रभारी और एसीपी को पद से हटा दिया है। 8 जनवरी को ग्रेनो वेस्ट की सोसायटी में बुजुर्ग महिला से चेन स्नैचिंग का प्रयास करने की घटना हुई थी। शाम 5 बजे 75 वर्षीय बुजुर्ग महिला ग्राउंड फ्लोर से लिफ्ट में सवार हो अपने फ्लैट की तरफ जा रही थीं। इसी दौरान हेलमेट पहने एक युवक भी लिफ्ट में घुस गया और महिला की सोने की चेन छीनने का प्रयास किया।

पहला एनकाउंटर करने वाली महिला SI रिश्वत लेते पकड़ी

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : साहिबाबाद थाना परिसर में मौजूद महिला थाने की रिपोर्टिंग चौकी पर तैनात महिला दरोगा भुवनेश्वरी को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दहेज के मामले में एक परिवार को न फंसाने के बदले एक लाख रुपये की डिमांड की गई थी। कई बार की मीटिंग के बाद 45 हजार रुपये में बात बनी। मंगलवार को एंटी करप्शन टीम ने पुलिस चौकी के अंदर रिश्वत लेते पकड़ लिया। महिला दरोगा भुवनेश्वरी अलीगढ़ की रहने वाली है। वह 2002 में यूपी पुलिस में भर्ती हुई थी। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग महिला थाने में थी और रिपोर्टिंग चौकी साहिबाबाद में थी।

पति-पत्नी व पांच साल के बेटे का कमरे में मिला शव

■ NBT रिपोर्ट, फरीदाबाद : मुजेसर थानाक्षेत्र के गांव सरूरपुर के एक घर में दिलदहला देने वाली घटना सामने आई है। किराये के मकान में रह रहे पति-पत्नी और पांच साल के बेटे की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हो गई। सभी के शव घर में ही पड़े मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पुलिस को कमरे से कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला है। आशंका जताई जा रही है कि कोई जहरीला पदार्थ खाने से तीनों की जान चली गई, क्योंकि उनके नाक व मुंह से झाग और खून निकल रहा था। फिलहाल पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

सर्वोदय कैंप में पानी भरने पर जमकर मारपीट, दो घायल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

कालकाजी थाना क्षेत्र स्थित सर्वोदय कैंप में सरकारी नल पर पानी भरने को लेकर हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झगड़े में बदल गया। घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 12 जनवरी को केस दर्ज किया।

पीड़ित के बयान पर पुलिस ने दर्ज किया केस

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित अरविंद शर्मा ने बताया कि वह परिवार के साथ सर्वोदय कैंप में रहते हैं। कारपेंटर का काम करते हैं। पीड़ित ने बताया कि 11 जनवरी की रात करीब 9 बजे सर्वोदय कैंप में सरकारी नल के पास जय प्रकाश का 12 वर्षीय बेटा धनंजय पानी भर रहा था। इसी दौरान इलाके में रहने वाला दुर्गेश वहां पहुंचा और बच्चे को लात मारकर अपने लिए पानी भरने को कहा। पीड़ित ने इसका विरोध किया। आरोप है कि दुर्गेश ने अरविंद शर्मा का गला पकड़ लिया और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी।

इसी बीच दुर्गेश के साथी विक्की और प्रकाश भी मौके पर पहुंच गए और तीनों ने मिलकर पीड़ित को बेरहमी पीटा। मारपीट के दौरान दुर्गेश ने अरविंद के सिर पर तेजधार हथियार से हमला किया।

गाड़ी खड़ी करने के विवाद में पड़ोसी भिड़े, एक गंभीर

■ NBT रिपोर्ट, वजीराबाद

वजीराबाद इलाके में घर के बाहर पार्किंग विवाद में दो पड़ोसियों के बीच खूनी झड़प हो गई। आधी रात को पुलिस को जो कॉल की गई, उसमें एक दर्जन राउंड फायरिंग की बात कही गई। पुलिस तुरंत क्राइम सीन पर पहुंची। पुलिस का दावा है कि मौके से न तो खाली खोखा बरामद हुआ और न ही कोई गोली चलने के निशान मिले। हालांकि विवाद में एक पड़ोसी को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर एक आरोपी को अरेस्ट किया गया है। बाकी फरार हैं।

12 राउंड गोली चलने की PCR कॉल से मचा हड़कंप

पुलिस अफसर के मुताबिक 13 जनवरी की रात गली नंबर-3, जगतपुर एक्सटेंशन, वजीराबाद में 10-12 राउंड फायरिंग के बारे में PCR कॉल मिली। सूचना पर तुरंत लोकल पुलिस क्राइम सीन पर पहुंची। जहां एक घायल शख्स मिला। उसकी पहचान कपिल के तौर पर हुई। उन्हें तुरंत हॉस्पिटल ले जाकर भर्ती कराया गया। जांच के दौरान मौके पर गन के इस्तेमाल का कोई सबूत नहीं मिला। घायल कपिल का कहना है कि कुलदीप भाटी, उसके बेटे हर्ष भाटी और उनके साथियों ने पार्किंग के झगड़े में हमला किया है।

फिर धमक दिखाने में जुटा लॉरेंस

5 करोड़ की रंगदारी नहीं देने पर घर और ऑफिस पर की फायरिंग

■ कृष्णा कुणाल सिंह, नई दिल्ली

तुझे हमारी रिंगटोन लगता है सुनाई नहीं दे रही है। इस बार तो तेरे घर और ऑफिस पर फायरिंग की है। लेकिन अगली बार गोली तेरे सीने पर चलेगी। वेस्ट विनोद नगर में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर जितेन्द्र कुमार उर्फ जीतू के घर पर फायरिंग करने के बाद बदमाशों ने वट्सऐप पर यह धमकी दी। बदमाशों ने कुछ महीने पहले प्रॉपर्टी डीलर से पांच करोड़ की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी नहीं देने पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। उस वक्त पुलिस ने उनके ऑफिस और घर पर सुरक्षा में पुलिस वालों को लगा दिया था। लेकिन सोमवार देर रात करीब 11:54 मिनट पर बाइक सवार बदमाश आए और प्रॉपर्टी डीलर के घर और ऑफिस के बाहर करीब 3 से 4 राउंड फायरिंग कर फरार हो गए।

वट्सऐप पर वॉइस मेसेज भेज अगली बार सीने में गोली मारने की धमकी दी



सीसीटीवी में कैद हुए बदमाश

पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप, जितेंद्र गोगी ग्रुप, हाशिम बाबा ग्रुप और काला राणा ग्रुप के नाम भी लिखे गए हैं। बाइक सवार बदमाश सीसीटीवी में कैद हो गए हैं। बदमाश सोमवार रात करीब 11:54 बजे आए। जितेन्द्र के घर और ऑफिस का विडियो बनाया। फिर घर और ऑफिस के बाहर फायरिंग करते हुए मेन गली से फरार हो गए।

पश्चिम विहार के जाने-माने जिम पर फायरिंग, इलाके में सनसनी

■ नवीन निश्चल, पश्चिम विहार

पश्चिम विहार थाना के हाई प्रोफाइल इलाके में सोमवार रात 11 बजे एक जिम पर सरेआम फायरिंग से सनसनी फैल गई। यह फायरिंग आउटर रिंग रोड के किनारे स्थित आरके फिटनेस जिम पर की गई। बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने जिम के बाहर गोलियां चलाई, जो शीशे पर जाकर लगीं। पुलिस को शुरुआती जांच में यह फायरिंग डराने के मकसद से की गई लग रही है। बताया जा रहा है कि यह जिम सोशल मीडिया पर एक्टिव एक इन्फ्लुएंसर से जुड़ा हुआ है।

पुलिस जांच में सामने आया कि लॉरेंस बिश्नोई के नाम से रणदीप मलिक नाम के शख्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस फायरिंग की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है।

गोली शीशे में लगी, गनीमत रही कि अंदर कोई घायल नहीं हुआ

फायरिंग के वक्त जिम में थे लोग

गार्ड कल्लू राम ने बताया कि वह रात में ड्यूटी पर थे। टॉयलेट गए हुए थे, तभी जिम के लड़कों ने आवाज लगाई कि फायरिंग हुई है। जब वे लोग बाहर पहुंचे तो बदमाश फरार हो चुके थे। इसके बाद जिम ओनर को सूचना दी गई और पुलिस पहुंची। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि बाइक सवार बदमाशों ने दो राउंड फायर किए हैं।



सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं !

'ऑपरेशन गैंग-बस्ट' में 854 संदिग्ध किए अरेस्ट

Vishal.sharma3@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** 48 घंटे, 9000 पुलिसकर्मी, छह राज्य में 4299 ठिकानों पर रेड, 6500 संदिग्धों की पड़ताल, 854 की गिरफ्तारी, जिसमें कुख्यात गैंगस्टरों के 280 शूटर गिरफ्तार। साल के पहले हफ्ते में ही गणतंत्र दिवस के मद्देनजर स्पेशल सेल ने जिला पुलिस और क्राइम ब्रांच के साथ मिलकर 'ऑपरेशन गैंग बस्ट' चलाया।

स्पेशल सेल के एडिशनल सीपी प्रमोद सिंह कुशवाह के मुताबिक गणतंत्र दिवस से पहले पुलिस ने 'गैंग-बस्ट 2026' कोड नेम वाला एक बड़ा एंटी-ऑर्गेनाइज्ड क्राइम ऑपरेशन चलाया। इसका मकसद एक साथ कोऑर्डिनेशन के साथ सभी बूट्स ऑन ग्राउंड और 48 घंटे का इंटेंस ऑपरेशन चलाकर दिल्ली में मौजूद बड़े और छोटे ऑर्गेनाइज्ड क्राइम सिंडिकेट के सभी वॉन्टेड, सस्पेक्टेड या घोषित मेंबरों का पता लगाना था। उन्हें डिटेन करना और उन्हें सजा दिलाना था। इस बड़े ऑपरेशन को बेहद गुप्त रखा गया। इसका मकसद देश विरोधी, टेररिस्ट एलीमेंट के बारे में पता लगाना भी था, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह के आसपास कोई गड़बड़ी न फैला सके।

अफसर ने बताया कि 9 जनवरी की रात 8 बजे से 11 जनवरी की रात 8 बजे तक, जिलों की पुलिस, क्राइम ब्रांच और स्पेशल सेल के 9000 से अधिक पुलिस अधिकारी और जवानों को दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय 'ऑर्गेनाइज क्राइम सिंडिकेट' के मेंबरों के ठिकानों पर एक साथ छापे मारने के लिए इकट्ठा किया गया।

रेड के दौरान दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में ऐसे छोटे बड़े सदस्यों के 4000 से अधिक ठिकानों पर छापे मारे गए। इस एक्शन से नतीजा यह निकला कि 48 घंटों में 690 FIR दर्ज की गईं। इनमें BNS के तहत आर्म्स एक्ट, NDPS एक्ट, दिल्ली आबकारी अधिनियम, जुआ अधिनियम और दूसरी धाराओं के तहत 854 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस ऑपरेशन में संबंधित जोन के स्पेशल सीपी, क्राइम और स्पेशल सेल, संबंधित जोन के जॉइंट सीपी/एडिशनल सीपी, क्राइम और स्पेशल सेल के जिला DCP शामिल थे। दिल्ली पुलिस लगातार 'ऑर्गेनाइज्ड क्राइम सिंडिकेट्स' के खिलाफ सख्ती से ट्रेस करके, प्रॉपर्टी जब्ती, MCOCA लगाकर, गैरहाजिरी में ट्रायल चलाकर और विदेश में रहने वाले सदस्यों को डिपोर्ट करके कार्रवाई कर रही है।

गणतंत्र दिवस की सुरक्षा को लेकर 4000 से अधिक ठिकानों पर की रेड

रेड के दौरान रिकवरी: आर्म्स एक्ट 122, 188 चाकू, 129 कारतूस, 116 फोन, कैश 19,96,648, एक बाइक, स्कूटी, NDPS एक्ट के तहत 114.6 किलो गांजा, 15.23 ग्राम कोकीन, 36.64 ग्राम हेरोइन, 2 किलोग्राम चरस, 45 बोतल कफ सिरप, 136 कैप्सूल ट्रामाडोल, 70 अल्प्राजोलम टैबलेट, 30 एटिवन टैबलेट, ब्रुप्रेनोरफाइन 39 टैबलेट, 29 इंजेक्शन, 1 कार, 1 स्कूटी, 364 क्वॉर्टर शराब और अन्य सामान बरामद किए।



कनाडा में फायरिंग

एक्सटॉर्शन के लिए एक घंटे के भीतर दो जगह फायरिंग

लॉरेंस के नाम पर गोलियां बरसाने वाले हाशिम के गुर्गे

Shanker.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** क्राइम सिंडिकेट 'टूटने' के बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गुट ने एक ही दिन में दिल्ली से लेकर कनाडा तक ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर अपनी धमक दिखाने और क्राइम वर्ल्ड में मौजूदगी दिखाने की कोशिश की है। सूत्रों का दावा है कि सोमवार रात आउटर और ईस्ट दिल्ली में फायरिंग करने वाले बाइक सवार शूटर एक ही हैं। ये दोनों नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के गैंगस्टर हाशिम बाबा के गुर्गे हैं, जिन्होंने एक घंटे के अंतराल में लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट के लिए यह गोलीबारी की है।

सूत्रों के मुताबिक, पश्चिम विहार स्थित एक जिम के बाहर सोमवार रात करीब 11:00 बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग की। लॉरेंस सिंडिकेट के विदेश में बैठे रणदीप मलिक के नाम के सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जिम्मेदारी ली गई है। इस पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप, नितेंद्र मान गोगी ग्रुप, हाशिम बाबा ग्रुप और काला राणा ग्रुप लिखा हुआ है। अगर इस पोस्ट को सही माना जाए तो लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट अब पहले से कमजोर हो गया है, जिससे दिल्ली और हरियाणा के कई गैंग जुड़ हो चुके हैं। ये हरियाणा के गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी, अनिल छिप्पी और नरेश सेठी के सिंडिकेट से अलग होने के संकेत हैं।

बहरहाल, पश्चिम विहार स्थित जिम मालिक और इन्फ्लुएंसर रोहित खत्री के कॉल पिक नहीं करने पर फायरिंग कराने का दावा पोस्ट में किया गया है। विदेशी नंबर से कॉल रंगदारी के लिए की जा रही थी। ठीक एक घंटे बाद रात 11:54 बजे वेस्ट विनोद नगर के एक घर-ऑफिस पर भी बाइक सवार बदमाशों ने गोलीबारी की। वेस्ट विनोद नगर के प्रॉपर्टी कारोबारी को सितंबर 2025 में इंटरनैशनल नंबर से कॉल आए थे। लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट से होने का दावा करते हुए पांच करोड़ की रंगदारी मांगी थी। प्रॉपर्टी कारोबारी ने पुलिस में रिपोर्ट करा दी थी। सूत्रों के मुताबिक, दोनों वारदात के शूटर एक ही थे, जिनका ताल्लुक हाशिम बाबा गैंग से है और दोनों बदमाश नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के हैं।

कौन है गैंगस्टर रणदीप मलिक

जींद का यह गैंगस्टर यूएस में है। सितंबर 2024 में ग्रेटर कैलाश-1 में हुए नादिर शाह मर्डर में यह वॉन्टेड है। हाशिम और इसके गुर्गे मर्डर को अंजाम देने पहुंचे थे।

कनाडा में भी ताबड़तोड़ फायरिंग को अंजाम

कनाडा में एक घर और दुकान के बाहर युवक के गोलियां चलाने का विडियो वायरल है। इसकी जिम्मेदारी विदेश में बैठे लॉरेंस के गुर्गे गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों ने ली है।

तो ग्रीन पार्क एक्सटेंशन में भी वही थे शूटर

सोमवार रात तीसरी फायरिंग ग्रीन पार्क एक्सटेंशन स्थित एक घर में फायरिंग की गई। आशंका है कि ये भी वही शूटर हैं, जिन्होंने पश्चिम विहार और वेस्ट विनोद नगर में गोलियां चलाई थीं।

लॉरेंस-गोल्डी की गैंगवॉर की चपेट में आएंगे कई

Shanker.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और विदेश से ऑपरेट कर रहे गोल्डी बराड़ के बीच की गाढ़ी दोस्ती खूनी दुश्मनी में तब्दील होने के दावे अब तक सोशल मीडिया पर चल रहे थे। पहली बार सिंडिकेट से जुड़े एक गुर्गे ने इस पर मुहर लगाई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लोनी से गिरफ्तार हरियाणा के बदमाश विकास उर्फ विक्की ने पूछताछ में खुलासा किया है कि लॉरेंस और गोल्डी वाकई अलग हो चुके हैं। जिनके बीच चल रही खूनी जंग की चपेट में देश-विदेश में बैठे कई गैंगस्टर आएंगे।

डीसीपी (क्राइम) पंकज कुमार के मुताबिक, विकास 2021 में जयपुर जेल में था। वहीं इसकी मुलाकात लॉरेंस से हुई थी और उसके लिए काम करने लगा। विदेश भाग चुके गैंगस्टर हैरी बॉक्सर को इसने 2023 में जयपुर स्थित अपने किराए के फ्लैट में रखा था। लॉरेंस-गोल्डी-गोदारा सिंडिकेट जब एक साथ काम कर रहा था तो बवीहा सिंडिकेट से जुड़े गुड़गांव के गैंगस्टर कौशल चौधरी की 2023 में पुलिस कस्टडी में हत्या की साजिश रची गई। 10 बदमाश गुड़गांव के फ्लैट में जुटे थे। हरियाणा STF को इसकी भनक लग गई थी, जिसने इन बदमाशों को दबोच लिया। लेकिन विकास उर्फ विक्की मौके से भागने में सफल रहा।

पुलिस को चकमा देकर हुआ था फरार

धनकपुरी पुलिस ने 23 जून 2025 की रात कार सवार तीन बदमाशों को हथियार के साथ पकड़ा। गुरमीत और अमित अरेस्ट हो गए, जबकि विकास भाग गया। एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर राकेश कुमार, एसआई अमित बेवाल और कोंद्र मलिक की टीम ने इसे गाजियाबाद के लोनी से दबोच लिया।

ओल्ड पीतमपुरा गांव में लगी आग, दो की जलकर हुई मौत



■ NBT न्यूज, पीतमपुरा

रानी बाग इलाके में सोमवार देर रात 1000 स्क्वायर यार्ड के बड़े हिस्से में बने छोटे-छोटे गोदाम, गौशाला, ई-रिक्शा स्टैंड और दो तीन झुग्गियों में भीषण आग लग गई। हादसे में दो लोगों की जलकर मौत हो गई। बॉडी भगवान महावीर अस्पताल, पीतमपुरा भेजा गया जहां से पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। मृतकों की पहचान बृजेश (28) और सतीश (35) के रूप में हुई है।

फायर कंट्रोल रूम को देर रात 1:25 पर बने ओल्ड पीतमपुरा गांव के खाली प्लॉट में बने गोदाम में भीषण आग लगने की सूचना मिली। पहले 6 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इसके बाद और गाड़ियां भेजी गईं। डिविजनल ऑफिसर एके शर्मा, STO बत्ती लाल मीणा, अशोक, कमलेश मीणा सहित लगभग 50 फायर कर्मियों की टीम ने सुबह करीब 3:25 बजे आग पर काबू पाया। इसके बाद कूलिंग स्टार्ट कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया जिसके दौरान दो लोगों की जली हुई बॉडी मिली। मौके से मिली जानकारी के अनुसार कई झुग्गियां, 6 रिक्शा, 1 बाइक जलने के साथ ही एक मवेशी की भी जलकर मौत हो गई। मामले में आगे की छानबीन रानी बाग थाना की पुलिस टीम कर रही है।

ज्वलनशील पदार्थ रखा होने की वजह से आग तेजी से फैली

आउटर डिस्ट्रिक्ट के DCP सचिन शर्मा ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही रानी बाग थाना के SHO टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आग की चपेट में कुल 5 लोग आए। सभी को बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बृजेश और सतीश को डेड डिक्लेयर कर दिया। घायल दिनेश ने बृजेश और सतीश को बचाने की कोशिश की थी, लेकिन फ्लेम काफी ज्यादा होने के कारण बचा नहीं पाए।



50 फायरकर्मियों ने आग पर पाया काबू, एक मवेशी की भी जलकर हुई मौत

बेटी ने मचाया शोर, तब पिता बचकर निकल गए

लोगों का आरोप

45 मिनट की देरी से पहुंची फायरब्रिगेड की गाड़ियां

सतीश और बृजेश का फाइल फोटो

■ नवीन निश्चल, पीतमपुरा

सतीश और बृजेश दोनों बिहार के नालंदा के रहने वाले थे। दोनों गत्ते का बिजनेस करते थे। इनका एक भाई दिनेश बाहर निकलने में कामयाब हो गया। हादसे का पीड़ित विवेक कुमार ने बताया कि वह भी यहां पर गत्ते का काम काफी अरसे से करते थे। सरकार को टैक्स भी देते थे, लेकिन अब कुछ भी नहीं बचा। सब कुछ जलकर खाक हो गया है।

बुजुर्ग रामू ने बताया कि वह 50 साल से यहां पर रह रहे हैं। फायर ब्रिगेड समय पर नहीं आई। जब आई, तब तक सब जल चुका था। फफक-फफक कर रोते हुए कहा कि जब सब खत्म हो गया तो फिर पानी डालने से क्या फायदा। केवल राख को ठंडा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब बेटी ने फोन करके जानकारी दे दी थी, तो उन्हें तुरंत आकर पहले आग बुझाना चाहिए था। फिर सवाल-जवाब करते, लेकिन वह फोन पर ही पूरी डिटेल लेने लगे। रामू की बेटी ने कहा कि वह रात में पढ़ाई कर रही थी, क्योंकि कॉलेज का असाइनमेंट आया हुआ था। रात 1:25 पर उसने कॉल किया, लेकिन गाड़ी 45 मिनट देरी से रात 2:05 बजे आई। तब तक वहां पर सब कुछ आग की चपेट में आ चुका था। पहले जैसे ही उसने देखा कि आग लग गई है तो पापा को उठाया, जो गाय वगैरह वहां पर बंधी हुई थी सबको निकाला गया। लेकिन बल्ली गिरने से एक गाय का बछड़ा चपेट में आ गया और उसकी भी मौत हो गई।

कुछ बच निकले

जिस जगह हादसा हुआ, उसके चारों तरफ मकान हैं। बीच में 1000 स्क्वायर यार्ड में खाली प्लॉट है, जिस पर दो तरफ गोदाम बना हुआ था, बीच में छोटा सा गौशाला था। गोदाम में गत्ते का काम करने वाले वहीं साथ में सोते थे। दाएं वाले गोदाम में जो लोग सोते थे, वह फंस गए जबकि दूसरे गोदाम वाले निकलकर भागने में कामयाब हो गए।

नरेला की फैक्ट्री में आग, लाखों का सामान खाक

■ NBT न्यूज, नरेला

नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में मंगलवार सुबह प्लास्टिक दाना बनाने वाली एक फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें फैक्ट्री से बाहर निकलने लगीं। फायर कंट्रोल रूम को सुबह 7:15 बजे आग की सूचना मिली। इसके बाद मौके पर 5 गाड़ियां भेजी गईं। उसके बाद 10 और गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

दमकल की 15 गाड़ियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

कंट्रोल रूम ने डिविजनल ऑफिसर ए.के. जायसवाल, असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर अमन और पारस के साथ 75 से ज्यादा फायर कर्मियों को मौके पर भेजा था। टीम ने आग पर लगभग सवा 3 घंटे के बाद 10:50 बजे काबू पाया। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई घायल या हताहत नहीं हुआ। लेकिन लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। आग बेसमेंट, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर पर लगी थी।



हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ

कार चोरी की, लौटाने के लिए मांग रहे पैसे

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कृष्णा नगर इलाके से बदमाश एक कार चोरी करके फरार हो गए। उसके बाद गाड़ी वापस लौटाने के नाम पर 20 हजार रुपये की डिमांड कर दी। गीता कॉलोनी पुलिस मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों का पता कर रही है।

बदमाश चोरी की कार में आए थे, पीड़ित ने CCTV चेक कर निकाली जानकारी

पुलिस अधिकारी के मुताबिक, पीड़ित पंकज जैन अपने परिवार के साथ कृष्णा नगर राजगढ़ कॉलोनी में रहते हैं। रविवार की रात उन्होंने अपनी कार घर के सामने ही पार्क की थी। सोमवार सुबह कार चोरी का पता चला। उन्होंने पुलिस को सूचना दी और ई-एफआईआर दर्ज करा दी। पीड़ित का आरोप है कि सूचना के बावजूद पुलिस मौके पर नहीं आई। दूसरी तरफ उनके पास कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि उनकी कार हरियाणा में है। गाड़ी लौटाने और उसकी लोकेशन बताने के नाम पर एडवांस में 20 हजार रुपये की डिमांड की।

ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने 2025 में लिया ऐक्शन

7 महीने में 31 मेडिकल स्टोर बंद, 15 दवाओं के सैंपल हो गए फेल

Abhishek Gautam1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** राजधानी में नकली, घटिया और नशीली दवाओं के खिलाफ सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए निगरानी तेज कर दी है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के तहत ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट ने 2025 में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए दवा कारोबार में गड़बड़ियों का पर्दाफाश किया है। सरकारी रिपोर्ट के मुताबिक, 1 अप्रैल 2025 से 31 अक्टूबर 2025 के बीच नियमों का उल्लंघन करने पर 31 मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस रद्द किए गए। इसके अलावा लगभग 15 दवाओं के सैंपल फेल पाए गए हैं।

ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट ने पिछले साल यानी 2025 में किए गए कार्यों की रिपोर्ट कर दी है। सूत्रों का कहना है कि यह रिपोर्ट सरकार को भेजी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, 1 अप्रैल से 31 अक्टूबर 2025 तक टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान 2405 थोक और खुदरा दवा फर्मों की जांच की गई, जिनमें से 596 मामलों में नियमों का उल्लंघन सामने आया। इन पर लाइसेंस निलंबन और रद्द करने जैसी कड़ी कार्रवाई की गई। इसके अलावा 196 फर्मों के खिलाफ विशेष रूप से लाइसेंस सस्पेंड या कैंसल किए गए। इसके अलावा डॉक्टर की पर्ची पर बिकने वाली शेड्यूल H और H1 श्रेणी की दवाओं, खासकर नशीली और ड्यूल-यूज दवाओं की बिक्री पर विशेष अभियान चलाए गए।

2405 फर्मों की छापेमारी, 596 में मिली गड़बड़ी, 194 फर्म के लाइसेंस हुए रद्द

397 सैंपल, 15 दवाएं निकली घटिया

बीते 7 महीने में विभाग ने बाजार से 397 सैंपल उठाए। जांच में 15 दवाएं 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वॉलिटी (NSQ)' पाई गई। विभाग ने 6 मामलों में एफआईआर भी की है। सूत्रों का कहना है कि राजधानी में कैंसर की नकली दवाओं के काले कारोबार को एक्सपोज करने के लिए ड्रग कंट्रोल डिपार्टमेंट और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के साथ मिलकर कार्रवाई कर रहा है।

आपको मुसीबत में डाल सकता है USSD बेस्ड 'कॉल फॉरवर्डिंग स्कैम', सावधान रहें

Vishal.Sharma3@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** कॉलिंग स्कैम के बाद अब कॉल फॉरवर्डिंग स्कैम एक नया खतरा बनकर सामने आया है। इसे लेकर भारत सरकार ने आम लोगों के लिए अडवाइजरी जारी की है। इसमें विदेशी नंबरों से आने वाली कॉल्स और USSD बेस्ड कॉल फॉरवर्डिंग स्कैम से सावधान रहने को कहा गया है। इसमें मोबाइल का कंट्रोल स्कैमर के पास चला जाता है और बैंक अकाउंट खतरे में पड़ सकते हैं।

ठग खुद को कूरियर एजेंट या डिलीवरी बॉय बताकर फंसाते हैं

यह अडवाइजरी गृह मंत्रालय की नैशनल साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट यानी NCTAU की ओर से जारी की गई है। इसमें बताया गया है कि ठग खुद को कूरियर एजेंट या डिलीवरी बॉय बताकर यूजर्स को USSD कोड डायल करने के लिए कहते हैं। जैसे ही यूजर कोड डायल करता है, कॉल फॉरवर्डिंग चालू हो जाती है। इसके बाद बैंक से आने वाली कॉल, ओटीपी और ऐप वेरिफिकेशन सीधे अपराधियों के पास पहुंच जाते हैं। इससे अकाउंट हैक हो जाता है।

विदेशी नंबरों से आने वाली कॉल्स से बचने की सलाह



क्या होता है USSD कोड?

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, USSD यानी Unstructured Supplementary Service Data ऐसे खास कोड होते हैं, जिन्हें मोबाइल पर डायल किया जाता है और इनके जरिए बिना इंटरनेट के बैलेंस चेक, रिचार्ज और मनी ट्रांसफर जैसी सर्विस का यूज किया जा सकता है। ये कोड स्टार (*) और हैश (#) से शुरू और खत्म होते हैं और सिंपल और स्मार्टफोन दोनों में काम करते हैं।

ऐसे करें बचाव

पुलिस ने साफ कहा है कि 21, 67, 67 या किसी भी अनजान शख्स द्वारा बताए गए ऐसे USSD कोड को कभी डायल न करें। अगर कॉल फॉरवर्डिंग चालू होने का शक हो तो तुरंत ##002# डायल कर उसे बंद करें। SMS, वट्सऐप या ईमेल से आए किसी भी संदिग्ध कूरियर या डिलीवरी लिंक पर क्लिक न करें।

ये टिप्स रखें याद

- अंजान शख्स के कहने पर कोड डायल न करें
- भेजे गए टेक्स्ट मेसेज का जवाब न दें, अपनी पर्सनल डिटेल न दें
- ओटीपी या अन्य कोड भी न दें
- जानकारी शेयर करने से पहले वेरिफाई करें, फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करें

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMM4 User: anand.soni Time: 01-13-2026 23:19 Color:

महानगर में आज



स्मरण विमर्श
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'पलिम्सेस्ट : रीकलेक्टिंग द सेल्फ', त्रिवेणी गैलरी, मंडी हाउस, सुबह 11 से रात 8 बजे तक। आर्टिस्ट साहिल जुनेजा की सोलो आर्ट एग्जिबिशन 17 जनवरी तक दर्शकों के बीच होगी।

शिल्पनाटनम
त्रिवेणी कला संगम में डांस प्रोग्राम 'शिल्पनाटनम', त्रिवेणी ऑडिटोरियम, मंडी हाउस, शाम 7 बजे से। नृत्यांगना माया कुलकर्णी के साथ कौस्तवी सरकार, सोनाली स्कंदन, ऐश्वर्या माधव और दीपा महादेवन मिलकर यह प्रस्तुति देंगी।

लय का जश्न
कमानी ऑडिटोरियम में 'फेस्टिवल ऑफ न्यू कोरियोग्राफीज', मंडी हाउस, शाम 6:30 बजे से। नृत्यांगना डॉ. सोनल मानसिंह की परिकल्पना - इस फेस्टिवल में आज 'नादस्वरूपम देवि नमामि', और 'गिरिजा कल्याण' प्रस्तुति मंच पर होंगी।

अव्यक्त
त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'अव्यक्त', श्रीधरनी गैलरी, मंडी हाउस, सुबह 11 से शाम 7 बजे तक। कलाकार सतीश शर्मा की इस स्कल्पचर और पेंटिंग एग्जिबिशन का आर्ट कला के कद्रदान आनंद ले सकते हैं।

दस्तकारी हाट
दिल्ली हाट में 40वां दस्तकारी हाट क्राफ्ट बाजार, INA, सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक। देश के हैंडिक्राफ्ट और हैंडलूम की खूबसूरती और बारीकियां लिए इस बाजार में कई राज्यों से निकला हुनर नजर आएगा।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader @timesofindia.com पर

आज खुलेंगे 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 319 होगी संख्या

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

7 लाख के करीब पहुंची हेल्थ कार्ड की संख्या

प्राइमरी हेल्थ केयर को बेहतर बनाने की दिशा में बुधवार को 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर की शुरुआत की जाएगी। दिल्ली की सत्ता में आने के बाद बीजेपी सरकार की इस नई पहल के तहत अब तक 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर में इलाज जारी है, बुधवार को 81 नए सेंटरों के शुरू होने से इसकी संख्या बढ़कर 319 तक पहुंच जाएगी। हालांकि, दिल्ली में 1100 ऐसे क्लिनिक खोलने की योजना है।

दिल्ली सरकार की इस पहल में हर आयुष्मान आरोग्य मंदिर में डॉक्टर्स, कंसल्टेशन, जरूरी दवाएं और डायग्नोस्टिक टेस्ट के साथ-साथ डायबिटीज, हाइपरटेंशन, कैंसर की स्क्रीनिंग, मां और बच्चे की हेल्थकेयर, मुफ्त टीकाकरण, ग्रोथ मॉनिटरिंग, लाइफस्टाइल काउंसलिंग, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं और योग और पोषण मार्गदर्शन जैसी कई स्वास्थ्य सुविधाएं दी रही हैं दिल्ली सरकार को उम्मीद है कि इस पहल के बाद सरकार के बड़े अस्पतालों पर दबाव कम होगा।

वहीं, दूसरी ओर इमरजेंसी और बड़ी बीमारियों के इलाज को लेकर दिल्ली में शुरू की गई आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) और बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत-वय वंदना योजना (AB-VVY) को भी तेजी से बढ़ाया जा रहा है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि मंगलवार 13 जनवरी (2026) तक दिल्ली में कुल 6,91,530 हेल्थ कार्ड (PM-JAY + VVY मिलाकर) जारी किए गए हैं, जिसमें से 2 लाख 65 हजार 895 वय वंदना योजना के तहत बुजुर्गों के कार्ड बनाए गए हैं। इसके तहत दिल्ली के नागरिकों को सेकेंडरी और टर्शियरी केयर तक का इलाज कैशलेस मिलेगा, वो पैनल में शामिल दिल्ली के 189 अस्पतालों में से कहीं पर भी अपना इलाज करा सकते हैं। दिल्ली सरकार के अनुसार स्टेट हेल्थ एजेंसी (SHA) की देखरेख में आयुष्मान भारत योजना ने अब तक 36,31,07,621 के क्लेम सेटल किए हैं। इस बारे में दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्ली के प्रत्येक नागरिकों तक प्राइमरी हेल्थ केयर पहुंचाने के तरीके को तेजी से बदलने का काम कर रहा है। ये सेंटर यह सुनिश्चित करते हैं कि इलाज, दवाएं और मेडिकल टेस्ट पूरी तरह से मुफ्त और लोगों की पहुंच के आसपास मिलें।

> आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्ली के प्रत्येक नागरिकों तक प्राइमरी हेल्थ केयर पहुंचाने के तरीके को तेजी से बदलने का काम कर रहा है। -पंकज कुमार सिंह, स्वास्थ्य मंत्री

नांगलोई-नजफगढ़ रोड पर अब खत्म होगा जाम और जलभराव

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

LG और CM ने किया शिलान्यास

पश्चिमी दिल्ली के नांगलोई-नजफगढ़ क्षेत्र के निवासियों के लिए मंगलवार का दिन बड़ी सौगात लेकर आया। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और सीएम रेखा गुप्ता ने 64.04 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली नांगलोई-नजफगढ़ रोड एवं आधुनिक ड्रेनेज परियोजना का शिलान्यास किया। इसके पूरा होने से जलभराव, टूटी सड़कों, नालों के ओवरफ्लो और ट्रैफिक जाम की समस्या से लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में इस दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर एलजी वीके सक्सेना ने कहा कि नांगलोई और नजफगढ़ के लोगों की दशकों पुरानी मांग आज पूरी हो रही है। सितंबर 2024 में क्षेत्र का दौरा करने के दौरान सड़कों की बदहाल स्थिति, सीवर ओवरफ्लो और गंदगी की समस्या सामने आई थी। पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण यह काम वर्षों तक लटका रहा, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसे प्राथमिकता दी है। सीएम रेखा गुप्ता ने परियोजना को ग्रेटर दिल्ली के लिए ऐतिहासिक सौगात बताते हुए कहा कि जो काम 11 वर्षों में नहीं हो सका, वह उनकी सरकार ने 11 महीनों में शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार शहर की जल निकासी व्यवस्था को आधुनिक और स्थायी बनाने के लिए बड़े स्तर पर ट्रंक ड्रेन परियोजनाओं पर काम कर रही है।

पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि नांगलोई-नजफगढ़ रोड अत्यधिक ट्रैफिक वाली सड़क है। सड़क के पुनर्निर्माण के साथ पांच वर्षों की गुणवत्ता गारंटी तय की गई है और किसी भी कमी की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में इस मार्ग पर मेट्रो सुविधा भी विकसित की जाएगी।

64 करोड़ की लागत से बनेगी रोड और ड्रेनेज सिस्टम, हुआ शिलान्यास

आज और कल, दोनों दिन मान्य होगी मकर संक्रांति

Jatin Kumar

मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मकर संक्रांति की तिथि को लेकर इस बार असमंजस बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच 14 जनवरी को एकादशी पड़ने की वजह से खिचड़ी दान को लेकर भी लोग असमंजस में पड़ गए हैं। लोगों के अनुसार एकादशी के दिन चावल का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। ऐसे में खिचड़ी दान किस तरह होगा। दरअसल इस बार मकर संक्रांति की तिथियों को लेकर पंचांगों में भेद है। काशी और मिथिला पंचांग के अपने-अपने मत हैं। इसलिए 14 और 15 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जा रहा है। मिथिला पंचांग में 14 जनवरी को रात्रि 9.04 बजे संक्रांति हो रही है। वहीं काशी पंचांग में 14 जनवरी को दोपहर 3.13 बजे सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे।

एकादशी पड़ने से खिचड़ी के दान को लेकर है असमंजस

मकर संक्रांति पर खिचड़ी दान करने की परंपरा है। लेकिन इसी दिन एकादशी पड़ने से लोगों में भ्रम है। एकादशी के दिन चावल किसी भी रूप में खाना वर्जित होता है। यही वजह है कि लोग असमंजस में हैं। सवाल यह उठ रहा है कि मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी का दान और सेवन कैसे करें? आचार्य बृज किशोर शर्मा ने बताया कि इस बार मकर संक्रांति 14 और 15 दोनों दिन मान्य होगी। जो लोग दान-पुण्य करते हैं, उनके लिए पुण्यकाल 15 जनवरी को माना जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार सूर्य जब दोपहर के बाद राशि परिवर्तन करता है, तो उस पर्व का धार्मिक महत्व अगले दिन माना जाता है। इसी कारण इस बार मकर संक्रांति से जुड़ा स्नान, दान और पुण्य कर्म 15 जनवरी को करना अधिक शुभ होगा।

EWS के तहत अस्पतालों में इलाज की आय सीमा बढ़ी

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने सरकार के इस बयान को रिकॉर्ड पर दर्ज कर लिया है और रियायती जमीन पर बने अस्पतालों में EWS कैटेगरी के तहत मुफ्त इलाज का लाभ लेने वालों की सालाना आय सीमा बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गई है। पहले यह सीमा 2.20 लाख रुपये थी। जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस मनमीत पी एस अरोड़ा की बेंच ने कहा कि यह सुविधा दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों और रियायती दर पर आवंटित जमीन पर बने प्राइवेट अस्पतालों में लागू होगी। अदालत ने यह टिप्पणी 8 जनवरी को तब की, जब दिल्ली सरकार ने बताया कि सक्षम प्राधिकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की आय सीमा बढ़ाने को मंजूरी दे दी है।

पहले यह सीमा 2.20 लाख रुपये थी

कोर्ट ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आय सीमा बढ़ाए जाने की जानकारी का व्यापक प्रचार किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस सुविधा के बारे में जान सकें। अदालत ने साफ कहा कि जानकारी के कमी में कोई भी पात्र शख्स मुफ्त इलाज से वंचित नहीं रहना चाहिए। यह मामला दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में कथित तौर पर गंभीर देखभाल की कमी को लेकर साल 2017 में हाई कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किया गया था।

कार्बन क्रेडिट मोनेटाइजेशन को लागू करने की दिल्ली सरकार ने दी मंजूरी

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सीएम रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक

दिल्ली सरकार अब कार्बन क्रेडिट के जरिए इनकम बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में कार्बन क्रेडिट मोनेटाइजेशन को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के तहत दिल्ली में पहले से चल रही पर्यावरणीय योजनाओं को कार्बन क्रेडिट से जोड़कर प्रदूषण नियंत्रण और जलवायु संरक्षण के लिए अतिरिक्त फाइनेंस संसाधन जोड़ना है। कैबिनेट फैसले पर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 'कार्बन क्रेडिट मोनेटाइजेशन फ्रेमवर्क' के लागू होने से सरकार को अतिरिक्त राजस्व स्रोत प्राप्त होंगे, जिससे विकास कार्यों को और गति मिलेगी। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे होने वाली इनकम जनहितकारी योजनाओं लगाए जाएंगी।

कार्बन क्रेडिट मोनेटाइजेशन की यह व्यवस्था पर्यावरण, वन और वन्यजीव विभाग के माध्यम से लागू की जाएगी। योजना के अनुसार, जो भी परियोजना एक मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड या उसके बराबर उत्सर्जन में कमी लाएगी, उसके बदले एक कार्बन क्रेडिट तैयार किया जाएगा। इन क्रेडिट्स को देश और विदेश के तय मानकों के हिसाब से बेचा जा सकेगा। इससे सरकार को अतिरिक्त आय होगी। वर्तमान में डीएमआरसी कार्बन क्रेडिट पर काम करती है। कैबिनेट के इस फैसले पर पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि इलेक्ट्रिक वीकल पॉलिसी, शहरी वन, यमुना सफाई, सौर ऊर्जा, वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट और कचरा प्रबंधन जैसी योजनाएं अब केवल पर्यावरण सुधार तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि इनसे कार्बन क्रेडिट को जोड़कर अतिरिक्त आय भी अर्जित की जा सकेगी। उन्होंने कहा, यह दिल्ली के पर्यावरण के लिए एक बड़ा बदलाव वाला कदम है।

'AAP के 'पापों' को छिपाना चाहती BJP'

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली विधानसभा के हाल ही में खत्म हुए शीतकालीन सत्र के दौरान कैग (CAG) रिपोर्ट पेश न किए जाने पर प्रदेश कांग्रेस ने कड़ा ऐतराज जताया है। प्रदेश कांग्रेस का आरोप है कि सत्र शुरू होने से पहले बीजेपी सरकार की ओर से बार-बार यह दावा किया गया था कि कैग रिपोर्ट सदन के पटल पर रखी जाएगी और उस पर विस्तृत चर्चा होगी, लेकिन हकीकत इसके उलट रही। न तो रिपोर्ट पेश की गई और न ही उस पर कोई चर्चा हुई।

प्रदेश कांग्रेस के कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने कहा कि भ्रष्टाचार से जुड़ी कैग रिपोर्ट्स पर चर्चा न करना यह साफ करता है कि बीजेपी, आम आदमी पार्टी के पिछले 'पापों' को छिपाना चाहती है। उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र में जनता के मुद्दों पर बात करने के बजाय केवल हंगामा हुआ, जिससे जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे की बर्बादी हुई। भारद्वाज ने आगे कहा कि बीजेपी और 'आप' के बीच चल रही यह 'नूरा कुश्ती' अब दिल्ली की जनता समझ चुकी है।

AAP नेता के परिवार से मिले वरिष्ठ नेता

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: शालीमार बाग में आम आदमी पार्टी की जिस नेता की हत्या कर दी गई, उनके परिवार से मिलने मंगलवार को पार्टी के नेता उनके घर पहुंचे। AAP के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज, विधायक संजीव झा समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने रचना यादव की शोक सभा में पहुंचकर परिवार से मुलाकात कर दुख साझा किया। सौरभ ने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता के घर से महज 400 मीटर दूरी पर रचना यादव की हत्या हुई, लेकिन वह अभी तक पीड़ित परिवार से मिलने नहीं आईं। इस घटना से परिवार इतना डर गया कि घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पाया और पुलिस भी डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad logon to ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2023

► *Placement on specified obit pages only ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

Publications	Total Outlay
The Times of India Delhi/NCR	5,600
TOI+NBT (Delhi/NCR)	8,800
TOI+ET (Delhi/NCR)	6,600

Maximum 10 lines

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

केजरीवाल के कहने पर गायब हो गई हैं आतिशी: कपिल मिश्रा

Brijesh.singh@timesofindia.com



नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा में 6 जनवरी को गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के 350 वर्ष पूरे होने पर चल रही चर्चा के दौरान कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर सियासी घमासान तेज है। दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा ने आम आदमी पार्टी (AAP) की नेता और नेता प्रतिपक्ष आतिशी के बयान को "बेअदबी" करार दिया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने उस अपराध को दबाने के लिए आतिशी को गायब रहने के लिए बोल दिया है और पंजाब पुलिस से झूठा मुकदमा दर्ज कराके डराने की कोशिश कर रहे हैं।

कपिल मिश्रा ने विवादित टिप्पणी को लेकर मांगा जवाब

दिल्ली सचिवालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में मिश्रा ने लापता आतिशी का एक पोस्टर भी जारी किया। उन्होंने कहा कि अगर आतिशी ने कुछ नहीं किया है तो वह सामने आकर मीडिया को जवाब दें। विधानसभा की प्रिविलेज कमिटी के सामने आकर अपनी स्थिति स्पष्ट करें। झूठे मुकदमे करके हमें डराने की कोशिश न करें। खुद विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें सदन में आकर स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा लेकिन वह सामने नहीं आ रही हैं। इससे साफ है कि उन्होंने अपराध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा में गुरुओं के शहादत दिवस पर चर्चा के दौरान असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल किया गया, जो न केवल सदन की मर्यादा के खिलाफ है बल्कि सिख समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला भी है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद से आतिशी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई हैं और यह साबित करता है कि टिप्पणी जानबूझकर की गई। अब इस पूरे मामले को दबाने के लिए अरविंद केजरीवाल के इशारे पर पंजाब सरकार के संसाधनों और पुलिस का दुरुपयोग किया जा रहा है।

कपिल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से अपील करते हुए कहा कि वे इस "पाप" के भागीदार न बनें और पंजाब पुलिस को राजनीतिक दबाव से दूर रखें। पंजाब पुलिस को राज्य की कानून-व्यवस्था और बढ़ते अपराधों पर ध्यान देना चाहिए, न कि दिल्ली के राजनीतिक मामलों में लगाया जाना चाहिए। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने विडियो का उल्लेख करते हुए 48 घंटे का समय दिया है और विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के समक्ष जवाब देना अनिवार्य है। कपिल ने मांग की है कि आतिशी को सदन में बुलाकर माफी मांगने के लिए कहा जाना चाहिए और उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। यहां तक कि सदस्यता समाप्त करने पर भी विचार होना चाहिए। दिल्ली सरकार के छह मंत्री लिखित में आतिशी की सदस्यता खत्म करने की मांग कर चुके हैं। यही नहीं, उनके खुद आप के विधायक भी इस गलती को मानते हैं, इसलिए, जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन में सिर्फ एक विधायक शामिल हुआ।

पंजाब पुलिस से तीन दिन में मांगी रिपोर्ट

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा सत्र के दौरान आम आदमी पार्टी की विधायक और नेता प्रतिपक्ष आतिशी के कथित बयान पर घमासान जारी है। इस मामले में पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज FIR का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब इस मामले में दिल्ली विधानसभा सचिवालय की तरफ से पंजाब पुलिस को पत्र के जरिए अपना पक्ष रखने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है, जबकि पंजाब पुलिस ने 10 दिनों का समय मांगा था। इस मामले को लेकर दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि पंजाब पुलिस को तीन दिन, यानी 15 जनवरी तक रिपोर्ट सौंपने का समय दिया गया है।

इस मामले को लेकर विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने बताया कि विधानसभा सचिवालय द्वारा पंजाब के DGP, स्पेशल DGP (साइबर सेल) और जालंधर के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस ने यह दावा किया कि FIR दर्ज करना और फरेंसिक जांच कुछ ही घंटों में कर दी गई, किंतु विधानसभा के नोटिस का जवाब देने के लिए दस दिन का समय मांगा गया है।

फरेंसिक जांच बताए कि 'गुरु' शब्द बोला है कि नहीं: AAP

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सौरभ ने आतिशी की विवादित विडियो की फरेंसिक जांच में फर्जीवाड़ा होने की पूरी संभावना जताई

आम आदमी पार्टी ने नेता प्रतिपक्ष आतिशी की विवादित विडियो की फरेंसिक जांच में फर्जीवाड़ा होने की पूरी संभावना जताई है। 'आप' दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने मांग की है कि फरेंसिक जांच से साफ करें कि क्या आतिशी ने विडियो में 'गुरु' शब्द बोला है, क्योंकि हमें पता है कि बीजेपी फरेंसिक जांच के नाम पर सिर्फ ये बताएगी कि विडियो में आवाज आतिशी की है, लेकिन वह यह नहीं बताएगी कि उन्होंने क्या बोला है? उन्होंने कहा कि हैरानी की बात है कि स्पीकर कह रहे हैं कि पंजाब पुलिस के पास विडियो कहां से आई, जबकि उनके ही मंत्री कपिल मिश्रा विडियो चला रहे हैं।

मंगलवार को 'आप' मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि देशभर के फैक्ट चेकर्स से भी अपील है कि वे बताएं कि जिस विडियो को कपिल मिश्रा ने ट्वीट किया है, उसमें आतिशी क्या बोल रही हैं? हमने उस वीडियो को 100 बार सुना है, लेकिन उसमें गुरु शब्द का इस्तेमाल ही नहीं है। देश की राजधानी में आंखों के सामने इतना बड़ा फर्जीवाड़ा हो रहा है और कोई बोल नहीं पा रहा है।

इसके अलावा, भारद्वाज ने आतिशी के खिलाफ पोस्टर दिखाने पर ऐतराज जताते हुए कहा कि पिछले सप्ताह सीएम महिला सम्मान की आड़ ले रही थीं, लेकिन अब उनकी पार्टी के लोग आतिशी का मजाक उड़ा रहे हैं। ऐसे में सीएम बताएं कि अगर महिला होने के नाते उन्हें सम्मान मिलना चाहिए तो क्या आतिशी को नहीं मिलना चाहिए? सौरभ भारद्वाज ने यह भी कहा है कि मंत्री कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा की कोई विश्वसनीयता नहीं है।

DU में ड्रग-फ्री कैंपस कैंपेन लॉन्च

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली यूनिवर्सिटी ने ड्रग-फ्री कैंपस कैंपेन लॉन्च किया है। मंगलवार को उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, जो कि डीयू के चांसलर भी हैं, ने कहा कि यह कैंपेन केवल हमारे परिसर को ही ड्रग फ्री नहीं रखेगा, बल्कि जागरूकता कार्यक्रम देश के हर नागरिक को भी प्रेरित करेगा।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने किया लॉन्च

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि और दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद सम्मानीय अतिथि थे। डीयू के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित मल्टीपर्पज हॉल में रखे गए इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने बटन दबाकर ड्रग-फ्री कैंपस पोर्टल और मोबाइल ऐप को भी लॉन्च किया गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि ड्रग की आदत बिल्कुल भी कूल नहीं है। अगर कोई स्टूडेंट पहले से स्ट्रगल कर रहा है तो वह जान ले कि मदद मांगना कमजोरी नहीं, समझदारी है। आशीष सूद ने कहा कि हमारे कैम्पस केवल डिग्री बांटने का केंद्र नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का आधार हैं। वीसी प्रो. योगेश सिंह ने बताया कि 'नशा मुक्त भारत अभियान' के साथ मिलकर 'ड्रग फ्री कैम्पस अभियान' लॉन्च किया गया है।

'सत्संग से काम हो जाते हैं सिद्ध'

धर्म कर्म

NBT न्यूज, नई दिल्ली: सिद्धपीठ कालकाजी मंदिर में सत्संग के समय महंत सुरेंद्रनाथ ने कहा कि जीवन में सत्संग का मिलना सबसे कठिन है। जिसे सत्संग मिल गया, समझो उसे सब कुछ मिल गया। सत्संग से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पुरुषार्थ सिद्ध हो जाते हैं, तृष्णा भी मिट जाती है।

पाठ अनुष्ठानः सिद्ध शक्तिपीठ बालाजी धाम मंदिर, त्रिनगर में मंगलवार को पाठ अनुष्ठान के मौके पर महंत प्रमोद महाराज ने कहा कि सबको साथ लेकर चलो, किसी को भी मत ठुकराओ, सबको साथ लेकर चलोगे तो तुम्हारी शक्ति बढ़ती चली जाएगी। वहीं नीलकंठ मंदिर ईस्ट पटेल नगर में सत्संग के समय आचार्य नारायण दत्त शास्त्री ने कहा कि अपनी संस्कृति, संस्कार और सभ्यता को सदैव ध्यान में रखो, ये महान हैं, इनकी वजह से महान आत्माओं का जन्म होता है। श्री दुर्गा मंदिर, 'डी' ब्लॉक, [illegible] में सत्संग के अवसर पर पंडित रामकांत झा ने कहा कि ज्ञान के साथ जब कर्म मिल जाता है तो भक्ति में रस पैदा हो जाता है।

यमुना के फ्लो को मॉनिटर करने के लिए बनेंगे स्टेशन

Sudama.Yadav@timesofindia.com

AI Image

गर्मी में पानी की कमी को रोकने के लिए हो रही है कवायद

नई दिल्ली: गर्मी के दिनों में यमुना के 22 किमी लंबे स्ट्रेच में पानी के फ्लो पर निगरानी रखने के लिए हथिनी कुंड बैराज के पास और दिल्ली में यमुना का जहां अंतिम छोर है, वहां मॉनिटरिंग स्टेशन बनाया जाएगा। यमुना का फ्लो बनाए रखने के लिए गर्मियों में हथिनी कुंड बैराज से रोजाना 2500 क्यूसेक पानी छोड़ा जाए। लेकिन इस दौरान बैराज से मुश्किल से 352 से 400 क्यूसेक तक ही पानी छोड़ा जाता है।

जल बोर्ड अफसरों के अनुसार गर्मियों में यमुना नदी के प्रवाह को बनाए रखने के लिए रोजाना 2500 क्यूसेक पानी हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से छोड़ा जाना चाहिए। पिछले कुछ सालों से सिर्फ 352 से 400 क्यूसेक ही पानी छोड़ा जाता है। जिससे वजीराबाद बैराज से लेकर ओखला बैराज तक नदी का प्रवाह कम हो जाता है। जल बोर्ड के रिपोर्ट के मुताबिक 12 महीनों में से 9 महीने यमुना नदी में जल प्रवाह काफी कम होता है, जो नदी के अस्तित्व और एनवायरमेंटल प्रवाह के लिहाज से ठीक नहीं है। साथ ही दिल्ली में जल संकट की समस्या भी पैदा हो सकती है। दोनों जगहों पर यमुना के वाटर फ्लो मॉनिटरिंग मशीन लगाने पर सरकार 1.56 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसमें एचओ इक्विपमेंट पर 36,48,500 रुपये, बोट से निगरानी पर 9,05,00 रुपये और मैनपावर पर 18,12,000 रुपये खर्च किए जाएंगे। दिल्ली के नालों के ट्रीटेड वॉटर और जिन नालों से यमुना में डायरेक्ट पानी जाता है, उनके मॉनेटरिंग के लिए भी दिल्ली सरकार 32 ऑनलाइन मॉनिटरिंग स्टेशन लगाने की योजना बनाई है। ताकि यमुना और नालों में प्रदूषण की स्थिति की रियल टाइम मॉनिटरिंग हो सके। यह ऑनलाइन मॉनिटरिंग स्टेशन हर समय अपना डेटा डीपीसीसी के सर्वर को भेजेगा।

क्यों जरूरी है यमुना के फ्लो की निगरानी?

गर्मियों में अक्सर हरियाणा से कम पानी छोड़ने की वजह से यमुना में बहाव बहुत कम हो जाता है। इसे देखते हुए यमुना के फ्लो की निगरानी के लिए दो मॉनिटरिंग स्टेशन बनाने की योजना बनाई गई है, ताकि हरियाणा से कितना पानी छोड़ा गया और दिल्ली कितना पहुंचा, इस पर लगातार नजर रखी जा सके।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

आरोग्य मंदिर का उद्घाटन कर गए AAP नेता

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुंदर नगरी वॉर्ड में दिल्ली सरकार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर तैयार किया है। मंगलवार को AAP के विधायक वीर सिंह धींगान और इलाके की निगम पार्षद मोहिनी जीनवाल ने इसका उद्घाटन कर दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार पुरानी डिस्पेंसरियों पर रंग रोगन करके उसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर में तब्दील करके जनता की आंखों में धूल झोंक रही है। मोहिनी जीनवाल ने कहा कि दिल्ली में जब AAP की सरकार थी, तब उनके वॉर्ड में यह डिस्पेंसरी बनी थी। सरकार ने इस पर रंग रोगन करके इसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर बना दिया। यह लाखों करोड़ों रुपये का घोटाला है। दिल्ली सरकार हमारे कामों को अपना काम बताकर लोगों की आंखों में धूल झोंक रही है। उन्होंने बताया कि जब उन्हें पता चला कि दिल्ली सरकार के हेल्थ मिनिस्टर इस आरोग्य मंदिर का उद्घाटन करने के लिए आने वाले हैं तो उन्होंने अपनी पार्टी के विधायक से बात की और इसके बाद उन्होंने मिलकर आरोग्य मंदिर का उद्घाटन कर दिया।

सुंदर नगरी वॉर्ड में मंत्री करने वाले थे उद्घाटन

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 14-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: cci Time: 01-13-2026 23:54 Color:

डॉग्स खुलेआम क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं क्यों :SC

Rajesh.Choudhary @timesofindia.com

■ नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने कुत्तों के काटने की घटनाओं पर स्टेट अथॉरिटी से भारी मुआवजा दिलाने को लेकर निर्देश देने का संकेत दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने मंगलवार को कहा कि आवारा कुत्तों के हमलों से होने वाले किसी भी जख्म या मृत्यु के लिए न केवल सिविक अथॉरिटीज बल्कि कुत्तों को खाना खिलाने वालों पर भी दायित्व (liability) और जिम्मेदारी तय की जाएगी। अगर आप (डॉग लवर्स) इन जानवरों से इतना प्रेम करते हैं, तो उन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते? ये कुत्ते खुलेआम क्यों घूमते रहें, लोगों को काटें और डराएं क्यों? अगली सुनवाई अब 20 जनवरी को होगी। जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि कुत्ते के काटने की घटना, इससे बच्चों या बुजुर्गों की होने वाली मौत या जख्म के लिए हम राज्यों से भारी मुआवजा देने को कह सकते हैं। क्योंकि पिछले 5 साल में उन्होंने कुछ नहीं किया।

> अगली सुनवाई अब 20 जनवरी को होगी

जस्टिस मेहता ने कहा कि जब कुत्ते किसी 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं, तो किसे जवाबदेह ठहराया जाए? क्या उन्हें खाना खिलाने वाले संगठन को? क्या आप चाहते हैं कि हम इस समस्या से आंखें मूंद लें? कोर्ट उन कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें उसके 7 नवंबर 2025 के उस आदेश में संशोधन की मांग की गई है, जिसके तहत अथॉरिटी को संस्थानों और सड़कों से इन आवारा जानवरों को हटाने का निर्देश दिया गया था। कोर्ट ने कहा, गुजरात में एक वकील को पार्क में एक कुत्ते ने काट लिया। जब नगर निगम के अधिकारी कुत्ते को पकड़ने पहुंचे, तो खुद को डॉग लवर्स बताने वाले वकीलों ने ही निगम कर्मचारियों पर हमला कर दिया। अदालत ने कहा कि हम वकीलों से अनुरोध करते हैं कि हमें केंद्र, राज्य सरकारों और अन्य अथॉरिटी की जवाबदेही तय करने दें।

एक संगठन की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अरविंद दातार ने कहा, 7 नवंबर का आदेश पूरी तरह उचित है। कोई नई एक्सपर्ट कमिटी बनाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पहले से मौजूद समितियों की रिपोर्ट रिकॉर्ड पर है। इस पर जस्टिस मेहता ने कहा कि आप पहले व्यक्ति हैं जो आदेश के बचाव में आए हैं। एक पशु कल्याण ट्रस्ट की ओर से पेश हुए सीनियर वकील विकास सिंह ने अदालत से आग्रह किया कि इस मुद्दे को केवल मानव बनाम पशु के रूप में न देखा जाए, बल्कि इकोलॉजिकल बैलेंस के नजरिए से भी विचार किया जाए।



दिल्ली में पांच सालों में 4.28 लाख कुत्तों का स्टरलाइजेशन

Brijesh.singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : राजधानी में कुत्तों को हटाने और बचाने की चल रही लड़ाई के बीच उनकी आबादी को नियंत्रित करने के लिए पिछले पांच सालों में काफी उतार चढ़ाव देखने को मिले हैं। हालांकि, दिल्ली सरकार की एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते पांच सालों में दिल्ली नगर निगम ने 4.28 लाख कुत्तों की नसबंदी और एंटी-रेबीज टीकाकरण किया है, जिसमें सबसे अधिक रिकॉर्ड 1.31 लाख कुत्तों का स्टरलाइजेशन (नसबंदी) वर्ष 2024 में किया गया। दिल्ली सरकार के शहरी विकास विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2021-22 में जब कोविड का समय चल रहा था, उस समय भी एमसीडी ने 91,326 आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण किया। मगर, कोविड कम होने के साथ ही इसमें गिरावट दर्ज की गई और वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह संख्या घटकर फिर 57,076 रह गई, जिसमें 38 फीसदी की कमी दिखाई दी है। हालांकि कुत्तों के बढ़ते आतंक के बीच जब शोर मचा तो फिर 2024-25 में तेजी आई और इस साल कुल 1.31 लाख से अधिक कुत्तों की नसबंदी की गई। पिछले वर्ष 2023-24 की तुलना में 64 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी।

2025-26 में नवंबर तक कुल 68 हजार से अधिक कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद भी स्टरलाइजेशन में इस सुस्त रफ्तार पर एक अधिकारी ने बताया कि गर्मी और मॉनसूनी बारिश के दौरान नसबंदी-टीकाकरण में कमी आती है।

आज से करें हाउसिंग स्कीम-2026 में रजिस्ट्रेशन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : 14 जनवरी से डीडीए की प्रीमियम हाउसिंग स्कीम-2026 में फ्लैट लेने के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। बुधवार से इस स्कीम में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो रही है। रजिस्ट्रेशन से पहले साइट पर जाकर सैंपल फ्लैट भी देख सकते हैं। सैंपल फ्लैट देखने के लिए डीडीए ने बुधवार को साइटों पर मौजूद अपने अधिकारियों की लिस्ट उनके फोन नंबर के साथ जारी की है। फ्लैट की जानकारी और साइट पर मौजूद प्रोजेक्ट से जुड़ी किसी भी इन्फॉर्मेशन के लिए लोग इन अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। इस स्कीम में कुल 582 प्रॉपर्टी शामिल हैं। अलग-अलग इलाकों में एचआईजी, एलआईजी, एमआईजी, जनता और ईडब्ल्यूएस फ्लैट के साथ कार और स्कूटर गैराज भी स्कीम का हिस्सा हैं।

डीडीए के अनुसार, जसोला में सबसे ज्यादा 15 फ्लैट हैं। ये सभी एचआईजी कैटेगरी के फ्लैट हैं।

तनाव में मदद मांगना कमज़ोरी नहीं, हिम्मत की निशानी: AIIMS

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AIIMS दिल्ली में काम करने वाले कर्मचारियों और पढ़ने वाले छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संस्थान के डायरेक्टर की ओर से एक संवेदनशील और अहम संदेश जारी किया गया है। डायरेक्टर डॉ एम श्रीनिवास ने अपने संदेश में साफ कहा है कि AIIMS सिर्फ इलाज और पढ़ाई का संस्थान नहीं है, बल्कि एक ऐसा परिवार है जहां हर व्यक्ति का शारीरिक ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने साफ संदेश दिया है कि मदद मांगना कमजोरी नहीं, बल्कि ताकत की निशानी है। उन्होंने सभी कर्मचारियों और छात्रों से अपील की है कि जरूरत पड़ने पर मदद लें और अपने आसपास के लोगों का भी ध्यान रखें। सहानुभूति, सेवा, जानकारी और एकजुटता पर आधारित माहौल ही AIIMS की असली ताकत है।

> डिप्रेशन में कोई भी अकेला नहीं, मदद हर वक्त मौजूद: डॉ एम श्रीनिवास

पिछले दिनों मेडिकल प्रोफेशन के क्षेत्र से जुड़े लोगों में स्युसाइड के कई मामले सामने आए हैं, जिस पर हर तरफ चिंता जताई जा रही है। इस कड़ी में AIIMS के डायरेक्टर ने अपने संदेश में कहा है कि किसी भी कर्मचारी या छात्र को तनाव या मानसिक परेशानी का सामना अकेले नहीं करना चाहिए। अगर कोई तनाव, दबाव या डिप्रेशन महसूस कर रहा है तो AIIMS में मदद की मजबूत और आसानी से उपलब्ध व्यवस्था पहले से मौजूद है। उन्होंने कहा है कि AIIMS का मनोचिकित्सा विभाग पूरी गोपनीयता के साथ इलाज उपलब्ध कराता है। यहां अनुभवी विशेषज्ञ सेवाएं दे रहे हैं। AIIMS परिसर में स्थित वेलनेस सेंटर सोमवार से शनिवार तक काम करता है, जहां कर्मचारी और छात्र सहयोग ले सकते हैं। छात्रों के लिए खास तौर पर ग्लोबल सेंटर फॉर इंटीग्रेटिव हेल्थ के तहत 24 घंटे चलने वाली वेलनेस सेवा 'नेवर अलोन' शुरू की गई है।

BCG टीकाकरण में मां का दूध बना पेनकिलर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नवजात के लिए मां का दूध अमृत के साथ पेनकिलर भी है। वैक्सिनेशन के दर्द को कम करने में दवा से भी ज्यादा कारगर पाया गया है। दिल्ली के एक मैटरनिटी होम में रैंडमाइज्ड कंट्रोल ट्रायल में सामने आया है। स्टडी के अनुसार, नवजात को बीसीजी टीकाकरण के दौरान स्तनपान कराया गया, जो ओरल डेक्सट्रोज दवा देने की तुलना में कहीं ज्यादा प्रभावी पाया गया है।

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
(आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी)

[illegible]

क्र. सं.	परियोजना का नाम	स्पष्टीकरण मांगने की अंतिम तिथि	आरएफपी के उत्तर में प्रस्ताव जमा की अंतिम तिथि	आरएफपी प्रस्ताव खोलने का विवरण
1.	400 kV GSS [illegible] 765 kV GSS [illegible]	03.02.2026	18.03.2026, 1500 बजे तक (भा.मा.स.)	18.03.2026 को 1530 बजे (भा.मा.स.)

[illegible]

मुख्य कार्यपालक अधिकारी
आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
कोर - 4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003, भारत

Give a missed call on toll-free number 18002003004 to get our Apps



'मुद्दों को झुग्गीवासी को राहत न देने का बहाना नहीं बना सकते'

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली के राज्य उपभोक्ता आयोग (दिल्ली स्टेट कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमिशन) ने डीडीए की उस अपील को खारिज कर दिया, जिसमें लाजपत नगर से हटाई गई झुग्गी-बस्ती में रहने वाली एक महिला को वादे के अनुसार वैकल्पिक प्लॉट आवंटित करने और 30 हजार रुपये मुआवजे के रूप में देने के आदेश को चुनौती दी गई थी।

> राज्य उपभोक्ता आयोग ने DDA की अपील खारिज की

जिला उपभोक्ता आयोग के फैसले से सहमति जताते हुए राज्य आयोग ने कहा कि झुग्गीवासी को अनिश्चित काल के लिए अधिकारियों की दया पर नहीं छोड़ा जा सकता, खासकर जब उसकी झुग्गी तोड़े जाने के बाद से कई साल बीत चुके हैं। डीडीए को 'सेवा में कमी' का दोषी माने जाने को सही ठहराते हुए राज्य आयोग ने कहा कि 'डीडीए का अपना आश्वासन पूरा न करना गलत ही माना जाएगा। DSCDRC की अध्यक्ष जस्टिस संगीता ढींगड़ा सहगल की अगुवाई वाले मंच ने जिला आयोग के 2017 के फैसले के खिलाफ डीडीए की अपील को बीते साल 24 दिसंबर को खारिज किया। राज्य आयोग ने माना, बार-बार आश्वासन देने और जमा की गई रकम मिलने के बावजूद, डीडीए शिकायतकर्ता शकीला बेगम को वैकल्पिक प्लॉट देने में विफल रहा। शिकायतकर्ता गांधी कैंप, लाजपत नगर में रहती थीं, जिनकी झुग्गी हटाने के बदले में डीडीए ने उन्हें होलंबी कलां दिल्ली में 12 वर्ग गज का वैकल्पिक प्लॉट अलॉट करने का भरोसा दिया था।

Raymond upto 60% off

Extra fine Wool, Silk, Linen & Cotton Fabrics

FESTIVAL & WEDDING COLLECTION

SHIRTS • TROUSERS • BLAZERS
SUITS & ETHNIC WEAR

BY ECONOMY SALES (M): 9212758425

Raymond | PARK AVENUE | ColorPlus | parx | ARROW

- PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
- GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
- WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
- NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
- LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

तुर्कमान गेट हिंसा: 5 आरोपियों की ज़मानत पर आदेश सुरक्षित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

तीस हजारी कोर्ट ने पिछले हफ्ते तुर्कमान गेट पथराव मामले में पांच आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सर्वेश चड्ढा ने आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। दिल्ली पुलिस ने जमानत याचिकाओं का विरोध किया। दलील दी कि पुलिसकर्मियों पर हमला हुआ था। हत्या की कोशिश का आरोप जोड़ा गया है, जिसमें उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। इसके अलावा, जांच अभी शुरुआती दौर में है।

8 जनवरी को अदालत ने इन पांच आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा था। यह मामला फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान हुए पथराव से जुड़ा है। आरोपियों के नाम मोहम्मद आरिब, काशिफ, अदनान, मोहम्मद कैफ और समीर हैं।

दो और गिरफ्तार

तुर्कमान गेट हिंसा मामले में दो और गिरफ्तार किए गए हैं। उनकी पहचान तुर्कमान गेट निवासी 34 वर्षीय मोहम्मद इमरान और सीताराम बाजार निवासी 28 वर्षीय अदनान के तौर पर हुई है। अब तक इस हिंसा मामले में कुल 20 लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in